


# जागरूक टाइम्स


मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित
www.jagruktimes.co.in
वर्ष 21 | अंक-180 | मुंबई, रविवार, 26 जनवरी 2025 | मुंबई | पृष्ठ 12 | मूल्य ₹4













## दिल्ली चुनाव ▶▶ भाजपा का संकल्प पत्र 3.0 जारी

# 5 लाख तक का मुफ्त इलाज

▶▶ श्रमिकों को 10 हजार की वित्तीय सहायता

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को 'संकल्प पत्र' को जारी कर दिया। भाजपा ने तीन चरणों में अपना संकल्प पत्र जारी किया है। जिसमें दिल्ली की जनता से कई वादे किए गए हैं। संकल्प पत्र का तीसरा भाग केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जारी किया है।



### 'हम चुनाव को गंभीरता से लेते हैं'

अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा कि आज दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र का अंतिम हिस्सा जारी किया ला रहा है। जैसे कि भाजपा की परंपरा है, हम चुनाव को बहुत गंभीरता से लेते हैं, चुनाव को जनसंपर्क का माध्यम भी मानते हैं। चुनावों के माध्यम से बनने वाली सरकारों के नीति निर्धारण को निश्चित करने के लिए हम जनता के बीच जाकर चुनाव में भाजपा से उनकी क्या अपेक्षा है, ये जानकारी भी एकत्र करते हैं।

### कोरे वादे नहीं करती भाजपा

गृह मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा के लिए संकल्प पत्र विश्वास का सवाल होता है और करने वाले कामों की सूची होती है। ये कोरे वादे नहीं होते हैं। भाजपा ने जितने भी चुनावी वादे किए थे, उन्हें पूरा करने का गंभीरता से प्रयास किया है। इसलिए दिल्ली प्रदेश भाजपा ने महिलाओं, युवाओं, जेजे कलस्टर के निवासियों, असंगठित मजदूरों, मध्यम आय वर्ग, व्यापारियों, पेशेवरों के साथ नीचे तक जाकर सुझाव प्राप्त करने का काम किया है। अलग-अलग प्रकार के एक लाख 8 हजार लोगों ने अपने सुझाव दिए हैं। 62 प्रकार की अलग-अलग समूहों की बैठक की गई और 41 एलईडी वैन के माध्यम से हमने सुझाव मांगे।

### संकल्प पत्र-3 में कौन-कौनसे वायदे

अमित शाह ने कहा कि हमारी सरकार सत्ता में आती है तो दिल्ली में रेहड़ी-पटरी वालों को हमारी सरकार आर्थिक मदद देगी। इसके अलावा 1700 अनाधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को मालिकाना हक देंगे। साथ ही निर्माण और बेचने का अधिकार दिया जाएगा।

- यमुना रिवर फ्रंट का विकास करेंगे।
- दिल्ली में पांच लाख रुपए तक का फ्री इलाज देंगे।
- आयुष्मान योजना का लाभ देंगे।
- युवाओं को 50 हजार सरकारी नौकरी देंगे।
- 13 हजार बसों को ई-बसों में बदलेंगे।
- सील दुकानों को छह महीने में फिर से खुलवाएंगे।
- दुकानों को फ्री होल्ड करने का काम किया जाएगा।
- गिग श्रमिकों के लिए 5 लाख दुर्घटना बीमा दिया जाएगा। उनके बच्चों को छात्रवृति दी जाएगी।
- श्रमिकों को टूलकिट के लिए 10 हजार की सहायता, पंजीकृत श्रमिकों को लोन और दुर्घटना बीमा दिया जाएगा।

### केजरीवाल ने पूरे नहीं किए वादे

- दिल्ली में केजरीवाल ऐसी सरकार चला रहे हैं, जो वादे करते हैं, उन्हें पूरा नहीं करते हैं और फिर से झूठ के एक बहुत बड़े पुलिंदे और भोले से चेहरे के साथ जनता के सामने उपस्थित होते हैं। मैंने अपने राजनीतिक जीवन में इतनी सफाई से झूठ बोलने वाला व्यक्ति नहीं देखा।

### मोदी ने पैदा किया नया विश्वास

- देश में जहां-जहां चुनाव आया, जनता ने नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा को मैंडेट दिया। मोदी ने आज पूरे देश में एक विश्वास पैदा किया है कि लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को को बरकरार रखते हुए भी सर्वसमावेशी और सर्वस्पर्शी विकास संभव है।

## भारत को मिली बड़ी सफलता

# तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी

▶▶ हेडली के साथ मिलकर बनाया था हमले का प्लान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने मुंबई हमले के दोषी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। शीर्ष अदालत ने उसकी दोषसिद्धि के खिलाफ समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया है। भारत लगातार पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक राणा के प्रत्यर्पण की मांग कर रहा था, क्योंकि वह 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के मामले में वांछित है। राणा को एफबीआई ने अक्टूबर 2009 में गिरफ्तार किया था। यह राणा के लिए भारत को प्रत्यर्पित न किए जाने का आखिरी



कानूनी मौका था। इससे पहले वह अमेरिकी अपील न्यायालय सहित कई संघीय अदालतों में कानूनी लड़ाई हार गया था। 13 नवंबर को राणा ने अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के समक्ष "प्रमाण पत्र के लिए याचिका" दायर की। डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के एक दिन बाद 21 जनवरी को शीर्ष अदालत ने इसे अस्वीकार कर दिया।

### इस आधार पर राणा ने की थी अपील

राणा ने तर्क दिया कि उसे इलिनोइस (शिकागो) की संघीय अदालत में 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले से संबंधित आरोपों पर मुकदमा चलाया गया और बरी कर दिया गया था। भारत ने भी उन्हीं आरोपों के आधार पर प्रत्यर्पण की मांग की थी, जिनके आधार पर शिकागो की अदालत ने राणा को बरी कर दिया था।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस

# 'जागरूक मतदाता ही बनाते मजबूत लोकतंत्र'

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि मतदाताओं में अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय संकीर्णता, भेदभाव और प्रलोभनों से ऊपर उठने का दृढ़ संकल्प होना चाहिए। साथ ही लोकतंत्र में विश्वास भी होना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र को मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसएस संधू भी मौजूद रहे। 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चुनाव प्रक्रिया को बेहतर बनाने और उसे अधिक पारदर्शी बनाने के लिए नई तकनीकों और नवीनतम सॉफ्टवेयर का उपयोग करने के लिए चुनाव आयोग की तारीफ की। राष्ट्रपति ने कहा कि 'उन्हें विश्वास है कि भारतीय लोकतंत्र वैश्विक समुदाय के लिए उदाहरण स्थापित करना जारी रखेगा।'



▶▶ राष्ट्रपति ने चुनाव आयोग को सराहा

▶▶ एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों से मिले मोदी

# 'जवानों-किसानों-युवाओं से मिलती प्रेरणा और शक्ति'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गणतंत्र दिवस से पहले शनिवार को एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवकों, राष्ट्रीय रंगशाला शिविर के कलाकारों, आदिवासी मेहमानों और झांकी कलाकारों से बातचीत की। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के निवास स्थान लोक कल्याण मार्ग पर आयोजित किया गया। जहां पीएम मोदी ने सभी से



बातचीत की। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद थे।

### जिज्ञासाओं के दिए सटीक जवाब

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जब पूछा गया कि उन्हें प्रेरणा और शक्ति कहां से मिलती है, तो उन्होंने कहा, 'यह बहुत कठिन सवाल है। जब मैं आप जैसे युवाओं से मिलता हूं, तो मुझे ऊर्जा मिलती है। जब मैं आप सभी को देखता हूं, तो मुझे प्रेरणा मिलती है। कभी-कभी जब मैं देश के किसानों को याद करता हूं, तो मुझे लगता है कि वे कितने घंटे काम करते हैं, जब मैं देश के जवानों को याद करता हूं, तो मुझे लगता है कि वे कितने घंटे सीमा पर खड़े रहते हैं, हर कोई करता है और बहुत मेहनत करता है'।

## भारत-इंडोनेशिया के बीच कई क्षेत्रों में करार

# हमारा सहयोग और मजबूत होगा : मोदी

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने के लिए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भारत पहुंच चुके हैं। गुरुवार की रात को वे नई दिल्ली पहुंचे। जहां एयरपोर्ट पर विदेश राज्य मंत्री पावित्रा मार्गेरिटा ने उनका स्वागत किया। प्रबोवो सुबियांतो गणतंत्र दिवस में मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लेने वाले इंडोनेशिया के चौथे राष्ट्रपति हैं। उन्होंने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी और इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो की मौजूदगी में दिल्ली के हैदराबाद हाउस में भारत और इंडोनेशिया के बीच समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान हुआ।



### मोदी ने किया इंडोनेशियाई राष्ट्रपति का स्वागत

- कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने इंडोनेशियाई राष्ट्रपति का स्वागत किया। उन्होंने कहा, "भारत के पहले गणतंत्र दिवस के मौके पर इंडोनेशिया मुख्य अतिथि देश था और यह हमारे लिए गर्व की बात है कि भारत के 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर इंडोनेशिया एक बार फिर इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा है।

## न्यूज BRIEF

### बांके बिहारी मंदिर को एफसीआरए लाइसेंस

**मथुरा।** वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) के तहत लाइसेंस दिया गया है ताकि वह विदेशों से धन प्राप्त कर सकें। यह लाइसेंस के मिलने के बाद अब विदेशी भक्त मंदिर में खुलकर दान दे सकेंगे। मंदिर के संचालन के लिए कोर्ट द्वारा गठित प्रबंधन समिति ने इस लाइसेंस के लिए आवेदन दिया था। कोर्ट की मंजूरी के बाद इस आवेदन की प्रक्रिया पूरी की गई।

# उत्तरकाशी में फिर भूकंप के झटके

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी में शनिवार सुबह और शाम को फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। बीती शुक्रवार को भी तीन बार किए भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। 48 घंटे में सातवीं बार भूकंप के झटकों से लोग दहशत में आ गए। सुबह करीब 5 बजकर 48 मिनट पर भूकंप का झटका महसूस किया गया। भूकंप की तीव्रता 2.04 मापी गई। इसका केंद्र तहसील डुण्डा के ग्राम खुरकोट और भरणगांव के मध्य के वन क्षेत्र में था। फिलहाल जिले में कहीं से भी जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

**48 घंटे में सातवीं बार डोली धरती**

## महाराष्ट्र

# पुणे : रहस्यमय बीमारी की चपेट में 73 लोग

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में एक रहस्यमय बीमारी सामने आई है। अभी तक 73 लोग इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं। पुणे के तीन अस्पतालों ने इसको लेकर स्थानीय अधिकारियों को अलर्ट किया है। यह बीमारी नवजात शिशुओं को भी चपेट में ले रही है। महाराष्ट्र सरकार बीमारी को लेकर अलर्ट है, वहीं बात केंद्र सरकार तक पहुंच चुकी है। बताया गया है कि यह बीमारी गुलैन-बेर सिंड्रोम (जीबीएस) है। यह सिंड्रोम इंसान के इम्यून सिस्टम को निशाना बनाता है। राहत की बात यह है कि इस बीमारी का इलाज किया जा सकता है।

## बाबूलाल भंसाली के प्रयास रंग लाए

# सांचौर में रहेगा एडीएम कार्यालय

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** भंसाली इंजीनियरिंग पॉलीमर्स लिमिटेड के चेयरमेन एवं प्रबंध निदेशक बाबूलाल भंसाली की ओर से पिछले दिनों राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ मुलाकात के सकारात्मक नतीजे सामने आए हैं। राजस्थान सरकार की ओर से शनिवार को जारी आदेश में सांचौर में अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय के लिए स्वीकृति जारी कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि गत 17 जनवरी को लघु उद्योग भारती के संगठन सचिव प्रकाशचन्द्र गुप्ता के मार्गदर्शन में भंसाली इंजीनियरिंग पॉलीमर्स लिमिटेड के चेयरमेन एवं प्रबंध निदेशक बाबूलाल भंसाली ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री कार्यालय पर मुलाकात की थी। इस दौरान भंसाली की ओर से मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया था कि सांचौर को जिला बनाए रखा जाए, नहीं तो कम से कम सांचौर में अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय एवं जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थापित किया जाए।



### भंसाली पुनः देंगे प्रस्ताव

भंसाली इंजीनियरिंग पॉलीमर्स लिमिटेड के चेयरमेन एवं प्रबंध निदेशक बाबूलाल भंसाली ने बताया कि आगामी चार-पांच दिनों में राजस्थान सरकार को प्रस्ताव भेजकर सांचौर को पुनः जिला बनाने का प्रस्ताव देंगे।

ताकि सांचौर के दूरस्थ एवं नेहड़ इलाके के लोगों को अपनी बात रखने के लिए दूरदराज नहीं जाना पड़े। तब मुख्यमंत्री ने भंसाली को सकारात्मक प्रयासों का विश्वास दिलाया था। इसी कड़ी में राजस्थान सरकार की ओर से शनिवार को अधिसूचना जारी करते हुए सांचौर में अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय यथावत रखने के आदेश जारी किए गए हैं। भंसाली इंजीनियरिंग पॉलीमर्स लिमिटेड के चेयरमेन एवं प्रबंध निदेशक बाबूलाल भंसाली ने मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान सांचौर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय यथावत रखने का भी आग्रह किया था। उम्मीद की जा रही है कि राजस्थान सरकार सांचौर में एसपी ऑफिस कार्यालय खोलने पर भी गंभीरतापूर्वक विचार करेगी।




पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे

# जीएम ने की सांसदों के साथ समीक्षा बैठक



**मालीगांव।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के महाप्रबंधक चेतन कुमार वास्तव ने सिलीगुड़ी में 24 जनवरी को संसद सदस्यों के साथ एक समीक्षा बैठक की, जिनके संसदीय क्षेत्र में रेलवे का विकास कार्य इस जोन के अलीपुरद्वार और कटिहार रेल मंडलों द्वारा किए जाते हैं। इस बैठक में पश्चिम बंगाल, बिहार, असम और सिक्किम के सांसदगण उपस्थित थे। उपस्थित सांसदों में लोकसभा के तारिक अनवर (कटिहार), राजेश रंजन (पूर्णिया), प्रदीप कुमार सिंह (अररिया), डा. जयंत कुमार राय (जलपाईगुड़ी); राज्यसभा के सांसद दोरजी त्शेरिंग लेप्चा (सिक्किम), नगेंद्र रॉय (पश्चिम बंगाल); लोक सभा के सांसद मोहम्मद रकीबुल हुसैन (धुबरी), मनोज तिग्गा (अलीपुरद्वार), कार्तिक चंद्र पॉल (रायगंज) और जयन्त बसुमतारी (कोकराझार) मौजूद थे। बैठक में पू. सी. रेलवे के अलीपुरद्वार, कटिहार मंडलों और मुख्यालय के वरिष्ठ रेलवे अधिकारी भी उपस्थित थे। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के महाप्रबंधक ने सभी सांसदों का स्वागत करते हुए इस जोन द्वारा अलीपुरद्वार और कटिहार मंडलों के अधीन विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे विभिन्न विकास, नई लाइन और सर्वेक्षण कार्यों पर प्रकाश डाला। सेवाओं तथा सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए उपस्थित सभी जन प्रतिनिधियों के सुझावों और विचारों का स्वागत किया गया। महाप्रबंधक ने क्षेत्र के दर्शनार्थियों के लिए संचालित की गई कई फेस्टिव स्पेशल ट्रेनों के बारे में जानकारी प्रदान की।

▪ रेलवे के विकास कार्यों पर की चर्चा

### अमृत भारत स्टेशन योजना

महाप्रबंधक ने उक्त क्षेत्र में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किए जा रहे कई स्टेशनों का उल्लेख किया। सभी सांसदों ने रेलवे के उच्च अधिकारियों के साथ काफी उत्पादकतामूलक बातचीत की। सांसदों ने रेलवे कनेक्टिविटी के विस्तार और सुधार, यात्री सुविधाओं और स्टेशनों के अपग्रेडेशन आदि का सुझाव दिया।

### इंट्रूजन डिटेक्शन सिस्टम से कराया अवगत

उन्होंने सदस्यों को इंट्रूज़न डिटेक्शन सिस्टम से अवगत कराया, जिसके उपयोग से ट्रेन की चपेट में आने से पहले कई हाथियों के प्राण बचाने में सफलता मिल रही है, जब वे रेल पटरियों पर पहुंच जाते है। जीएम ने 'डिजिटल इंडिया' के विजन के अनुरूप कैशलेस लेनदेन को कारगर बनाने के लिए पू. सी. रेलवे में कई स्टेशनों के टिकट काउंटरों पर क्यूआर कोड मशीनों की शुरुआत के बारे में बताया। सांसदों को पूर्वोत्तर में चल रहे बिजलीकरण, दोहरीकरण और नई लाइन परियोजनाओं की मौजूदा स्थिति के बारे में भी जानकारी दी गई।

### सांसदों के अनुरोधों पर करेंगे विचार

महाप्रबंधक ने कहा कि नई सेवाओं/स्टॉपेज की शुरूआत के लिए सांसदों के सभी अनुरोधों पर उचित महत्व के साथ विचार किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रस्तावों को तैयार करते समय सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों और विचारों को अत्यधिक महत्व देते हुए समीक्षा की जाएगी। इस बैठक में हुए विचार-विमर्श से इस क्षेत्र के लोगों के लिए रेलवे विकास योजनाओं को अंतिम रूप देने में रेलवे को काफी मदद मिलेगी।

# शिवसेना (उबाठा) के कार्यक्रम में नहीं पहुंचे नेता

### फिर दरार की आशंका

**मुंबई।** शिवसेना उद्धव ठाकरे में एक बार फिर दरार की आशंका उठने लगी है। बताया जा रहा है कि शिवसेना-यूबीटी के कई नेता शिंदे गुट के साथ जुड़ने की तैयारी में हैं। अगर ऐसा हुआ तो फिर यह उद्धव ठाकरे के लिए बहुत बड़ा झटका होगा। हालांकि उद्धव ठाकरे का दावा है कि उनकी पार्टी का कोई भी नेता उन्हें छोड़कर नहीं जा रहा है। लेकिन इस दावे की पोल हाल ही में खुल गई। असल में बाला साहेब ठाकरे की पुण्यतिथि पर हुए कार्यक्रम से कई नेताओं, विधायकों और सांसदों ने दूरी बनाकर रखी। इसके बाद ही शिवसेना-यूबीटी को लेकर सवाल उठ रहे हैं। शिवसेना यूबीटी ने यह कार्यक्रम अंधेरी में आयोजित किया था। लेकिन इस कार्यक्रम में पार्टी विधायक, दिलीप सोपल, राहुल पाटिल, बाबाजी काले के साथ-साथ सांसद संजय देशमुख, नागेश पाटिल अश्तिकार, बंधु जाधव, ओम राजे निंबालकार और संजय दीना पाटिल भी नहीं पहुंचे।



पूर्व विधायक राजन साल्वी और वैभव नाइक भी कार्यक्रम में नहीं थे। साल्वी को लेकर अफवाहों का दौर तेज है कि वह यूबीटी छोड़कर शिंदे शिवसेना ज्वॉइन करने जा रहे हैं। साल्वी ने भी इन अफवाओं का खंडन नहीं किया है। शिवसेना और भाजपा दोनों तरफ से उन्हें अपने साथ लाने की कोशिश चल रही है।

### राउत ने दी सफाई

इस बीच यूबीटी नेताओं का कहना है कि इनमें से तमाम नेताओं को अन्य कार्यक्रमों में शामिल होना था। उन्होंने पार्टी को पहले ही बता दिया था कि वह इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकते। पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने भी इस मामले में बयान जारी किया है। उन्होंने कहाकि जो लोग पार्टी नेताओं की अनुपस्थिति पर सवाल उठा रहे हैं वह शिवसेना को जानते ही नहीं हैं। राउत ने कहाकि यह कार्यक्रम मुंबई के लिए था, इसलिए प्रदेश के अन्य नेताओं ने इसमें हिस्सा नहीं लिया।

# अष्टबंधन महा कुंभाभिषेकम् कल से

**मुंबई।** मुंबई के माटुंगा में स्थित अस्तिका समाज भगवान कार्तिकेय स्वामी का मंदिर पिछले 102 वर्षों से स्थापित है और इसकी ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है। मंदिर में प्रतिदिन पूजा होती है और आशीर्वाद लेने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रहती है। अस्तिका समाज ने भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने के लिए दिनांक 27 जनवरी से 2 फरवरी तक सात दिवसीय अष्टबंधन महा कुंभाभिषेकम का आयोजन किया है। अष्टबंधन महाकुंभाभिषेक एक वैदिक विधि है, जो 12 वर्षों में एक बार संपन्न होता है और इसका अत्यधिक आध्यात्मिक महत्व है। यह मंदिर में देवताओं की पुनर्संवर्धन प्रक्रिया और गोपुरम (बुरुज) के पवित्रीकरण का प्रतीक है, जो मंदिर की आध्यात्मिक ऊर्जा को पुनर्जीवित करता है। इस वर्ष भक्तों को इस विशेष अवसर का लाभ उठाने का सौभाग्य प्राप्त होगा। सर्वसाधकम् शिवगमरथनम, शिवगमकलानिधी, शिवश्री आर. सेल्वम भट्टर (उर्फ) कल्याणसुंदरशिवाचार्य और उनके 50 शिष्यों द्वारा महा कुंभाभिषेकम् किया जाएगा। सात दिनों तक भगवान श्रीमहागणपति, भगवान श्री शिव, भगवान श्री कार्तिकेय स्वामी और नवग्रह देवता की विशेष पूजा संपन्न होगी। इस महाकुंभाभिषेकम में देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे। प्रसिद्ध वैदिक विद्वानों द्वारा होमम (अग्नि विधि) संपन्न किया जाएगा, जो सार्वभौमिक शांति और समृद्धि के लिए दैवी आशीर्वाद प्रदान करता है। प्रमुख देवताओं को समर्पित दैनिक महाकुंभाभिषेकम की विस्तृत पूजा होगी। अन्नदानम (अन्न वितरण) के तहत हजारों भक्तों को निःशुल्क प्रसाद (पवित्र भोजन) वितरित किया जाएगा। यह सेवा ईश्वर की सेवा और समाज कल्याण के लिए की जाएगी। प्रत्येक दिन अन्नदान की व्यवस्था की गई है।

मराठी भाषा संवर्धन पखवाड़ा

# नमुंमनपा में गूंजी जयवंत दलवी की साहित्यिक स्मृतियां



**नवी मुंबई।** मानसशास्त्र के गहन अध्येता और प्रसिद्ध साहित्यकार जयवंत दलवी की कहानियां, उपन्यास, नाटक आदि साहित्यिक रचनाएं, मनुष्य के अंतर्मन में चलने वाली अदृश्य भावनाओं को प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत करती हैं। दलवी की पुस्तकें हमें समृद्ध मानव बनने की प्रेरणा देती हैं और इन्हें अवश्य पढ़ा और समझा जाना चाहिए। यह विचार लेखिका और व्याख्याता डा. निर्मोही फडके ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि दृश्यात्मक लेखन जयवंत दलवी की लेखनी की विशिष्टता है। मराठी भाषा संवर्धन पखवाड़े के अवसर पर नवी मुंबई मनपा द्वारा मनपा आयुक्त डा. कैलास शिंदे के मार्गदर्शन में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस वर्ष प्रसिद्ध मराठी साहित्यकार जयवंत दलवी की जन्मशताब्दी होने के कारण उनके साहित्य पर केंद्रित विशेष कार्यक्रम 'स्मरणखुणा : जयवंत दलवी' आयोजित किया गया। पखवाड़े के आगामी कार्यक्रम 28 जनवरी को आयोजित होंगे। मराठी भाषा को अभिजात भाषा का दर्जा मिलने की पृष्ठभूमि में 'अभिजात मराठी की आगामी दिशा' विषय पर सुबह 11 बजे मनपा के अधिकारी और कर्मचारियों के लिए वक्तृत्व स्पर्धा आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के बाद, शाम 4 बजे, स्वकविता वाचन, अभिवाचन और वक्तृत्व स्पर्धा के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

# अकोला में बने 15000 से ज्यादा फर्जी जन्म प्रमाण पत्र

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव के बाद राज्य में जाति प्रमाण पत्रों के लिए दो लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें सभी नाम बांग्लादेशी व्यक्तियों के हैं। साथ ही, लोकसभा चुनाव में राज्य में महाविकास आघाड़ी को अधिक सीटें मिलने के बाद जन्म प्रमाण पत्रों के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या बढ़ गई है। यह आरोप भाजपा नेता किरीट सोमैया ने लगाया। जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1961 में 10 सितंबर 2023 की सरकारी अधिसूचना के अनुसार संशोधन किया गया है, जिसमें देरी से जन्म और मृत्यु पंजीकरण के अधिकार जिलाधिकारी और उपविभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं। इसके तहत अकोला जिले में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्रों के लिए 15,845 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से सातों तहसीलों में 10,273 जन्म प्रमाण पत्रों का वितरण तहसीलदारों द्वारा किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव के बाद राज्य में फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर जन्म प्रमाण पत्रों के लिए आवेदनों की संख्या बढ़ी है। अब तक प्राप्त दो लाख आवेदनों में सभी नाम बांग्लादेशी व्यक्तियों के हैं। इस दौरान विधायक रणधीर सावरकर, विधायक वसंत खंडेलवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष किशोर मांगटे-पाटील, महानगर अध्यक्ष जयंत मसने, विजय अग्रवाल आदि उपस्थित थे। लोकसभा चुनाव के बाद राज्य में जन्म प्रमाण पत्रों के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। इसे 'वोट जिहाद' करार देते हुए किरीट सोमैया ने कहा कि यह हमारे लिए राष्ट्रीय सुरक्षा का विषय है। राज्य के मालेगांव (धुलिया) में जन्म प्रमाण पत्र वितरण घोटाला उजागर हुआ था, जिसमें दो अधिकारियों को निलंबित किया गया है। किरीट सोमैया ने कहा है कि उन्होंने जाली दस्तावेजों के जरिए महाराष्ट्र के अकोला जिले से जन्म प्रमाण पत्र/रिकॉर्ड हासिल किया है। अकोला जिले में 15,845 बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को जन्म प्रमाण पत्र जारी करने में घोटाला हुआ है।



# दोपहिया वाहन पर गिरा सीमेंट मिक्सर, दो छात्राओं की मौके पर मौत

**पुणे।** सीमेंट मिक्सर ट्रक के पलटने से दो छात्राओं की मौके पर ही मौत हो गई। बीसीए और एमसीए की पढ़ाई कर रही ये छात्राएं स्कूटी पर सवार थीं, जब अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इस दौरान चपेट में आने से से दो कॉलेज छात्राओं की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा साखरे पाटिल चौक के पास हुआ। इस घटना का वीडियो इलाके में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया है। पुलिस के अनुसार, ड्राइवर अमोल वाघमारे अचानक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे भारी भरकर सीमेंट मिक्सर वाहन मोड़ पर पलट गया। इस दौरान सामने से गुजर रही स्कूटी चपेट में आ गई। स्कूटी पर दो छात्राएं सवार थीं, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई।

# बहन को मिलने आई बांग्लादेशी महिला गिरफ्तार

**ठाणे।** एक महिला 30 साल पहले बांग्लादेश से भारत आई, शादी की बच्चे हुए और वह भारतीय बन गई। लेकिन उसका परिवार बांग्लादेश में है। उसकी बहन अपनी बहन से मिलने के लिए भारत में घुस आई और कलवा पुलिस के हत्थे चढ़ गई। कलवा पुलिस ने उसके खिलाफ अवैध प्रवेश का मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के बाद उसे अब बांग्लादेश वापस भेज दिया जाएगा। हालांकि, बेटे की बांग्लादेशी मां तीस साल पहले भारत आई और ठाणे जैसे शहर में बस गई। उन्होंने ठाणे में एक भारतीय व्यक्ति से विवाह किया। जल्द ही उनके बच्चे हुए। बच्चे भी बड़े हो गए। भारत आने के बाद से लेकर अपने बच्चों के बड़े होने तक 30 वर्षों में वह महिला कभी अपने परिवार से मिलने नहीं गई। हालांकि, बहन की शादी के बाद भारतीय नागरिक बन गई। उसे ठाणे के कलवा इलाके के शांति नगर इलाके से गिरफ्तार किया गया, जो उससे मिलने आई था। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सतीश उतेकर ने बताया कि गिरफ्तार महिला का नाम खालिदा बेगम है। फिलहाल, बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ने के लिए ठाणे में एक विशेष अभियान चल रहा है।

# मध्य रेल : पुणे-सीएसएमटी के बीच अनारक्षित विशेष ट्रेनें

**पुणे।** मध्य रेलवे ने पुणे और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई के बीच अनारक्षित विशेष ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। 01406 पुणे-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई अनारक्षित विशेष ट्रेन 27.01.2025 को पुणे से 00.05 बजे रवाना होगी और उसी दिन 04.10 बजे मुंबई पहुंचेगी। 01405 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई-पुणे अनारक्षित विशेष ट्रेन 27.01.2025 को मुंबई से 07.35 बजे रवाना होगी और उसी दिन 11.55 बजे पुणे पहुंचेगी। यह पिंपरी, चिंचवड़, लोनावाला, कर्जत, कल्याण, ठाणे और दादर स्टेशनों पर ठहरेगी। इसमें कुल 24 आईसीएफ कोच, दो एसी 3 टियर, 20 स्लीपर क्लास और 2 लगेज सह गार्ड ब्रेक वैन शामिल हैं।



पुणे में भीषण हादसा

# खड़ी बस से टकराई कार, दो युवकों ने मौके पर ही तोड़ा दम

▪ बर्थडे पार्टी से लौट रहे सभी



**पुणे।** पुणे के नवले पुल के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लिया। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे की तस्वीरें दिल दहला देने वाली हैं। इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार, यह हादसा सुबह करीब 5:30 बजे बाहरी रिंग रोड पर वडगांव ब्रिज के पास हुआ। यहां तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने सड़क किनारे खड़ी बस को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। कार में छह युवक सवार थे, जो जन्मदिन की पार्टी से लौट रहे थे। हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों के नाम की पुष्टि अभी नहीं हुई है।

हादसे में घायल हुए चार युवकों को तुरंत नवले अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें एक प्राइवेट अस्पताल में रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान 19 वर्षीय सोहम, 20 वर्षीय आयुष काटे, 19 वर्षीय अथर्व झेडगे, 19 वर्षीय प्रतीक बंडगर और 19 वर्षीय हर्ष वरे के रूप में हुई है। डाक्टरों के अनुसार, चारों घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पुलिस के अनुसार, कार की तेज रफ्तार और ड्राइवर का नियंत्रण खो देना इस दुर्घटना की प्रमुख वजह हो सकती है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सड़क किनारे खड़ी बस को देखकर कार ड्राइवर समय रहते रुक नहीं पाया, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के कारणों की गहन जांच की जा रही है।

# दाऊद इब्राहिम, नीरव मोदी को भी लाया जाए भारत : राउत

**मुंबई।** मुंबई आतंकी हमलों में दोषी ठहराए गए तहव्वुर हुसैन राणा की याचिका को अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है, जिससे उसके भारत में प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हो गया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने शनिवार को कहा कि अब समय आ गया है कि धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों का सामना कर रहे नीरव मोदी को भारत वापस लाया जाए। उन्होंने कहा कि गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और टाइगर मेमन समेत अन्य भगोड़ों को भी वापस लाया जाना चाहिए। राउत ने कहा, "यह एक न्यायिक प्रक्रिया है। ऐसी न्यायिक प्रक्रियाएं चलती रहती हैं। अब नीरव मोदी को लाना है, दाऊद को लाना है, टाइगर मेमन को लाना है। सूची लंबी है। उन अपराधियों ने भारत में अपराध किया और वे वहीं रह रहे हैं। भारत सरकार ने उनके प्रत्यर्पण के लिए कहा है। यह अच्छा है कि (यूएस) सुप्रीम कोर्ट ने अनुमति दे दी है।'' इस बीच, शिवसेना सांसद नरेश म्हास्के ने कहा कि तहव्वुर हुसैन राणा की याचिका को सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज किया जाना भारत सरकार के लिए एक बड़ी जीत है। तहव्वुर हुसैन राणा 26/11 हमलों का मुख्य आरोपी है। भारत सरकार आरोपी को भारत वापस लाने की कोशिश कर रही थी। यह भारत सरकार के लिए एक बड़ी जीत है। उसके वापस आने के बाद हमें मामले की जांच के लिए और जानकारी मिलेगी।" पाकिस्तानी मूल के व्यवसायी तहव्वुर हुसैन राणा को मुंबई में 26/11 के हमलों में उनकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया गया था, जिसके परिणामस्वरूप 164 लोग मारे गए थे। अब ताहिर का भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है। राणा के सह-षड्यंत्रकारियों में अन्य लोगों के अलावा डेविड हेडली भी शामिल था। हेडली ने भी अपना अपराध स्वीकार किया है।




## सार्वजनिक सूचना

**जिन्हें संबंधित हो, उनके लिए**

**विषय :** मोहम्मदन कानून और अन्य लागू कानूनों के अंतर्गत श्रीमती नज़रीन बेगम पत्नी ज़ियाउल हक के नाम सभी चल और अचल संपत्तियों के हस्तांतरण और स्वामित्व की घोषणा।

**श्रीमती नज़रीन बेगम पत्नी ज़ियाउल हक,** निवासी **कमरा नं. ३/३८, खीमजी नागजी चॉल, एस. बी.रोड, लोअर परेल, मुंबई- ४०००१३,** के निर्देशानुसार यह सार्वजनिक सूचना जारी की जा रही है। इस सूचना का उद्देश्य उनके स्वामित्व को मान्यता देना और भारत में स्थित सभी चल एवं अचल संपत्तियों का हस्तांतरण संबंधित सरकारी विभागों, वित्तीय संस्थानों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों से कराना है।

**स्वर्गीय शमीम सिद्दीकी,** जो श्रीमती नज़रीन बेगम के मामा थे, ने अपनी जीवनकाल में **१८/१२/२०२१ को पंजीकृत वसीयत (पंजीकरण संख्या २६६/२०२१, ज़िला कौशांबी, उत्तर प्रदेश)** तैयार की थी। इस वसीयत के माध्यम से उन्होंने अपनी सभी चल और अचल संपतियाँ श्रीमती नज़रीन बेगम के नाम कर दी थीं। इसके अतिरिक्त, **१६/०२/२०२४ को उन्होंने मोहम्मदन कानून के तहत मौखिक हिबा (उपहार)** भी किया। इस हिबा में सभी कानूनी शर्तें पूरी की गईं, जैसे: दाता द्वारा घोषणा, प्राप्तकर्ता द्वारा स्वीकारोक्ति, और संपत्ति का हस्तांतरण।

**संपत्ति का विवरण:**

**अचल संपत्ति:**

- **त्रिशूल बिल्डिंग नं. २, कमरा नं. ४२७, चौथी मंज़िल, सीताराम जाधव मार्ग, लोअर परेल वेस्ट, मुंबई- ४०००१३।**
- **कमरा नं. ३८, पहली मंज़लि, प्लॉट नं. 463S/3, खीमजी नागजी चॉल, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई- ४०००१३।**
- **कमरा नं. ४३२, चौथी मंज़िल, तपोवन सेनापत्ति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई- ४०००१३।**
- भारत में स्वर्गीय शमीम सिद्दीकी के नाम दर्ज अन्य कोई भी अचल संपत्ति।

**चल संपत्ति:**

- स्वर्गीय शमीम सिद्दीकी के नाम भारत में स्थित सभी बैंक खाते एवं सावधि जमा (FD)।
- सभी बीमा पॉलिसी एवं उनके लाभ।
- सोना, चाँदी, हीरे और अन्य बहुमूल्य आभूषण।
- वाहन, निवेश, बॉन्ड और अन्य वित्तीय साधन।
- संपत्ति से संबंधित सभी मूल कागजात एवं अन्य बहुमूल्य वस्तुएँ।

**हस्तांतरण के लिए अनुरोध:**

इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से **सभी सरकारी विभागों, वित्तीय संस्थानों, MHADA, MCGM, MMRDA, महाराष्ट्र सरकार, ज़मीन मालिकों और अन्य संबंधित व्यक्तियों एवं संस्थाओं** से यह अनुरोध किया जाता है कि वे उपरोक्त सभी संपत्तियों का स्वामित्व, पंजीकरण और हस्तांतरण **श्रीमती नज़रीन बेगम पत्नी ज़ियाउल हक** के नाम करें। वे स्वर्गीय शमीम सिद्दीकी की वैध उत्तराधिकारी, वसीयत की लाभार्थी और हिबा प्राप्तकर्ता हैं।

**आपत्ति की समय सीमा:**

किसी भी व्यक्ति, विभाग या संस्था को यदि उपरोक्त संपत्तियो के हस्तांतरण के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन के **१५ दिनों के भीतर** निम्न पते पर लिखित रूप में सूचित करें। यदि इस अवधि के भीतर कोई आपत्ति नहीं की जाती है, तो यह माना जाएगा कि कोई आपत्ति नहीं है और संबंधित विभागों द्वारा हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त संपत्तियों पर अवैध दावा करता है या हस्तक्षेप करता है, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**दिनांक : २६.०१.२०२५**

**हस्ता/-**
**मनोज जैसवाल ॲन्ड असोसिएटस्**
उच्च न्यायालय के अधिवक्ता
**पता:** १३०, दुसरी मज़िल, बिल्डिंग नं. २३, ग्रेट वेस्टर्न बिल्डिंग, एमसीसी लेन, काला घोड़ा, मुंबई- ४०००११।
**संपर्क करें :** + ९१ ९३२३२६१०३४ | **ईमेल:** advmpj@gmail.com

**इनके ओर से प्रकाशन हेतु जारी किया :**
श्रीमती नज़रीन बेगम पत्नी ज़ियाउल हक
पता: कमरा नं. ३/३८, खीमजी नागजी चॉल, एस. बी. रोड, लोअर परेल, मुंबई- ४०००१३।



## जगजीवन राम हॉस्पिटल, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 में मानदेयी अतिथि स्पेशलिस्ट/सुपर स्पेशलिस्ट की नियुक्ति

**अधिसूचना**

जगजीवन राम हॉस्पिटल पश्चिम रेलवे में संविदा आधार पर विभिन्न विभागों में मानदेयी अतिथि स्पेशलिस्ट/सुपर स्पेशलिस्ट (डॉक्टर्स) की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित है।

ऑफलाइन आवेदन कमरा नं. 22, भुतल, स्थापना कार्यालय, जगजीवन राम हॉस्पिटल में 03.02.2025 से 08.02.2025 तक 10.00 बजे से 16.00 बजे के बीच स्वीकार किए जाएंगे। **निर्धारित दिनांक पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं होंगे।**

रेलवे बोर्ड के पत्र क्र. 2014/एच-1/12/8/एचवीएस/पॉलिसी दि. 19.06.2018 के निर्देशानुसार दस्तावेजों की जांच के आधार पर चयन किया जाएगा। **साक्षात्कार का आयोजन नहीं होगा।**

स्पेशलिस्ट/सुपर स्पेशलिस्ट के विभाग/शाखा/पदों की संखया/साप्ताहिक कार्य के घंटे तथा मानदेया का विवरण इस प्रकार है:

| क्र. सं. | विभाग | स्पेशलिस्ट/सुपर स्पेशलिस्ट की शाखा | कुल पद | साप्ताहिक कार्य के घंटे/दिन | मानदेय (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मेडिसीन विभाग | डर्मेटोलॉजी (स्पेशलिस्ट) | 01 | 02 घं/04 दिन सप्ताह में | रु. 32000/- प्र.मा. |
| 2. | मेडिकल आँकोलॉजिस्ट | आँकोलॉजिस्ट (सुपर स्पेशलिस्ट) | 01 | 02 घं/04 दिन सप्ताह में | रु. 40000/- प्र.मा. |
| 3. | एंडोक्रिनालॉजी | एंडोक्रिनोलॉजी (सुपर स्पेशलिस्ट) | 01 | 02 घं/02 दिन सप्ताह में | रु. 20000/- प्र.मा. |
| 4. | ओबीजीवाय | ओबीजीवाय (स्पेशलिस्ट) | 01 | 02 घं/02 दिन सप्ताह में | रु. 16000/- प्र.मा. |
| 5. | एनेस्थेशिया/पैन क्लिनिक | एनेस्थेशिया/पैन क्लिनिक (स्पेशलिस्ट) | 01 | 02 घं/04 दिन सप्ताह में | रु. 48000/- प्र.मा. |
| 6. | पैथॉलॉजी मायक्रोबायोलॉजी | मायक्रोबॉयोलॉजी (स्पेशलिस्ट) | 01 | 02 घं/06 दिन सप्ताह में | रु. 78000/- प्र.मा. |

**चयन प्रक्रिया:** चयन प्रक्रिया संपन्न करने हेतु जोनल रेलवे/पीसीएमडी द्वारा एमडी/एमएस/प्रभारी के नेतृत्व में तीन डॉक्टरों की स्टैंडिंग समिती का गठन किया जाएगा। जोन के महाप्रबंधक मानदेयी अतिथि स्पेशलिस्ट/सुपर स्पेशलिस्ट की नियुक्ति हेतु सक्षम अधिकारी होंगे।

**पात्रता मापदंड एवं अनुभव:**

सुपर स्पेशलिस्ट: डीएम/एमसीएच या समान पोस्ट डॉक्टरल योग्यता ही न्यूनतम पात्रता होगी।

स्पेशलिस्ट: मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि। पीडी डिग्री प्राप्ति पश्चात संबंधित विशेषज्ञता संबंधित प्रोफेशनल कार्य में न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव।
पीजी डिग्री के साथ उपयुक्त उममीदवार की अनुपलब्धता की दशा में पीजी डिप्लोमा प्राप्ति पश्चात संबंधित विशेषज्ञता संबंधित प्रोफेशनल कार्य में न्यूनतम 05 वर्ष के अनुभवी पीजी डिप्लोमाधारियों को अवसर दिया जाएगा।

आयु: प्रथम नियुक्ति हेतु प्राथमिक आयु 30 वर्ष से 64 वर्ष होगी। निरंतर नियुक्ति हेतु ऊपरी आयु सीमा 65 वर्ष तक होंगी।

नोट: उक्त अंकित कार्यकारी घंटो के अतिरिक्त, उन्हें रविवार तथा अवकाश दिवसों (04 दिन/02 दिन/सप्ताह)सहित किसी भी दिन किसी भी समय आकस्मिकता हेतु जबभी बुलाया जाए, आना होगा।

आवेदक का रहवासी स्थान जगजीवन राम हॉस्पिटल, मुंबई स्थान से 10 किमी की परिधि में होना चाहिए। जेआर हॉस्पिटल, प.रे. मुंबई सेंट्रल में नियुक्त मानदेयी अतिथि स्पेशलिस्ट की सेवाएं एक वर्ष पश्चात रेल प्रशासन की आवश्यकतानुसार समय-समय पर सक्षम अधिकारी द्वारा निर्देशित एचवीएस (ऑनररी विजिटिंग स्पेशलिस्ट) योजना विस्तारण के आधार पर विचारणीय होगी।

**नियुक्ति की समाप्ति:** नियुक्ति का समापन किसी भी समय पर किसी भी पक्ष द्वारा एक माह की नोटीस पर किया जा सकेगा। प्रशासन के पास ऐसे समापन हेतु कोई भी कारण नहीं बताने का अधिकार सुरक्षित है। मानदेयी अतिथि स्पेशलिस्ट की नियुक्ति हेतु अन्य सभी नियम एवं शर्तें अपरिसर्तीत रहेंगे एवं संशोधन समय-समय पर अधिसूचित किए जाएंगे।

अधिक जानकारी हेतु प. रेलवे की वेबसाइट **wr.indianrailways.gov.in** देखें एवं समाचार एवं भर्ती विभाग तथा **फोन नं.** 022-67643180 पर संपर्क करें।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly 1013



MAHAVITARAN
Maharashtra State Electricity Distribution Co. Ltd.

**E-Tender Notice. Dated 24.01.2025**

Tender is invited from reputed & registered contractors for following works.

| Sr. No. | Tenders published by Panvel Urban Division | Sale Period |
|---|---|---|
| 1 | EE/PNL-U/T/BM HT FY 25-26/T-25 | 20.01.2025 to 09.02.2025 |
| 2 | EE/PNL-U/T/BM LT FY 25-26/T-26 | |
| 3 | EE/PNL-U/T/BM DTC FY 25-26/T-27 | |
| 4 | EE/PNL-U/T/NSC FY 25-26/T-28 | |

For more details and ammendments, please visit web site: https://works.mahadiscom.in/eTender/etender

**PRO NO: 162**
**email date:24.01.2025**

**Executive Engineer(O&M)**
**Panvel Urban Division, MSEDCL**



## स्टोर्स ई-प्रॉक्योरमेन्ट

**निविदा सूचना संख्या: S/66/019/24-25, दिनांक: 22-01-2025.** निम्नवर्णित कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

**क्र.सं.:1; निविदा संख्या: NJ255038;**
**बंद होने/खोलने की तिथि: 20-02-2025.**

**संक्षिप्त विवरण:** 1600 एचपी डीपीसी के लिए टर्बो चार्जर, निर्माटा-कैट और कैट पार्ट नंबर 3284258.

कॉन्साइनी:- एसएसई/डीईएमयू/आईसी/सिलीगुड़ी जंक्शन। **मात्रा** : 1 संख्या।

**टिप्पणी:** निविदा सूचना और निविदा दस्तावेजों के पूर्ण विवरण के लिए, निविदाकर्ता वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर लॉग ऑन कर सकते हैं। संभावित बोलीकर्ता जो उपरोक्त निविदाओं में भाग लेने का इरादा रखते हैं, उन्हें उपरोक्त वेबसाइट पर स्वयं लॉग इन करना होगा और इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा, यदि वे पहले से ही **आईआरईपीएस** के तहत पंजीकृत हैं। यदि वे **आईआरईपीएस** के साथ पंजीकृत नहीं है, तो उन्हें सलाह दी जाती है कि वे भारत सरकार के आईटी अधिनियम 2000 के अधीन प्रमाणन एजेन्सियों से श्रेणी-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र प्राप्त करें और निविदाओं में भाग लें।

**उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, न्यू जलपाईगुड़ी**

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban

₹2.5 Lakhs Subsidy available under PMAY for EWS Category

CIDCO
WE MAKE CITIES

# A Regal Abode for Perfect Life

## A Harmonious Living, Centred for you



This is for the representative purpose



Artistic Impression

Your final opportunity to embrace Kharghar's Elite lifestyle. A unique blend of breath taking hill vistas, lush greenery, luxurious amenities, come together for an exclusive experience of royal Grandeur...

| Towers | | Units | Configuration | Category | Carpet Area |
|---|---|---|---|---|---|
| Floors | No.of Buildings | | | | |
| Stilt + 15<br>Stilt + 7 | 14+3 | 1803 | 2 BHK | LIG B | 540 sq.ft. |

**Project Amenities**: Kid's Play Area | Lawn | Ample Parking | Fitness centre | Gazebo | Seating area | Basketball court

Affordable 2 BHK Homes available for everyone in Navi Mumbai, Near Kharghar Railway Station

**Starting from just ₹ 97.2 Lakhs**

**Register Online Today and Submit Your 15 Preferences**

Floor rise @ ₹ 10/- per sq. ft. per floor from 6th floor and above is applicable for LIG category.

For Online Registration, scan QR code

**Registration Open**

HELPLINE NO. **+91 99308 70000** | **+91 80623 68000** | Home loan available from leading banks

Visit **https://cidcohomes.com** on regular basis to know the updates

The RERA numbers of the above projects can be seen on this website https://maharera.maharashtra.gov.in/

Follow us on - @Cidco Ltd | @cidco_ltd | @Cidco_Ltd | CIDCO Ltd.

Kharghar Station P520000032944

Disclaimer: The amenities, specifications, facilities, surrounding infrastructure, stock images and features shown and/or mentioned and the image renders used herein are purely indicative and for representational purposes and may differ from the actuals. Photographs of interiors, surroundings or location are digitally enhanced unless otherwise mentioned. Not all photos may have been shot at site. Products, features, light fittings, pictures, images, etc. shown as illustrations are for reference only. The colours, shades of walls, tiles etc. shown in the images are for the purpose of representation only and may vary upon actual construction. Terms & conditions apply.

CIN-U99999 MH 1970 SGC-014574 www.cidco.maharashtra.gov.in CIDCO/PRO/419/2024-25

# जल जीवन मिशन में अनियमितता का मुद्दा गर्माया

**▶▶ पंचायत समिती की साधारण सभा**



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कल्याणपुर।** कस्बे के पंचायत समिति सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति की साधारण बैठक प्रधान श्रवणसिंह राजपुरोहित की अध्यक्षता में आयोजित हुई। विकास अधिकारी महेशसिंह ने गत बैठक कार्रवाई का अनुमोदन कर कार्रवाई शुरू की। गत बैठकों में बिजली विभाग व जलदाय विभाग के शिकायतों का निस्तारण नहीं होने को लेकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जाहिर कर जिला स्तर के सक्षम अधिकारियों को उपस्थित रहने की मांग की गई। पंचायत समिति सदस्य धोकलराम, बन्नाराम जाणी, जोगसिंह कांकराला, हरीसिंह सुरपुरा, रोड़वा प्रशासक पूरणराम, नेवरी प्रशासक पीराराम महिया, कुड़ी प्रशासक मानाराम पालीवाल, ढाणी सांखला प्रशासक मेहताबसिंह करनोत, मूल की ढाणी प्रशासक हनुमानसिंह, बलाऊजाटी प्रशासक मूलाराम मूंढ़, भोपालसिंह मंडली ने जेजेएम योजना मे पड़े अधूरे कार्य को पूरा करवाने व वंचित ढाणियों को पेयजल से जोड़ने को लेकर पीएचईडी के अधिकारियों को खरी खोटी सुनाई। कल्याणपुर प्रशासक दौलाराम कुआं ने जनता जल मिशन में प्रोजेक्ट, विभाग के अधिकारी व ठेकेदार बंदर बांट करने में लगे हुए हैं, अनियमितता से कार्य करते हुए सरकार को चुना लगा कर अधूरा काम छोड़ दिया गया। समिति की पिछली बैठकों में भी जनता जल मिशन को लेकर शिकायतें की गई कि ठेकेदारों के खिलाफ पीएचईडी के अधिकारियों को जांच करने की मांग की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। बिजली विभाग के अधिकारियों के कार्यशैली पर सवाल जबाव किए गए कि शिकायतों के बावजूद जर्जर पोल, ढीले तार, गलत बिजली बिल, वंचित ढाणियों में कनेक्शन अभी तक नहीं किए गए। लाइनों के रखरखाव करने वाले ठेकेदार के अवैध वसूली पर नकेल कसने की मांग की गई। स्कूलों में रिक्त पदों को भरने या वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की गई।

# मनकामनेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक, गूंजीं वेद ऋचाएं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जोधपुर।** भूतेश्वर वन क्षेत्र स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर में जनकल्याण के लिए वैदिक ऋचाओं के बीच विधि विधान से रुद्राभिषेक किया गया। पं अशोक शास्त्री के अनुसार पं जीवनकिशोर जोशी एवं रोहित जोशी के आचार्यत्व में वेदपाठी पंडितों ने गणपति पूजन एवं रुद्राभिषेक किया। भजन गायक गणपत जोशी, राजेंद्र व्यास, विजेश व्यास, प्रकाशकुमार, हरीश भाटी, बाबूलाल सेन एवं शिवराम समेत अन्य ने भगवान शिव को समर्पित एक से बढक़र एक भजनों की प्रस्तुतियां दी। आचार्य पं अशोक दवे ने अयोध्या में श्रीराम लला की स्थापना दिवस पर सनातन धर्म की आस्था अनुसार मंदिर बनने पर हर्ष व्यक्त किया।





इस दौरान भानुकुमार दवे, शेखरकुमार, गौतम दवे, सुधाकर दवे, योगेश्वर त्रिवेदी, श्रीमती संतोष त्रिवेदी, गिरिजा दवे, मनीष त्रिवेदी, यज्ञ त्रिवेदी, डीडी त्रिवेदी, अनिलप्रकाश गोड, कुलदीप देवड़ा, विष्णुदत्त बिस्सा, कैलाशकुमार, सुरेश व्यास, जसवंतराज जैन, सुरेन्द्र कच्छवाह, नरेंद्र वैष्णव, भंवरसिंह सिसोदिया, शैतानसिंह, राजेंद्र वैष्णव, परमेश्वर चौधरी, भरत अग्रवाल, गोपाल गोस्वामी, नारायण माली, रमेशकुमार समेत कई श्रद्धालु मौजूद थे। इस मौके पर महादेव परिवार का विशेष शृंगार कर पूजा अर्चना की गई।

**नई सोच, नई उड़ान**

# शिक्षा में पिछड़े विद्यार्थियों के प्रोत्साहन की नवीन पहल

**▶▶ प्रथम चरण में पांच लाख रूपए से प्रोत्साहन राशि भेंट**
**▶▶ विदेश में सफलता के मुकाम हासिल कर चुकी शख्सियतों से गांव के विद्यार्थीयों का सीधा संवाद**




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर ।** शिक्षा में पहले पिछड़े लेकिन इस समय पढ़ाई में उल्लेखनीय सुधार लाने वाले प्रेरक विद्यार्थीयों के लिए ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान व रूमा देवी फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से "नई सोच, नई उड़ान" नामक विशेष कार्यक्रम का आयोजन आरंभ किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना है, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों के बावजूद पढ़ाई में सुधार कर एक नई मिसाल कायम की है। कार्यक्रम समन्वयक अतुल कुमार पटेल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत 27 जनवरी से की जाएगी, जिसमें जिले के 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को शामिल किया जाएगा। पहले चरण में जिले के 20 अलग-अलग विद्यालयों से 20 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। प्रथम चरण में इन विद्यार्थियों को उनके विद्यालय में जाकर ऐसे विद्यार्थीयों का सम्मान व तीन हजार प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, ताकि वे शिक्षा के प्रति जागरूक और प्रेरित होकर अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ सकें। इस चरण में पांच लाख रूपए की प्रोत्साहन राशी भेंट की जाएगी। इस अवसर पर राजिविका की ब्रांड एंबेसडर और सामाजिक कार्यकर्ता रूमा देवी ने बताया कि, "नई सोच, नई उड़ान कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाना और शिक्षा को नई दिशा देना है। यह पहल उन विद्यार्थियों के लिए है, जो अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर कठिनाइयों को पार कर आगे बढ़े हैं।" उन्होंने बताया कि विदेश में सफलता के मुकाम हासिल कर चुकी शख्सियतों से चयनित गांवो के विद्यार्थीयों का सीधा संवाद करवाकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का प्रयास भी रहेगा। अतुल कुमार पटेल ने कहा, "हमारा लक्ष्य उन बच्चों को प्रेरित करना है, जिन्होंने अपने जीवन में शिक्षा के महत्व को समझा और अपनी मेहनत से प्रगति की है। यह प्रोत्साहन उनकी उपलब्धियों को मान्यता देने के साथ-साथ उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।" रूमा देवी फाउंडेशन की प्रवक्ता कविता कुमारी ने बताया कि नई सोच, नई उड़ान कार्यक्रम जिले में शिक्षा को प्रोत्साहित करने और विद्यार्थियों में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह पहल विद्यालयों और समाज के सहयोग से और अधिक प्रभावी बनकर जिले के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनेगी।

# मौसम में लगातार बदलाव, तापमान गिरा



**▶▶ दिन-रात के पारे में 15 डिग्री का अंतर रबी फसलों में बीमारी लगने का खतरा**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** बाड़मेर में सर्दी के साथ तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर लगातार जारी है। शुक्रवार को दिन-रात दोनों का तापमान में दो-चार डिग्री की गिरावट आई। लेकिन शनिवार को फिर मौसम बदला नजर आया। सुबह के समय ठंड का एहसास शुक्रवार की अपेक्षा कम रहा। तेज धूप खिलने से ऊनी कपड़ों में गर्मी का एहसास होना शुरू हो गया। लगातार बदलते मौसम से मौसम बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है। उधर रबी की फसलों में रोग लगने की संभावना जताई जा रही है। दरअसल, जिले में शुक्रवार को दिन में एक बार फिर सर्द हवाएं चली। इससे ठिठुरन बढ़ी। सर्द हवाओं के कारण पिछले कुछ दिनों से गर्मी का बढ़ा असर कम नजर आया। सुबह से लेकर शाम तक चलने वाली ठंडी हवाओं ने लोगों को सर्दी का एहसास करवाया था। गुरुवार को अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री और न्यूनतम 12.6 डिग्री दर्ज किया गया था। वहीं शुक्रवार को तापमान में एक डिग्री गिर गया। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 25.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री दर्ज किया गया। शुक्रवार सुबह हल्का कोहरा था, लेकिन बाद में गर्मी बढ़ गई। पहली बार जनवरी माह में मौसम के बार बार परिवर्तन होने की वजह से मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है और इसके साथ ही रबी की फसलों में भी रोग लगने की संभावना जताई जा रही है। रबी की फसलों में जीरे की फसल सबसे नाजुक फसल मानी जाती है।

तेज सर्दी इस फसल के लिए फायदेमंद होती है और इसके अच्छे उगाव और बढ़ोतरी में सहायक होती हैं। अब जीरे की फसलों पर फूल लगे हैं। ऐसे में अचानक मौसम परिवर्तन होकर तापमान बढ़ने से कई स्थानों पर जीरे की फसल में झुलसा रोग लगना शुरू हो गया है। इस रोग से जीरे पर लगे फूल झड़ने लग जाते हैं और दाना कम पड़ता है। इसको लेकर किसान चिंतित है।

# प्लास्टिक कट्टे में सप्लाई करते डोडा-पोस्त तस्कर गिरफ्तार

**▶▶ 17.9 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त**
**▶▶ खरीफ-फरोख्त को लेकर पूछताछ**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** बालोतरा जिले की कल्याणपुर पुलिस ने मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 17.950 किलोग्राम डोडा-पोस्त बरामद किया। टीम ने नाकाबंदी कर एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से मादक पदार्थ की तस्करी को लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार सूचनान मिली थी कि गांव घडसी का बाडा में डोडा-पोस्त लेकर आ रहे है। इस पर पुलिस टीम ने नाकाबंदी कर संदिग्ध शक्स रामलाल व उसके पास मिले सफेद प्लास्टिक के कट्टे की तलाशी ली गई। तो एक प्लास्टिक कट्टे की



तलाशी ली गई। एक कट्टे में अवैध मादक पदार्थ 17.950 किलोग्राम डोडा-पोस्त होना पाया गया। उक्त मादक पदार्थ बरामद कर मादक पदार्थ तस्कर रामलाल पुत्र बादरराम निवासी भाणा मगरा पुलिस थाना सिणधरी को हाल घड़सी का बाड़ा पुलिस थाना कल्याणपुर जिला जोधपुर को गिरफ्तार किया गया। एसपी हरिशंकर ने बताया- आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी से बरामद अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच मंडली थानाधिकारी को दी गई। जो आगे की कार्रवाई करेंगे।

# रेगिस्तान में वायरस से हजारों लोग प्यासे

**▶▶ पक्षियों ने भी जगह छोड़ी**
**▶▶ गोडावण बचाने एंट्री बैन**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** मध्य यूरेशिया के कुरजां पक्षियों (डेमोसाइल क्रेन) की सबसे पसंदीदा जगह है, जैसलमेर का रेगिस्तान। हजारों किलोमीटर का सफर तय करने के बाद ये पक्षी यहां करीब आठ महीने तक रहते हैं। अब बर्ड-फ्लू वजह से ये पक्षी अपनी पसंदीदा जगह देगराय-ओरण छोड़ रहे हैं। पिछले 12 दिनों में 33 कुरजां पक्षियों (डेमोसाइल क्रेन) की मौत हो चुकी है। संक्रमण का असर यहां रहने वाले लोगों के जीवन पर भी हुआ है। करीब चार हजार से ज्यादा लोगों ने तालाब से पानी लेना छोड़ दिया। वहीं जहां पर गोडावण का डीएनपी एरिया है, वहां इंसानों की एंट्री बैन कर दी है। जैसलमेर के गांवों में तालाब किनारे इस तरह से छिड़काव किया जा रहा है।



**60-65 कि.मी. में फैला देगराय-ओरण**

वन्य जीव प्रेमी सुमेर सिंह सांवता ने बताया देगराय-ओरण इलाका करीबन 60-65 कि.मी. एरिया में फैला है। इस इलाके में 35 से भी ज्यादा तालाब हैं। हर साल कुरजां देगराय, लाठी, मोहनगढ़ के देवा इलाके, भादरिया आदि इलाके में सितंबर महीने में आती है और मार्च महीने के अंत तक दोबारा लौट जाती है। एक अनुमान के मुताबिक हर साल करीब तीन हजार कुरजां यहां आती है। पूछताछ में ग्रामीणों ने बताया कि जनवरी से पहले हालात ये थे कि यहां बड़ी संख्या में कुरजां पक्षियों का डेरा तालाब किनारे मिल जाता था। अब स्थिति ये है कि यहां एक भी कुरजां पक्षी नहीं है। दावा किया जा रहा है कि बर्ड फ्लू के बाद इन्होंने अपनी जगह बदल दी है। अब इन्होंने 40 किलोमीटर दूर बड़ोड़ा गांव के तालाबों पर डेरा डाला है। सुमेर सिंह ने बताया कि या तो बीमारी या फिर इंसानी दखल की वजह से ही कुरजां अपनी जगह छोड़ती है। इस बार बीमारी की वजह से ये पूरा इलाका सुनसान हो गया है।

**चार गांवों की आबादी सर्वाधिक प्रभावित**

जैसलमेर से भास्कर की टीम देवीकोट कस्बे से होते हुए देगराय मंदिर से जंगल के इलाके से छोड़िया, लखमना, सांवता, भीखसर आदि गांवों से होते हुए लूनेरी तालाब पर पहुंची। इन चार गांव की आबादी करीब चार हजार तक की है। देगराय मंदिर के पास साबड़ासर तालाब, लखमना तालाब और लूनेरी तालाब पर इंसानों और पशुओं के जाने पर रोक लगाई गई है। साबड़ासर पर कुरजां का बड़ा झुंड विचरण करता था। वहीं, लखमना और लूनेरी तालाब पर सबसे ज्यादा मृत कुरजां मिले थे। यहां मिले देगराय ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष गिरधर सिंह ने बताया कि बर्ड फ्लू के बाद से प्रशासन ने तालाब के पानी के उपयोग की रोक के बाद से बड़ा संकट आ गया है। इन तालाब से गांव के लोगों और पशुओं दोनों के लिए पानी उपयोग में होता था। इस संक्रमण के बाद हालात ये है कि इनका पानी उपयोग लेना तो दूर इस तालाब के पास भी कोई नहीं भटकता। पानी के लिए अब अलग से 1500 से दो हजार रुपए देकर टैंकर मंगवाए जा रहे है। इस एरिया के करीब पांच हजार से ज्यादा पशुओं पर पानी का संकट आ गया है।

## मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का भाव | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 856 | 858 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 257 | 259 |
| जिंक स्लैब | 273 | 275 |
| लीड इन्गॉट | 180 | 181 |
| टिन स्लैब | 2654 | 2653 |
| निकल | 1375 | 1375 |
| मेटल स्क्रैप | आज का भाव | पूर्व बंद |
| सभी दरें रुपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 808 | 808 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 799 | 799 |
| कॉपर आर्मेचर | 787 | 787 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 737 | 736 |
| कॉपर सीट | – | – |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 535 | 535 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 578 | 577 |
| एल्युमिनियम | 198 | 198 |

**लंदन मेटल मार्केट**
**तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)**

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी– |
|---|---|---|
| कॉपर | – | – |
| टिन | – | – |
| लीड | – | – |
| जिंक | – | – |
| एल्युमिनियम | – | – |
| निकल | – | – |

# व्यापार जगत

## 18% उछला एनर्जी कंपनी का प्रॉफिट, सुस्त पड़ा शेयर

**नई दिल्ली।** पिछले साल लिस्टेड हुई एनर्जी सेक्टर की चर्चित कंपनी- एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) ने दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में कंपनी का प्रॉफिट 18 फीसदी बढ़कर 65.61 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी ने 55.61 करोड़ रुपए का प्रॉफिट दर्ज किया था। इस तिमाही में कुल आय सालाना आधार पर 463.46 करोड़ रुपए से बढ़कर 581.46 करोड़ रुपए हो गई।




खर्च 383.28 करोड़ रुपए से बढ़कर 482.22 करोड़ रुपए हो गया। दिसंबर तिमाही के शानदार नतीजे के बाद एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के शेयर पर सोमवार को नजर रहेगी। यह शेयर बीते कुछ सप्ताह से सुस्त पड़ा है।

शुक्रवार को यह शेयर गिरावट के साथ 112 रुपए के स्तर पर बंद हुआ। 13 जनवरी को शेयर की कीमत 109.40 रुपए थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो भी है।

नवंबर में लिस्टिंग एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का शेयर नवंबर 2024 में लिस्ट हुआ था। कारोबार के पहले दिन यह आईपीओ इश्यू प्राइस 108 रुपए के मुकाबले 13 प्रतिशत बढ़त के साथ बंद हुआ था। कुल 10,000 करोड़ रुपए की शेयर बिक्री का इश्यू प्राइस 102-108 रुपए प्रति शेयर था। बता दें कि एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी एक 'महारत्न' केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम है। यह सौर तथा पवन ऊर्जा परिसंपत्तियों सहित अक्षय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में काम करती है।

एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी को मिला बड़ा सोलर प्रोजेक्ट दिसंबर तिमाही के नतीजे से ठीक पहले एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने 24 जनवरी को बताया कि उसकी इकाई को एनएचपीसी से 300 मेगावाट क्षमता की सोलर परियोजना मिली है। कंपनी के मुताबिक उसकी इकाई एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एनटीपीसी आरईएल) एनएचपीसी द्वारा आयोजित नीलामी में सफल बोलीदाता बनकर उभरी है। यह निविदा सोलर एनर्जी डेवलपर के चयन के लिए थी। नीलामी 23 जनवरी को संपन्न हुई।

## डा. अग्रवाल्स हेल्थ-केयर लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफर बुधवार को खुलेगा

**▶▶ प्राइस बैंड 382/- से 402/- प्रति इक्विटी शेयर निर्धारित किया गया**




**मुंबई।** डा. अग्रवाल्स हेल्थ केयर लिमिटेड, नेत्र आई केयर सर्विसेज में एक विश्वसनीय ब्रांड और क्रिसिल एमआई एंड ए रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2024 के लिए ऑपरेशन से रेवेन्यू के हिसाब से भारत की सबसे बड़ी आई केयर सर्विस चेन है। डा. अग्रवाल्स हेल्थ केयर ने अपने आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 382/- से 402/- प्रति इक्विटी शेयर तय किया है। इसकी फेस वैल्यू 1/- है। कंपनी का इनिशियल पब्लिक ऑफर ("आईपीओ" या "ऑफर") सब्सक्रिप्शन के लिए बुधवार, 29 जनवरी, को खुलेगा और शुक्रवार, 31 जनवरी, को बंद होगा। निवेशक न्यूनतम 35 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। उसके बाद 35 इक्विटी शेयरों के मल्टीपल में बोली लगाई जा सकती है। इस इश्यू में 1,579,399 इक्विटी शेयरों तक का कर्मचारी आरक्षण हिस्सा और 1,129,574 इक्विटी शेयरों तक शेयरधारकों का आरक्षण है। आईपीओ 300 करोड़ रुपए तक के फ्रेश इश्यू और प्रमोटरों, निवेशकों और अन्य सेलिंग शेयरहोल्डर्स द्वारा 67,842,284 इक्विटी शेयरों तक के ऑफर फॉर सेल का मिक्स है। इसके फ्रेश इश्यूएंस से प्राप्त 195 करोड़ रुपए की आय का उपयोग इसके कुछ उधारों के आंशिक या पूर्ण पुनर्भुगतान/पूर्व भुगतान के लिए किया जाएगा और शेष आय का उपयोग जनरल कॉर्पोरेट पर्पज और अज्ञात इनऑर्गेनिक अधिग्रहणों के लिए किया जाएगा। डा. अग्रवाल्स हेल्थ केयर, मोतियाबिंद, रिफ्रैक्टिव और अन्य सर्जरी सहित एंड-टू एंड कॉम्प्रेहेंसिव आई केयर सर्विसेज प्रदान करता है। कंसलटेशन, डायगनोसेज और नॉन-सर्जिकल ट्रीटमेंट और 30 सितंबर, 2024 तक 209 सुविधाओं के अपने नेटवर्क के माध्यम से ऑप्टिकल्स, कॉन्टैक्ट लेंस और सहायक उपकरण, और आंखों की देखभाल से संबंधित फार्मास्युटिकल उत्पाद बेचता है। क्रिसिल एमआई एंड ए रिपोर्ट के अनुसार, एफवाय2024 तक कंपनी के पास भारत में टोटल आई केयर सर्विस चेन मार्केट लगभग 25% हिस्सा था। 30 सितंबर, 2024 तक, कंपनी भारत में 14 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों के 117 मेट्रो और गैर-मेट्रो शहरों में 193 सुविधाओं के साथ-साथ अफ्रीका के नौ देशों में फैली 16 सुविधाओं का संचालन करती है। कंपनी हब-एंड-स्पोक और एसेट लाइट ऑपरेटिंग मॉडल के माध्यम से काम करती है। सीआरआई-एसआईएल एम आई एंड ए रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी की डायवर्सिफाइड प्रेजेंस है, जिसमें 70 सुविधाएं टियर-I शहरों में और 123 सुविधाएं पूरे भारत के अन्य शहरों में स्थित हैं। डा. अग्रवाल्स हेल्थ केयर के चेयरमैन डा. अमर अग्रवाल है। उनके पास आई केयर सर्विस इंडस्ट्री में 35 वर्षों से अधिक का क्लीनिकल एक्सपीरियंस है। डा. अमर अग्रवाल ने नेत्र विज्ञान में कई सर्जिकल इनोवेशन्स का नेतृत्व किया है और विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिकाओं में कई पत्र प्रकाशित किए हैं। डा. अग्रवाल हेल्थ केयर की कुछ प्रमुख सर्जिकल क्षमताओं में इंट्राओकुलर लेंस प्रक्रियाएं, कॉर्निया प्रत्यारोपण, पिनहोल प्यूपिलोप्लास्टी, सिंगल पास फोर-थ्रो प्यूपिलोप्लास्टी और लेसिक सर्जरी शामिल हैं। कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, मॉर्गन स्टेनली इंडिया कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, जेफरीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड बुक-रनिंग लीड मैनेजर हैं और केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड इश्यू के रजिस्ट्रार हैं।

## यस बैंक का तीसरी तिमाही में मुनाफा 165% बढ़ा

**मुंबई।** यस बैंक का अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट यानी शुद्ध-मुनाफा सालाना आधार पर 165% बढ़कर 612 करोड़ रहा।

पिछले साल की समान तिमाही में ये 231 करोड़ रहा था। हालांकि, तिमाही आधार पर बैंक का नेट प्रॉफिट 10.7% बढ़ा है।

पिछली तिमाही में बैंक का मुनाफा 553 करोड़ रुपए रहा था।

यस बैंक ने शनिवार (25 जनवरी) को Q3FY25 यानी फाइनेंशियल ईयर 2024-25 की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए हैं।




**बैंक की कुल आय 16.3% बढ़ी**

वहीं अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बैंक की टोटल इनकम सालाना आधार पर 16.3% बढ़कर 3,736 करोड़ रुपए रही, जो पिछले साल की समान तिमाही में 3,211 करोड़ रुपए रही थी। वहीं तिमाही आधार पर बैंक की इनकम 3.6% बढ़ी है। दूसरी तिमाही में यह 3,607 करोड़ रुपए रही थी।

**नेट इंटरेस्ट इनकम 10.2% बढ़ी**

अक्टूबर-दिसंबर में यस बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम यानी शुद्ध ब्याज आय सालाना आधार पर 10.2% बढ़कर 2,224 करोड़ रुपए रही। वहीं तिमाही आधार पर बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम 1.0% बढ़ी है। दूसरी तिमाही में यह 2,200 करोड़ रुपए रही थी। शुक्रवार को यस बैंक का शेयर 1.19% गिरकर 18.25 रुपए पर बंद हुआ।

इसके साथ ही कंपनी का मार्केट कैप 57.19 हजार करोड़ रुपए हो गया है। बीते छह महीने में बैंक का शेयर 25.87% और एक साल में 27% गिरा है।

**इस हफ्ते सोना-चांदी में रही तेजी**

## सोना 1109 बढ़कर 80348 पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार, पिछले शनिवार यानी 18 जनवरी को 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का दाम 79,239 रुपए था, जो अब यानी 25 जनवरी को 80,348 रुपए पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसके दाम 1,109 रुपए बढ़े हैं। वहीं इस हफ्ते चांदी 391 रुपए महंगी होकर 91,211 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। पिछले शनिवार को ये 90,820 रुपए प्रति किलो पर थी। सोने ने पिछले साल 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

**चार महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,700 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,570 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,420 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 75,550रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 82,420 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,420 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 75,600 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 82,470 रुपए है।

## आपका राशिफल 26 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक 3 5 7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय व्यय समान रहेगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुख-आनंद कारक समय है। अपने काम पर ध्यान दीजिए। अंधविश्वासी न बनें। शुभांक 5 7 9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। शुभांक-6-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): किसी से वाद विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। यात्रा का योग। शुभांक-6-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक 5 7 9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पूरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गोरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसशताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-3-5

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। आर्थिक चिंताएं कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-3-5-7

# हरेक देशवासी को सहकार आंदोलन से जोड़ा जाएगा : अमित शाह

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** भारत में सहकारी संस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए सहकार मंत्रालय ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिसके माध्यम से देश के हर नागरिक को सहकार आंदोलन से जोड़ा जाएगा। केंद्रीय गृह और सहकार मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुसार, भारत 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। गोरगांव में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सहकार वर्ष 2025 के शुभारंभ कार्यक्रम में श्री शाह ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। इनमें राष्ट्रीय सहकारी वित्त और विकास निगम कार्यालय का उद्घाटन, 10,000 बहुउद्देश्यीय सहकारी समितियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और अंतर्राष्ट्रीय सहकार वर्ष के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन शामिल हैं।




### सहकारी बैंकों को बढ़ावा

शाह ने कहा कि “अम्ब्रेला संगठन” शहरी सहकारी बैंकों को बढ़ावा देगा और उन्हें राष्ट्रीय और निजी बैंकों के समान सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाएगा। उन्होंने सहकारी बैंकों के कार्यों में सुधार करने और उन्हें वित्तीय लेन-देन का एक प्रमुख माध्यम बनाने की योजना साझा की।

### चीनी मिलों को लाभ

ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के लिए शाह ने सहकारी क्षेत्र में नई तकनीक अपनाने और इसे आत्मनिर्भर बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने चीनी उद्योग को 10,000 करोड़ की आयकर छूट देने और कानूनी सुधार लागू करने की जानकारी दी। इसके अलावा, 10 लाख टन चीनी के निर्यात से महाराष्ट्र की चीनी मिलों को लाभ होगा।

### सहकार आंदोलन की जननी ‘महाराष्ट्र’

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र को सहकार आंदोलन की जननी बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र किसी की बपौती नहीं है, बल्कि देश का प्राण है। उन्होंने कहा कि 8,000 PACS का कम्प्यूटरीकरण पूरा हो चुका है और मल्टी-स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटियों के लिए एक नया पोर्टल शुरू किया गया है।

### सहकार के माध्यम से सकारात्मक बदलाव

उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने कहा कि सहकार आंदोलन ने ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक समृद्धि लाने में बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि सहकार मंत्रालय ने किसानों, श्रमिकों, महिलाओं, और व्यापारियों को एक मंच पर लाकर समाज के कमजोर वर्गों के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास किया है।

### चीनी मिलों को मिलेगा पुनर्जीवन

केंद्रीय सहकार राज्य मंत्री मुरली धर मोहोळ ने बताया कि पिछले दो वित्तीय वर्षों में महाराष्ट्र की चीनी मिलों को 8,000 करोड़ की मदद मिली है। उन्होंने NCDC के माध्यम से चीनी मिलों को सशक्त करने के लिए 10,000 करोड़ की योजना की भी घोषणा की।

15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

# महाराष्ट्र में उत्कृष्ट चुनाव प्रक्रिया को एस. चोकलिंगम सम्मानित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता




**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव प्रक्रिया उत्कृष्टतापूर्वक संपन्न कराने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी एस. चोकलिंगम को सम्मानित किया। चुनावों के सफल और सुचारू संचालन के लिए चुनाव प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों और राज्यों को विभिन्न श्रेणियों में विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आज यहां दिल्ली छावनी क्षेत्र के मानेकशॉ सभागार में एक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उपस्थित रहीं। केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं डा. सुखबीर सिंह संधु भी इस अवसर पर मौजूद रहे। महाराष्ट्र राज्य के मुख्य निर्वाचन प्राधिकारी एस. चोकलिंगम के नेतृत्व में महाराष्ट्र में बहुत बेहतरीन तरीके से चुनाव प्रबंधन की योजना बनाई गई और चुनाव प्रक्रिया को उचित तरीके से पूर्ण किया गया। इसी लिए उन्हें सम्मानित किया गया। मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने और उनके मतदान अनुभव को सुविधाजनक बनाने के लिए किए गए उपायों की विशेष रूप से सराहना की गई।

**राष्ट्रपति ने दिया राष्ट्रीय पुरस्कार**

### जम्मू-कश्मीर और झारखंड को भी यश

महाराष्ट्र के साथ-साथ जम्मू कश्मीर और झारखंड राज्य को भी उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मुंबई कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी मतदान केंद्रों पर सुविधा केंद्रों पर फोकस कर विधानसभा चुनाव को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए संजय यादव को सम्मानित किया गया। वहीं मुंबई उपनगर जिलाधिकारी तथा अतिरिक्त मुख्य चुनाव अधिकारी राजेंद्र क्षीरसागर द्वारा व्यापक मतदान केंद्र समन्वय, उचित मतदाता प्रशिक्षण के कार्यान्वयन और ई-वोटिंग के माध्यम से सफल चुनाव कराने के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।

# सैफ्रन इंडिया ने तैयार किया पर्यावरण अनुकूल नोटबुक




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** सैफ्रन इंडिया ने पर्यावरण-अनुकूल नोटबुक तैयार किया है। इसे बॉम्बे एग्ज़िबिशन सेंटर, गोरेगांव में आयोजित पेपरवर्ल्ड एग्ज़िबिशन में प्रदर्शित किया गया है। सैफ्रन इंडिया द्वारा प्रस्तुत इकोनामा स्थायी स्टेशनरी में एक क्रांतिकारी नवाचार है, जिसे हरित भविष्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ तैयार किया गया है। यह नोटबुक रिसायकल किए गए कागज, सब्जियों से बने इंक और बायोडिग्रेडेबल कवर वार्निश से बनाई गई है। इसमें कोई भी हानिकारक रसायन नहीं है। यहां तक कि गोंद भी बायोडिग्रेडेबल है। इस तरह हर छह ‘इकनामा’ नोटबुक एक पेड़ को बचाती हैं।

# नौ बांग्लादेशी गिरफ्तार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नालासोपारा।** अवैध रूप से रह रहे 9 बांग्लादेशियों को पेल्हार पुलिस स्टेशन ने गांगडीपाडा, धानिवबाग नालासोपारा पूर्व से धर दबोच लिया गया। जिसमें आरोपी नूरजलाल अल्ताफ हुसेन मोल्ला, राखी नुरजलाल मुल्ला ऊर्फ तंजीला खातुन, मालुती बाबुल मिस्त्री, अकलिमा जोटु विश्वास, रत्ना अमानत मुल्ला उर्फ आशा सचिन शिंदे, जावेदुल अजीजुर रेहमान शेख, रुबी जोनाद्दीन खातुन, दिलरुबा पंकज चौहान और फातिमा मंडल जावेदुल रेहमान शेख हैं। पुलिस के मुताबिक सात महिला और दो पुरुष शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ पेल्हार पुलिस स्टेशन में भा.पा.अधिनियम 1950 की धारा 3(ए), 6(ए) तथा विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा 14 के तहत मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल, यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में पेल्हार पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक जितेंद्र वनकोटी के नेतृत्व में अपराध दस्ते की टीम ने की है।



# गुरू नानक कॉलेज में मनाया संविधान महोत्सव

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** गुरु तेग बहादुर नगर स्थित गुरु नानक डिग्री कॉलेज में संविधान क्लब, राजनीति विज्ञान विभाग और चुनाव साक्षरता क्लब द्वारा संयुक्त रूप से संविधान महोत्सव का आयोजन किया गया। संविधान के बारे में छात्रों में जागरुकता पैदा करने और संवैधानिक मूल्यों को स्थापित करने के लिए संविधान पर आधारित भाषण प्रतियोगिताएं, पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन, प्रश्न बॉक्स, रील और लघु वीडियो बनाने की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सप्ताह भर चलने वाले संविधान महोत्सव में 45 कॉलेजों के 160 छात्रों ने भाग लिया। संविधान महोत्सव के दौरान संविधान के मूल्यों पर आधारित सेल्फी प्वाइंट विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि कमलेश सुतार ने स्वामी विवेकानंद कॉलेज को ट्रॉफी प्रदान किया। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान इस देश की आत्मा है। यह कार्यक्रम कॉलेज की पूर्व लाइब्रेरियन प्रोफेसर अनुराधा नाम जोशी और प्रोफेसर सुमित खरात के बहुमूल्य सहयोग और कॉलेज की प्राचार्या डा.पुष्पिंदर कौर भाटिया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कॉलेज के उप-प्राचार्य डा. रामराज नादर सहित भारी संख्या में छात्र और शिक्षक उपस्थित थे।



# प्रभादेवी में ‘माय मराठी, अभिजात मराठी’ कार्यक्रम आयोजित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र शासन के भाषा संचालनालय द्वारा मराठी भाषा संवर्धन पखवाड़े के तहत प्रभादेवी, मुंबई स्थित करिश्मा सभागृह में ‘माय मराठी अभिजात मराठी’ नामक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भाषा संचालनालय की निदेशक विजया डोनीकर ने की, जिन्होंने भाषा संचालनालय की महाराष्ट्र राज्य की स्थापना से लेकर अब तक की भूमिका और भविष्य की दिशा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के मराठी भाषा संवर्धन पखवाड़े के दौरान भाषा संचालनालय ‘मराठी भाषाः रोजगार की संभावनाएं’ विषय पर 36 जिलों में 36 मार्गदर्शन सत्र आयोजित कर रहा है। डा. अपर्णा बेडेकर ने संत साहित्य में मराठी भाषा के योगदान पर चर्चा की। संगीतकार कौशल इनामदार ने संगीत के माध्यम से मराठी भाषा के विकास की दिशा को उजागर किया। कवि प्रवीण दवणे ने अभिजात मराठी के संवर्धन के लिए विभिन्न उपायों पर जोर दिया। कार्यक्रम में शार्दुल कवठेकर और संजना अरुण ने भावगीत और अभंग प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन धनश्री प्रधान ने किया। कार्यक्रम का सादरीकरण उत्तरा मोने के मिती ग्रुप द्वारा किया गया। सहायक भाषा संचालक संतोष गोसावी ने आभार व्यक्त किया।

# गोरेगांव के फर्नीचर मार्केट में भीषण आग, कोई हताहत नहीं

**मुंबई।** गोरेगांव ईस्ट के एक फर्नीचर मार्केट में भीषण आग लग गई। रहेजा बिल्डिंग में खड़कपाड़ा फर्नीचर मार्केट में सुबह 11:19 बजे लगी। मुंबई फायर ब्रिगेड के अनुसार, आग सुबह 11:24 बजे लेवल II तक पहुंच गई और 11:48 बजे लेवल III तक पहुंच गई। आग मार्केट के ग्राउंड फ्लोर पर लकड़ी के फर्नीचर, प्लास्टिक सामग्री, स्क्रैप, थर्मोकोल और प्लाईवुड वाले 5-6 गैलस तक सीमित थी। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड ने व्यापक संसाधन तैनात किए, जिसमें 12 दमकल गाड़ियां, 11 जंबो वॉटर टैंकर, एक रोबोटिक फायर व्हीकल, एक क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल, एक ब्रीदिंग अप्लायंस वैन और एक कंट्रोल पोस्ट शामिल थे। आग बुझाने के लिए चार हाई-प्रेशर लाइन और पांच बड़ी नली लाइनों का इस्तेमाल किया गया। अधिकारियों के अनुसार, आग को शुरू में 11:18 बजे लेवल-I की घटना घोषित किया गया था, लेकिन 11:24 बजे इसे लेवल-II और उसके बाद 11:48 बजे लेवल-III में अपग्रेड किया गया क्योंकि आग की लपटें तेज हो गईं। दोपहर 12:23 बजे तक, घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।



# 41 अनधिकृत इमारतों पर तोड़क कार्रवाई रुकवाने पाटिल ने दाखिल की याचिका

- बिल्डरों और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को मुख्यमंत्री से भी मुलाकात करेंगे सांसद सावरा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**वसई।** नालासोपारा पूर्व में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और मिसाइल रेंज के लिए आरक्षित भूमि पर 41 अनधिकृत इमारतों के खिलाफ तोड़क कार्रवाई से प्रभावित हजारों निवासियों के पुनर्वास के लिए बॉम्बे उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की जाएगी। पालघर सांसद डा. सावरा ने कहा, “हम महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मिलेंगे और मांग करेंगे कि इन परिवारों को धोखा देने वालों के बिल्डर और उस समय के जिम्मेदार ऑफिसर केखिलाफ कार्रवाई की जाए, उन्हें दंडित किया जाए और इस मामले की जांच के लिए एक विशेष समिति बनाई जाए।” सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद, वसई-विरार मनपा ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और मिसाइल रेंज के लिए आरक्षित भूमि पर बनी 41 अनधिकृत इमारतों के खिलाफ बेदखली की कार्रवाई की है। सभी भवनों के निवासियों को 31 जनवरी तक अपने घर खाली करने के लिए नोटिस जारी किए गए। पिछले दो दिनों में महा नगरपालिका ने तीन अनाधिकृत इमारतों को खाली कराया है। इस कार्रवाई से सैकड़ों परिवार बेघर हो गए हैं। पालघर के सांसद डा. हेमंत सावरा ने नालासोपारा के विधायक राजन नाइक और भाजपा नेता और आगरी सेना के कैलास पाटिल से मुलाकात की। स्थानीय निवासियों और छात्रों की दुर्दशा देखकर विधायक राजन नाइक भावुक हो गए। भाजपा जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटिल, पूर्व नगरसेविका किरण भोईर, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर, मनोज बारोट, जिला महामंत्री प्रज्ञा पाटिल, विश्वास सावंत, अभय कक्कड़, जिला सचिव शशिकांत दुबे, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सकीना नूरानी, ओबीसी मोर्चा की निशा फाटक व अन्य इस अवसर पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सुजाता सौनिक की अध्यक्षता में 100 दिवसीय कार्ययोजना समीक्षा बैठक आयोजित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**ठाणे।** हमारे कार्यालय में आने वाले आम लोगों का काम होना चाहिए, इसके लिए सभी के मन में सकारात्मक भावना होनी चाहिए। मुख्य सचिव तथा ठाणे जिला संरक्षक सचिव सुजाता सौनिक ने आज यहां प्राप्त शिकायतों का सकारात्मक समाधान करने तथा जिले में परियोजनाओं को तीव्र गति से पूरा करने के निर्देश दिए। 100 दिवसीय कार्ययोजना के संबंध में आज जिला कलेक्टर कार्यालय में राज्य की मुख्य सचिव तथा ठाणे जिले की संरक्षक सचिव सुजाता सौनिक (आई.पी.एस.) की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें वे बोल रही थीं। इस अवसर पर ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव, ठाणे शहर पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे, नवी मुंबई मनपा आयुक्त कैलास शिंदे, कल्याण डोंबिवली मनपा आयुक्त डा. इंदुरानी जाखड़, मीरा-भायंदर मनपा आयुक्त संजय काटकर, उल्हासनगर मनपा आयुक्त श्रीमती मनीषा आवले, जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जेड.पी.ए. ठाणे पराग सोमन, सिडको 1 संयुक्त प्रबंध निदेशक शांतनु गोयल, आदिवासी विकास ठाणे अतिरिक्त आयुक्त दीपक कुमार मीना, सिडको 2 संयुक्त प्रबंध निदेशक राहुल कर्डिले, कल्याण स्मार्ट सिटी मुख्य कार्यकारी अधिकारी माधवी सरदेशमुख, भिवंडी नगर निगम आयुक्त अजय वैद्य, नवी मुंबई संयुक्त पुलिस आयुक्त संजय यानपुरे, मीरा-भायंदर पुलिस आयुक्त मधुकर पांडे, संयुक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रय शिंदे, पुलिस अधीक्षक डा. डी. स्वामी, डीसीएफ शहापुर दीपेश मल्होत्रा, कंदलवन डीसीएफ शैलेश कुमार जाधव, वन संरक्षक अनीता पाटिल, ठाणे उप-वन संरक्षक सचिन रेपाले, श्रेणी डाकघर अधिकारी समीर महाजन, अपर जिलाधिकारी मनीषा जयाभाये-धुले उपस्थित रहे।

## सौनिक ने किया नमुंमपा का दौरा

**नवी मुंबई।** ऐरोली सेक्टर 15 स्थित नवी मुंबई मनपा का भारतरत्न डा. बाबासाहेब आंबेडकर स्मारक, बाबासाहेब के ‘ज्ञान ही शक्ति है’ को प्रतिबिंबित करने वाला एक ज्ञानकेंद्र है, जिसकी सराहना देश-विदेश के अनेक गणमान्य और नागरिकों ने की है। महाराष्ट्र शासन की मुख्य सचिव सुजाता सौनिक ने इस ज्ञानस्मारक का दौरा किया। मनपा आयुक्त डा. कैलास शिंदे ने उन्हें स्मारक में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी।



# महाराष्ट्र के 48 पुलिसकर्मी ‘पुलिस पदक’ से सम्मानित

### चार अधिकारियों को राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज पुलिस पदकों की घोषणा की गई, जिसमें महाराष्ट्र के कुल 48 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया है। इनमें से चार पुलिस अधिकारियों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक और 44 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण सेवा पदक प्रदान किया गया है। इन 44 पदकों में से 39 उत्कृष्ट पुलिस सेवा के लिए और 5 पदक सुधारात्मक सेवाओं के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के लिए प्रदान किए गए हैं। हर वर्ष, केंद्रीय गृह मंत्रालय देश के पुलिस अधिकारियों की वीरता और उत्कृष्टता को मान्यता देने के लिए पुलिस पदकों की घोषणा करता है। इस वर्ष कुल 942 पुलिस पदकों की घोषणा की गई, जिनमें 101 राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक, 95 पुलिस शौर्य पदक, 746 गुणवत्तापूर्ण सेवा पदक शामिल हैं। महाराष्ट्र को इस बार 48 पदक मिले हैं, जो राज्य के लिए गर्व का विषय है। राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक प्राप्त अधिकारियों में डा. रविंद्र कुमार झिले सिंग सिंगल (अतिरिक्त महासंचालक), दत्तात्रय राजाराम कराळे (पुलिस महानिरीक्षक), सुनिल बळीराम फुलारी (पुलिस महानिरीक्षक) एवं रामचंद्र बाबू केंडे (पुलिस कमांडंट) के नाम शामिल हैं।

### गुणवत्तापूर्ण सेवा पदक की घोषणा

गुणवत्तापूर्ण सेवा पदक के लिए संजय भास्कर दराडे (महानिरीक्षक), वीरेंद्र मिश्रा (महानिरीक्षक), श्रीमती आरती प्रकाश सिंह (महानिरीक्षक), चंद्र किशोर रामजीलाल मीना (महानिरीक्षक), दीपक कृष्णाजी साकोरे (उपमहानिरीक्षक), राजेश रामचंद्र बनसोडे (पुलिस अधीक्षक), सुनील जयसिंग तांबे (पुलिस उपअधीक्षक), श्रीमती ममता लॉरेन्स डिसूझा, सहायक पुलिस आयुक्त, धर्मपाल मोहन बनसोडे, सहायक पुलिस आयुक्त, मधुकर माणिकराव सावंत, निरीक्षक, राजेंद्र कारभारी कोते (निरीक्षक), रोशन रघुनाथ यादव, (पुलिस उप अधीक्षक), अनिल लक्ष्मण लाड (पुलिस उपअधीक्षक), अरुण केरभाऊ डुंबरे (सहायक पुलिस आयुक्त), नजीर नसीर शेख (उपनिरीक्षक), श्रीकांत चंद्रकांत तावडे (उपनिरीक्षक) महादेव गोविंद काळे (उपनिरीक्षक), तुकाराम शिवाजी निंबाळकर (उपनिरीक्षक), आनंदराव पुंजाराव मस्के, (सहायक उपनिरीक्षक), रवींद्र बाबुराव वानखेडे, (उपनिरीक्षक), सुरेश चिंतामण मनोरे, निरीक्षक, राजेंद्र देवमान वाघ, (उपनिरीक्षक), संजय अंबादासराव जोशी, (सहायक उपनिरीक्षक), दत्तू एकनाथ गायकवाड, (सहायक उपनिरीक्षक), नंदकिशोर ओंकार बोरोले, (सहायक उपनिरीक्षक), आनंद रामचंद्र जंगम, (सहायक उपनिरीक्षक), श्रीमती. सुनिता विजय पवार, (सहायक उपनिरीक्षक), जितेंद्र विठ्ठल म्हात्रे, (सहायक उपनिरीक्षक), प्रफुल्ल रामचंद्र सुर्वे, (सहायक उपनिरीक्षक), राजेंद्र शंकर काळे, (सहायक उपनिरीक्षक), सलीम गनी शेख (सहायक उपनिरीक्षक), तुकाराम रावसाहेब आव्हाळे (सहायक उपनिरीक्षक), रामभाऊ संभाजी खंडागळे, हेड कॉन्स्टेबल, संजय भास्करराव चौबे, प्रमुख कॉन्स्टेबल, सय्यद इक्बाल हुसेन सय्यद माथार हुसेन, (सहायक उपनिरीक्षक), विजय दामोदर जाधव, हेड कॉन्स्टेबल, रामराव वामनराव नागे, (सहायक उपनिरीक्षक), दिलीप भोजुसिंग राठोड, हेड कॉन्स्टेबल, आयुबखान अकबर मुल्ला, हेड कॉन्स्टेबल के नाम शामिल हैं।

# एमआरवीसी के सीएमडी बने वाडेकर

**मुंबई।** विलास सोपन वाडेकर को मुंबई रेलवे विकास निगम (एमआरवीसी) का नया अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नियुक्त किया गया है। वह सुभाष चंद गुप्ता का स्थान लेंगे, जो 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वाडेकर वर्तमान में एमआरवीसी में निदेशक (तकनीकी) के रूप में कार्यरत हैं और भारतीय रेलवे इंजीनियर्स सेवा (आईआरएसई) के 1991 बैच के अधिकारी हैं। वाडेकर ने अमरावती विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया और सभी शाखाओं में टॉप करने के लिए तीन स्वर्ण पदक अर्जित किए। उन्होंने सिविल-स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में प्रथम श्रेणी विशिष्टता के साथ मास्टर डिग्री प्राप्त की है। भारतीय रेलवे और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (पीएसयू) में तीन दशकों से अधिक के अनुभव के साथ, उन्होंने परियोजना योजना, क्रियान्वयन, संचालन और प्रशासन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 2019 में वाडेकर को भारत सरकार में संयुक्त सचिव के रूप में सूचीबद्ध किया गया था, जो उनकी तकनीकी दक्षता और नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। उन्होंने रेलवे की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में प्रमुख भूमिका निभाई है, जिनमें सिविल, इलेक्ट्रिकल और सिग्नलिंग एवं दूरसंचार कार्य शामिल हैं। मुंबई उपनगरीय रेल परियोजनाओं में उनका 15 वर्षों से अधिक का अनुभव है। उनकी दूरदर्शी सोच और नेतृत्व से मुंबई उपनगरीय रेलवे नेटवर्क के आधुनिकीकरण और यात्रियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की उम्मीद है। अपने करियर के दौरान, उन्होंने कई प्रमुख परियोजनाओं का नेतृत्व किया, जिनमें शामिल हैं।



## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# जागरूक टाइम्स

वंदे मातरम्

मुंबई। रविवार, 26 जनवरी 2025


# मेरी जान तिरंगा है मेरी शान तिरंगा है

**गणतंत्र दिवस को लेकर हर कोई उत्साहित नजर आ रहा है। शहर में तिरंगे नजर आने लगे है। जिस चौराहे पर नजर डालो केसरिया, सफेद और हरा रंग ही नजर आ रहा है। बच्चों और युवाओं में इस पर्व को लेकर उत्साह और जोश तो देखने को मिल रहा है। शहर के प्रमुख चौराहों के अलावा जगह-जगह छोटे बड़े झंडे की खरीदारी लोगों ने शुरू कर दी है। साथ देशभक्ति का जज्बा दिखाने के लिए तिरंगे वाली टी-शर्ट,कैप, स्टीकर, बैच, बैंड, पटटी के अलावा फेसटैटू का भी इस काफी क्रेज है। छोटे बच्चों में तिरंगे कपड़े का जो क्रेज रहता है वह अभी नजर नहीं आ रहा है। हालांकि सभी तरह के तिरंगे आ चुके है। लोग गाड़ियों पर लगाने के लिए छोटे झंडे अवश्य ले रहे है। शहर के विभिन्न बाजार सड़कों के किनारे छोटी तिरंगा, पताका से लेकर बड़े झंडे दुकानों पर उपलब्ध है।**

## हर साल 26 जनवरी को ही क्यों मनाया जाता है गणतंत्र दिवस

देश इस साल अपना 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। 26 जनवरी का दिन हर भारतीय के लिए बेहद खास होता है। यह दिन भारतीय नागरिकों की लोकतांत्रिक रूप से अपनी सरकार चुनने की शक्ति को दर्शाता है। भारत के इतिहास में यह दिन कई तरह से महत्वपूर्ण है।

यही वजह है कि इस दिन को पूरे देश में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस राष्ट्रीय त्योहार की अपनी अलग खासियत है, जिसके चलते लोग इसे धूमधाम से सेलिब्रेट करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को ही क्यों मनाया जाता है। अगर आपके मन में भी यह सवाल उठ रहा है, तो आज हम आपको बताएंगे गणतंत्र दिवस के इतिहास और इसके महत्व के बारे में।

## गणतंत्र दिवस का इतिहास

दरअसल, हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन पूरे देश में संविधान लागू किया गया है। 26 जनवरी, 1950 को संविधान लागू होने के साथ ही भारत को पूर्ण गणराज्य घोषित किया गया था। यही वजह है कि हर साल इस खास दिन की याद में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। साल 1947 में भारत को मिली आजादी के बाद इसे लोकतांत्रिक बनाने के मकसद से देश का संविधान बनाना शुरू किया गया। 2 साल 11 महीने और 18 दिन में बनकर तैयार हुए भारत के संविधान को 26 नवंबर, 1949 में देश की संविधान सभा ने स्वीकार किया। इसके बाद अगले ही साल 26 जनवरी, 1950 को पूरे देश में यह संविधान लागू किया गया था।

## 26 जनवरी का महत्व

26 नवंबर को स्वीकार किए गए भारत के संविधान को लागू करने के लिए 26 जनवरी का दिन ही क्यों चुना गया, यह सवाल लगभग हर भारतीय के मन में आता होगा। संविधान लागू करने के लिए इस तारीख को चुनने का भी एक खास मकसद था। दरअसल, 26 जनवरी 1930 को अंग्रेजों की गुलामी के खिलाफ कांग्रेस ने भारत को पूर्ण स्वतंत्र घोषित किया था। ऐसे में पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव लागू होने की इस तिथि के महत्व को ध्यान में रखते हुए संविधान लागू करने के लिए 26 जनवरी का दिन चुना गया था। 1950 में इसी दिन संविधान लागू करने के साथ ही देश को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया गया और तब से लेकर अब तक हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है।

## दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान

आजादी के साथ ही देश के लिए एक संविधान की जरूरत भी महसूस हुई। ऐसे में इसे बनाने के लिए एक संविधान सभा का गठन हुआ था। इस सभा ने 9 दिसंबर, 1946 से संविधान बनाने का काम शुरू किया। भारत की इस संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ.राजेन्द्र प्रसाद थे। जबकि संविधान की ड्राफ्टिंग समिति के अध्यक्ष डॉ.भीमराव अंबेडकर थे। डॉ.अंबेडकर ने भारत के संविधान को बनाने में एक अहम भूमिका निभाई थी, जिसकी वजह से उन्हें संविधान निर्माता भी कहा जाता है। भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जिसे बनाने में पूरे 2 साल, 11 माह, 18 दिन लगे थे। इसके बाद 26 नवंबर, 1949 को संविधान सभा ने अध्यक्ष डॉ.राजेन्द्र प्रसाद को देश का संविधान सौंपा था। यही वजह है कि हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**गणतंत्र दिवस के परेड में निकलने वाली झांकियों का चयन रक्षा मंत्रालय की एक कमिटी द्वारा किया जाता है। हर साल राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से झांकियों के लिए सुझाव मांगे जाते हैं। उसके बाद जब सभी राज्य अपने सुझाव उन्हें भेजते हैं तो कमिटी उन पर चर्चा करती है. उसके बाद ही किसी भी राज्य की झांकियों का चयन होता है।**

## ध्वजारोहण और झंडा फहराना

*15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस को राष्ट्रीय ध्वज को ऊपर खींचा जाता है और फिर फहराया जाता है। दरअसल जिस दिन भारत को आजादी मिली थी, उस दिन ब्रिटिश गवर्नमेंट ने अपना झंडा उतारकर भारत के तिरंगे को ऊपर चढ़ाया था, इसलिए हर साल 15 अगस्त को तिरंगा ऊपर खींचा जाता है इसके बाद फहराया जाता है। इस प्रक्रिया को ध्वजारोहण कहते हैं वहीं, 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस वाले दिन राष्ट्रीय ध्वज ऊपर बंधा रहता है उसे केवल फहराया जाता है। यही वजह है कि उसे ध्वजारोहण नहीं बल्कि झंडा फहराना कहते हैं।*

## सबसे पहले कहां हुई थी रिपब्लिक डे की परेड

*गणतंत्र दिवस देश का राष्ट्रीय पर्व है। इस दिन भारत का संविधान लागू हुआ था 26 जनवरी के दिन देश की राजधानी दिल्ली में कर्तव्यपथ पर परेड का आयोजन किया जाता है। इस परेड में देश की तीनों सेना जैसे थलसेना, जलसेना और वायुसेना भी शामिल होती हैं। देश के राष्ट्रपति तिरंगा फहराते हैं और इसी के साथ 21 तोपों की सलामी भी दी जाती है। आपको बता दें कि इस साल भारत 75वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। इस मौके पर हम आपको बताएंगे गणतंत्र दिवस से जुड़ी वो बातें, जिनके बारे में तमाम लोग नहीं जानते हैं। 26 जनवरी पर गणतंत्र दिवस परेड की शुरूआत 1950 में आजाद भारत का संविधान लागू होने के साथ हुई थी वर्ष 1950 से 1954 तक गणतंत्र दिवस की परेड राजपथ पर न होकर, चार अलग-अलग जगहों पर हुई थीं 1955 से गणतंत्र दिवस परेड का आयोजन राजपथ पर शुरू किया गया। तब राजपथ को 'किंग्सवे' के नाम से जाना जाता था तभी से हर साल 26 जनवरी का आयोजन यहीं पर होने लगा।*

**मुख्य अतिथि:** भारत के पहले गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो थे।

**1955 से गणतंत्र दिवस समारोह राजपथ पर:** 1955 से गणतंत्र दिवस समारोह राजपथ पर होने लग गया और यहां सेना परेड करने लग गई।

**21 तोपों की सलामी:** गणतंत्र दिवस के मौके पर राजपथ पर तिरंगा फहराया जाता है। फिर राष्ट्र गान गाया जाता है और 21 तोपों की सलामी होती है।

**बहादुरी पुरस्कार:** 1957 में सरकार ने बच्चों के लिए राष्ट्रीय बहादुरी पुरस्कार शुरू किया, जो कि 16 साल से कम उम्र के बच्चों को अलग-अलग क्षेत्र में बहादुरी के लिए गणतंत्र दिवस पर दिया जाता है।

**सबसे बड़ा लिखित संविधान:** 395 अनुच्छेदों और 8 अनुसूचियों के साथ भारतीय संविधान दुनिया में सबसे बड़ा लिखित संविधान है।

## कैसे चुना जाता है मुख्य अतिथि

मुख्य अतिथि किसे बनाना चाहिए, इसको लेकर विदेश मंत्रालय कई बातों पर काफी सोच विचार करता है इसमें सबसे पहले भारत और उस देश के संबन्धों को ध्यान में रखा जाता है और ये देखा जाता है कि उस देश के साथ हमारे देश की राजनीति, सेना और अर्थव्यवस्था का क्या और कितना कनेक्शन है। इस बात पर भी विचार किया जाता है कि कहीं आमंत्रित अतिथि को बुलाने से किसी अन्य देश से संबन्ध वगैरह तो खराब नहीं होंगे इन सभी पहलुओं पर सोच विचार करने के बाद विदेश मंत्रालय मुख्य अतिथि के नाम पर अपनी मोहर लगाता है। इसके बाद इस मामले में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति की मंजूरी ली जाती है। मंजूरी मिलने के बाद देश के राजदूत मुख्य अतिथि की उपलब्धता के बारे में पता लगाने की कोशिश करते हैं क्योंकि किसी देश के राष्ट्राध्यक्ष का व्यस्त शेड्यूल होना आम बात है। यही वजह है कि विदेश मंत्रालय की ओर से संभावित मुख्य अतिथि के लिए एक लिस्ट तैयार की जाती है, जिसमें कई ऑप्शंस रहते हैं। मुख्य अतिथि की उपलब्धता का पता लगाने के बाद भारत और आमंत्रित मुख्य अतिथि के देश के बीच आधिकारिक रूप से बातचीत होती है और सब कुछ तय होने के बाद मुख्य अतिथि के नाम पर मोहर लगती है। गणतंत्र दिवस पर किसे मुख्य अतिथि के आमंत्रण और उनके स्वागत-सत्कार की प्रक्रिया करीब छह महीने पहले से शुरू हो जाती है। इस बीच उन्हें निमंत्रण भेजना और निमंत्रण स्वीकार किए जाने के बाद मुख्य अतिथि के आने पर ठहरने और पूरी तरह से विशेष तरह मेहमान नवाजी देने की व्यवस्था, विशेष भोज वगैरह कई कार्यक्रमों की तैयारी शुरू हो जाती है।

## कैसे होता है मुख्य अतिथि का सत्कार

भारत में गणतंत्र दिवस के मौके पर आए मुख्य अतिथि का विशेष स्वागत-सत्कार किया जाता है। मुख्य अतिथि कई औपचारिक गतिविधियों में सबसे आगे रहते हैं। उन्हें भारत के राष्ट्रपति के सामने 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया जाता है। दोपहर में मुख्य अतिथि के लिए प्रधानमंत्री द्वारा भोजन का आयोजन किया जाता है। शाम को राष्ट्रपति उनके लिए विशेष स्वागत समारोह आयोजित करते हैं।

## संविधान कितने दिन में हुआ तैयार

**पूरा संविधान तैयार करने में 2 वर्ष, 11 माह 18 दिन लगे थे। यह 26 नवंबर, 1949 को पूरा हुआ था। वहीं इसे पूरे भारत में 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। हाथ से लिखे हुए संविधान पर 24 जनवरी 1950 में 284 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे। इसमें करीब 15 महिलाएं भी शामिल थीं। 26 जनवरी 1950 को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ.राजेंद्र प्रसाद ने 21 तोपों की सलामी के साथ ध्वजारोहण कर भारत को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया। यह ऐतिहासिक क्षणों में गिना जाने वाला समय था। इसके बाद से हर वर्ष इस दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है तथा इस दिन देशभर में राष्ट्रीय अवकाश रहता है।**


**नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि.** के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह : प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित, रंगारंग प्रस्तुतियों ने मन मोहा

## » राज्यमंत्री देवासी और जिला प्रमुख पुरोहित ने कार्यक्रम में लिया भाग





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिलेभर की सरकारी विद्यालयों में शनिवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की प्रतिभा एवं भामाशाहों का सम्मान किया गया। समारोह में बालिकाओं ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियां दी। जिला मुख्यालय के मांकरोड़ा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राज्यमंत्री ओटाराम देवासी के मुख्य आतिथ्य एवं जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य तरुण कुमार ने बताया कि विद्यालय के वार्षिकोत्सव के शुभारंभ में बालिकाओं ने नृत्य की प्रस्तुतियां दी। जिला प्रमुख अर्जुन राम पुरोहित ने विद्यालय की भूरी.भूरी प्रशंसा की। जिला परिषद से विद्यालय में पेयजल व अन्य सुविधाओं के लिए पांच लाख की घोषणा की। राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने विद्यालय के प्रतिभावान छात्र छात्राओं व खेलो में राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सदैव अपने माता पिता व गुरुजनों के प्रति आज्ञाकारी होना चाहिए। साथ ही बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस दौरान विद्यालय में विद्यार्थियों के बैठने के लिए फर्नीचर के लिए पांच लाख की घोषणा की। राज्यमंत्री व जिला प्रमुख ने गांव में भी विकास के लिए कई घोषणाएं की। मांकरोडा सरपंच कनी कुमारी, उप सरपंच डूंगरसिंह देवड़ा, जिला उपाध्यक्ष अरुण ओझा, मंडल अध्यक्ष कुपाराम देवासी, महामंत्री बाबूसिंह माकरोडा, युवा मोर्चा अध्यक्ष गोपाल माली, एसडीएमसी सदस्य ओबसिंह, यशवंतसिंह, नटवर रावल, खेताराम माली, जयगोपाल पुरोहित, राजू भाई आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन राकेश राजपुरोहित ने किया।



**पिण्डवाड़ा।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय अजारी का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का आगाज रेवानाथ महाराज, जिला परिषद सदस्य रतन देवी, पंचायत समिति सदस्य रंबा देवी, उपसरपंच मनीष रावल आदि ने मां शारदे की पूजा अर्चना कर किया। कक्षा दसवीं की छात्रों द्वारा साहसिक पिरामिड की प्रस्तुति दी गई। कार्यवाहक प्रधानाचार्य परबतसिंह भाटी ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए मातृशक्ति को जागृत करने की बात कही। विद्यालय की बेहतर प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य परबतसिंह भाटी, नारायण भाई, मोहन भाई, चंदनसिंह, राहुल शर्मा, शक्तिसिंह, जालम, शिक्षक रीना, ललिता, सीमा, अनीता मौजूद थी।

**कालन्द्री।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कालंद्री में वार्षिकोत्सव उमंग 2025 का आयोजन मुख्य अतिथि प्रधान हंसमुख मेघवाल, सरपंच महिपालसिंह देवड़ा, पंचायत समिति सदस्य गीता देवी, समाजसेवी पुरुषोत्तम खंडेलवाल एवं मगनलाल का सानिध्य रहा। छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय की अव्वल प्रतिभाओं का अतिथियों ने सम्मान किया। मुख्य अतिथि प्रधान मेघवाल ने बालिका शिक्षा में बढ़ावा एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। अध्यक्ष देवड़ा ने बताया कि विद्यार्थियों का परिणाम अभिभावकों का सहयोग एवं स्टाफ साथियों के मेहनत का नतीजा है। संस्था प्रधान अमृतलाल माली ने सत्र पर्यंत चलने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। भामाशाह गटूसिंह, रमेश कुमार, जी माली एडवोकेट, कन्हैयालाल रठौड़, निर्मल कुमार सोनी, अर्जुनसिंह दहिया, विजयराज सोलंकी, वनाराम देवासी, दशरथ कुमार मेघवाल, कार्तिकसिंह, जतिन कुमार राठौड़ एवं सनत दान आढ़ा आदि मौजूद थे।





एमबी स्कूल कालन्द्री में वार्षिकोत्सव धूमधाम से माया गया। सरपंच महिपालसिंह ने बालिका शिक्षा पर जोर दिया। विशेष अतिथि गीतादेवी ने कहा कि स्कूल विकास के लिए कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। एसएमसी उपाध्यक्ष नटवरसिंह, शारीरिक शिक्षक ओटाराम माली, पूर्व प्रधानाध्यापक कनीराम संत, मुकेश सुथार, भावेश राजपुरोहित, पोसाराम देवासी, वागाराम देवासी, किशन मेघवाल, पुरुषोत्तम खंडेलवाल, प्रविण घांची, फूसाराम,शिक्षक ,पुष्पा देवी, शरफराज अव्वल, धर्म प्रकाश, विवेक सोलंकी, गोवाराम घांची, छगनलाल आदि मौजूद रहे।

**मंडार।** प्राथमिक विद्यालय सोनानी का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाध्यापक वीरेंद्रपालसिंह ने बताया कि खंगारसिंह देवड़ा के मुख्य आथित्य, मुख्य वक्ता शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश सह संगठन मंत्री मुकेश जोशी, जिला परिषद सदस्य अर्जुन राणा और रामनवमी कमेटी मंडार के अध्यक्ष कुलदीप रामपुरा के विशिष्ट आतिथ्य में मनाया गया मुख्य वक्ता मुकेश जोशी ने समाज को नशा मुक्त बनाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। कुलदीप ने राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। भामाशाह भलाराम ने संपूर्ण कार्य म की व्य-स्था की। प्रबंधन समिति अध्यक्ष भलाराम, करसनलाल, दिव्या कुमारी, संस्कार विद्यालय के रमेश कुमार, विजय कुमार, हनुमान विश्नोई, अशोक कुमार, दिनेश गोचर, चंद्रमोहन शर्मा, सुनील कुमार, हरिराम, पाताराम, रेवाराम, मोटाराम आदि मौजूद थे। मंच संचालन अशोक कुमार ने किया ।



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुंदवाड़ा में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच वगताराम चौधरी, मंडार थानाधिकारी रविन्द्रपालसिंह राजपुरोहित, एवं पीइओ प्रधानाचार्य सूरजराम चौहान ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरपंच चौधरी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का हौसला बूलंद होता है। हनवंतसिंह चारण, कुलदीप जोशी, श्रीमति लता जोशी, पप्पूलाल मीणा, अशरफ खां, रमेश कुमार, अरविन्द कुमार, महिपालसिंह, हनुमानसिंह यादव, मनोहरलाल विश्नोई, मनमोहन मीणा, राहुल खण्डेलवाल, गजेन्द्रपालसिंह शामिल हुए। इस दौरान भामाशाहों ने विद्यालय को 20 टेबल व स्टूल भेंट करने की घोषणा की।

**रेवदर।** स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल, 8वां वार्षिकोत्स संस्कार का विधायक मोतीराम कोली के मुख्य आतिथ्य, एसडीएम सुबोधसिंह चारण की अध्यक्षत, सरपंच गोकूलराम कोली के विशिष्ट अतिथ्य तथा बीइओ अन्नाराम मोबारसा, एबीइओ पुनमसिंह सोलंकी एवं प्रधानाचार्य केशरसिंह राव मनाया गया। आदित्यप्रतापसिंह रोहुआ, भवानीसिंह देवड़ा सरपंच भटाणा, अधिवक्ता हरिसिंह राव, सुरेन्द्रसिंह देवड़ा, राजेन्द्रसिंह देवड़ा, हर्षल अग्रवाल, सुरताराम देवासी उपस्थत थे। प्रधानाचार्य ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। नन्हें-मुन्हें बालक-बालिकाओं ने एक से बढकर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। विधायक कोली ने शिक्षा के मन्दिर के लिए सदैव तत्पर रहने बात कही। साथ ही विद्यालय के उबड-खाबड जमीन एवं खेल मैदान के समतलीकरण के लिए 20 लाख स्वीकृत करवाने की घोषणा की। इसके बाद विद्यालय की प्रतिभा एवं भामाशाहों का सम्मान किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पेरवा में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह उमंग 2025 मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक मोतीराम कोली रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयंतीलाल कोली ने की। विशिष्ट अतिथि सवाराम कोली रहे। विधायक कोली ने विधायक मद से दो कक्षा कक्ष बनवाने का आश्वासन दिया। एक कक्षा कक्ष समसा से बनवाने की घोषणा की। विधायक ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विद्यालय की बालिकाओं को विधानसभा की लाइव कार्रवाई जयपुर ले जाकर दिखाने का वादा किया। प्रधानाचार्य राजपाल यादव ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन पेश किया। इस अवसर पर प्रतिभाओं, खिलाड़ियों, श्रेष्ठ कार्य करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राजस्थानी लोक संस्कृति की कई रंगारंग प्रस्तुतियां पेश की।







**गोयली।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पीपलकी में वार्षिकोत्सव ज्ञान को धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि दिनेश बी रावल, विशिष्ट अतिथि एसएमसी अध्यक्ष नरेन्द्र रावल कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक तेजाराम रावल, छगन, शंकरलाल पीपलकी ने की। कार्यवाहक प्रधानाध्यापक कल्याणसिंह देवल ने विद्यालयों की उपलब्धियों, आधारभूत सुविधाओं, आधुनिक एवं समृद्ध पुस्तकालय एवं सुसन्जित कम्प्यूटर कहा इत्यादि के बारे में जानकारी दी। इसके बाद विद्यालय की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम प्रभारी महेन्द्र प्रजापत,अनोपसिंह सोलंकी, अशोकसिंह जोधा, लाखाराम देवासी, अनमोल सेनी मौजूद थे।



**पोसालिया।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पोसालिया में वार्षिकोत्सव उमंग 2025 एवं पुरस्कार वितरण समारोह समाजसेवी वचनसिंह देवड़ा, भामाशाह मोहनलाल जैन, किसानमोर्चा जिला महामंत्री नरपतसिंह, समाजसेवी मानसिंह राव, एसडीएमसी विधायक प्रतिनिधि किशनलाल माली, छगनलाल माली, एसडीएमसी सदस्य पदमाराम कुम्हार एवं चम्पालाल माली आदि की उपस्थत में मनाया गया। प्रधानाचार्य श्रीमती शशि चौरडिया ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन भरतसिंह ने किया। विद्यालय की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। उप प्रधानाचार्य जैसाराम मीणा, जबरसिंह चौहान, कांतिलाल माली, भंवरलाल परमार, मुक्त वैष्णव, नरेंद्रसिंह जोधा, मनोज कुमार मीणा, रामदेव विश्नोई, मंजू गोस्वामी, स्वाति साहू, जगाराम कुम्हार, भगवानराम मेघवाल, मंजू मीणा, अरविंद कुमार छीपा, रौनक बामनिया, नरेंद्रसिंह चौहान, पारस मीणा, कुसुम, गणेशराम मीणा और रामलाल उपस्थित थे। उधर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुथारो का गुड़ा में सरपंच तेजाराम सरगरा के मुख्य आतिथ्य, उप सरपंच श्रवणसिंह देवड़ा व एसएमसी अध्यक्ष कलाराम देवासी, प्रधानाध्यापक नटवरसिंह की अध्यक्षता में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रतिभाओं का सम्मान किया। मोडाराम देवासी, अध्यापक, प्रेमसिंह, राकेश, शिल्पा चौधरी, प्रिया, मांगी कुमारी देवासी, सोनाराम माली, देवाराम मीणा, कसनाराम देवासी, सतरुपाराम एवं वक्ताराम आदि मौजूद थे। वही शहीद भंवर सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय छीबागाव में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास से मनाया। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, विशिष्ट अतिथि लुम्बाराम चौधरी, उप जिला प्रमुख मनीषा मीणा, समाजसेवी विशनसिंह देवड़ा, सीबीइओ अशोक कुमार परमार, प्रियव्रतसिंह देवड़ा, बलवंतसिंह देवड़ा, मनकाराम देवासी, केसरसिंह देवड़ा आदि मौजूद थे। सांसद ने विद्यालय में खेल कक्ष बनवाने की घोषणा की। राज्य मंत्री ने विद्यालय में रसोई घर के लिए कमरा बनाने की स्वीकृति 10 दिन में पूरी करवाने की घोषणा की। प्रधान ने खेल मैदान में ओपन जिम इंस्ट्रूमेंट लगाने की घोषणा एवं जिला परिषद से 200 मीटर चार दिवारी बनवाने की घोषणा की। संस्था प्रधान महेश कुमार गुर्जर ने सभी का आभार व्यक्त किया।





## विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**शिवगंज।** मॉडर्न डिफेन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को नो बेग डे पर विज्ञान प्रश्नोत्तरी का हुआ आयोजन किया गया। जिसमें टैगोर हाउस, रमन हाउस तथा भाभा हाउस क्रमशः पहले, दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे। निर्णायक रीटा त्रिवेदी, सीमा अग्रवाल और निखिल वैष्णव रहे। प्रतियोगिता का संचालन प्रफूल बोहरा ने किया। संस्था उपनिदेशक भानुप्रतापसिंह राजपुरोहित ने बताया कि विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन भरत खंडेलवाल के निर्देशन में किया गया। प्रतिभाओं को पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवगंज के भौतिक विज्ञान के व्यख्याता दिनेश ओझा ने मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। खाना बनाने की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसका राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवगंज के प्रधानाचार्य हनवंतसिंह महेचा ने निरीक्षण किया।

## सांसद ने शोक संतप्त परिवार को बंधाया ढांढ़स



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**वेलांगरी।** सांसद लुम्बाराम चौधरी ने शनिवार को गणपतसिंह राठौड़ की मां के निधन पर उनके निवास पर जाकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। मण्डल अध्यक्ष कुपाराम देवासी, विजयसिंह सोलंकी, शैतानसिंह, जब्बरसिंह, भवानीसिंह आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने सांसद चौधरी जेजेएम योजना के तहत पानी आपूर्ति के बारे शिकायत करने पर सांसद ने मौके पर ही संबंधित विभाग को तुरंत निस्तारण के लिए निर्देश दिया गया।

## निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** एसबीआई फाउण्डेशन एवं तारा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को नवारा में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन चयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 112 मरीजों की आंखों की जांच की गई। 40 लोगों को मोतियाबिन्द पाया गया। शिविर में निःशुल्क दवाई और चश्मे वितरित किये गये। मोतियाबिन्द मरीजों का उदयपुर स्थित तारा नेत्रालय में निःशुल्क ऑपरेशन जाएगा। सरपंच नरपतसिंह देवड़ा, समाज सेवी देवेन्द्र कुमार प्रजापत का सराहनीय योगदान रहा। तारा संस्थान के संस्थापक व अध्यक्ष कल्पना गोयल ने बताया कि शिविर के माध्यम से ग्रामीणों में आंखों की देखभाल तथा समय-समय पर जांच के प्रति जागरुकता पैदा हो रही है।

## ठंडे पानी से नहाने की आराधना शुरु



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** भटाना के संजय कुमार सेन गांव में सनातन धर्म के प्रति जागरूकता लाने व जनकल्याण के लिए सवेरे पांच बजे ठंडे पानी के मटकों से स्नान कर आराधना कर रहे है। स्नान के बाद धूनी चेतन कर परमात्मा से जनकल्याण के लिए प्रार्थना करते हे। सेन ने बताया कि 23 जनवरी से ठंडे पानी से नहाने की आराधना प्रारंभ की है। वे रोज शाम के समय मटके जल और गंगाजल से भरकर रख देते है। फिर अल सुबह 4 बजे उठते हैं 5 बजे उनके दर्जनों भक्त ठंडे पानी से उन्हें स्नान करवाते हैं। पहले दिन श्रद्धालुओं ने 51 मटकों से भक्त को स्नान कराया। धीरे धीरे मटकों की संख्या बढ़ाई जाएगी। विक्रमसिंह, जीतू भाई, दिनेश कुमार देवासी, डॉ मुकेश बाबल, भरत कुमार, ललित देवासी, दिनेश कुमार, प्रकाश सुथार, राजू भाई बिश्नोई, योगेश कुमार, विशालसिंह आदि मौजूद रहते हैं।

## बंजारा समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** बंजारा समाज की क्रिकेट प्रीमियर लीग प्रतियोगिता आयोजित की गई। कांग्रेस प्रदेश महासचिव हरीश चौधरी ने आगाज किया। चौधरी ने कहा कि क्रिकेट से आत्मविश्वास बढ़ता है। पहला मैच सरूपगंज व गांधीनगर की टीम के बीच हुआ। जिसमें गांधीनगर की टीम विजयी रही। वहीं दूसरा मैच ईडर गुजरात व पाण्डुरी के बीच खेला जाएगा। देवाराम बंजारा, बाबूलाल बंजारा, छोगाराम बंजारा, अजय बंजारा, हार्दिक बंजारा, रवि राठौड़, किशन राठौड़, राहित, राकेश, विनोद, अर्जुन, करण, भरत व प्रवीण आदि मौजूद थे।

# गणतंत्र दिवस समारोह : ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

- शाह पुंजाजी गेनाजी ग्राउंड में होगा कार्यक्रम
- आहोर चौराहा से कॉलेज तिराहा रोड रहेगा बंद

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर में गणतंत्र दिवस पर जालोर स्टेडियम में समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन के द्वारा इस रोड से यातायात व्यवस्था एक दिन के लिए डायवर्ट की गई है। जालोर जिला कलेक्टर डॉ प्रदीप के गवांड़े एवं एसपी ज्ञानचंद्र यादव के निर्देशानुसार हर साल की तरह इस साल भी गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) समारोह शाह पुंजाजी गेनाजी ग्राउंड में होगा। समारोह के दौरान आहोर चौराहा से कॉलेज तिराया के बीच का रास्ता सुबह छह बजे से कार्यक्रम होने तक बंद रहेगा। समारोह में आने-जाने वाले आमजन की सुरक्षा के लिए इस रोड पर ट्रैफिक रोका गया है। इसके अलावा बाड़मेर सायला की तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन पंचायत समिति से रेलवे स्टेशन आहोर चौराहा होते अस्पताल चौराहा मीरादातार होकर भीनमाल व कॉलेज तिराया से जोधपुर जाने वाले इमानवल स्कूल महेशपुरा गोदन होते हुए जाएंगे। जोधपुर की तरफ से आने वाले सभी भारी वाहन गोदन महेशपुरा होते हुए बाईपास से पंचायत समिति से बाड़मेर की तरफ व रेलवे स्टेशन से आहोर चौराहा होते हुए अस्पताल चौराहा मीरादातार होकर भीनमाल की तरफ जाएंगे।

## जालोर की फोक डांसर्स टीम आज होगी सम्मानित

▸▸ भोपाल के कला उत्सव में किया था राजस्थान का प्रतिनिधित्व




**जालोर।** जालोर के पांच लोक नर्तकों की टीम का जयपुर के गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मान होगा। ये कलाकार राज्य स्तरीय कला उत्सव 2024-25 में प्रथम रहे थे। राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम में ऐश्वर्या भटनागर, आस्था तिवारी, भाग्यश्री सोनी, कीर्ति सुथार व पिया एवं प्रशिक्षक शैलजा माथुर थे। इन्हें शिक्षा संकुल जयपुर में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के शासन सचिव द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी के आदेशानुसार महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय शिवाजी नगर जालोर की इन छात्राओं की टीम ने भारत सरकार द्वारा एक से सात जनवरी तक भोपाल के रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, एनसीईआरटी में आयोजित आठ दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय कला उत्सव 2024-25 में अपने हुनर का प्रदर्शन कर राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए राजस्थानी लोक संस्कृति को राष्ट्रीय पटल पर जीवंत करने का प्रयास किया था। इस उपलब्धि पर जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे ने हर्ष व्यक्त करते हुए पूरी टीम को बधाई दी। गौरतलब है कि पूर्व में प्रशिक्षक शैलजा माथुर के निर्देशन में जालोर जिले के दल ने दो बार लेटा, एक बार बागरा एवं दो बार जालोर के विद्यार्थियों के दल सहित कुल पांच बार राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रदर्शन कर जालोर जिले का नाम गौरवान्वित किया।

## धानोल प्रीमियर लीग का समापन

▸▸ एनसीसी रानीवाड़ा टीम रही विजेता

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा उपखंड क्षेत्र के धानोल गांव में पांच दिवसीय धानोल प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ, जिसमें रानीवाड़ा की एनसीसी टीम प्रथम रही जिनको 11 हजार रूपए की राशि के साथ सम्मानित किया गया। वहीं



द्वितीय गंगेश्वर इलेवन टीम रही जिसे पांच हजार एक सौ रूपए की राशि से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच प्रतिनिधि परेशकुमार सहित ग्रामवासियों ने टीमों का सम्मान किया। इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता मे रानीवाड़ा क्षेत्र सहित दूर-दराज से पहुंची टीमों ने हिस्सा लिया था। आज समापन कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान उमाराम चोधरी, सहित लोग मौजूद रहे।

# मासूम बच्चों से कराई जा रही स्कूल परिसर में साफ-सफाई

**प्रधानाचार्य का गैर जिम्मेदाराना जवाब-सभी स्कूलों में बच्चों से करवाई जाती सफाई**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता





**सायला।** बच्चे देश का भविष्य होते है। जहां स्वजन अपने बच्चों का भविष्य संवारने के लिए स्कूल भेजते है लेकिन स्कूल में मासूम बच्चों के नन्हें हाथों में कलम की जगह झाडू और बाल्टियां थमा दी जाए तो क्या होगा? जाहिर सी बात है इससे बच्चों के पढाई पर विपरित असर पड़ेगा और वे पढाई में कम तथा दूसरी चीजों में ज्यादा ध्यान देंगे। ऐसा ही एक मामला सायला ब्लॉक के बावतरा गांव स्थित मरूधर शिक्षण संस्थान उच्च माध्यमिक विद्यालय में सामने आया है। यहां राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की तैयारी के लिए प्रधानाचार्य कपूरगिरी गोस्वामी द्वारा मासूम बच्चों के हाथों में झाडू पकडा दिया गया और बच्चों से विद्यालय परिसर की साफ-सफाई करवाई गई। प्रधानाचार्य यहां तक भी नहीं रूके और सफाई के बाद कचरे के ढेर को भी मासूम बच्चों से बाल्टी और प्लास्टिक के केरट में उठवाकर विद्यालय परिसर से बाहर डलवाया दिया। जबकि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत विद्यालय में पढाई के अलावा बच्चों से साफ-सफाई करवाना नियमविरूद्ध है। इस संबंद्ध में जब प्रधानाचार्य कपूरगिरी से सवाल किया गया तो उन्होंने बेतुका जवाब देते हुए कहा कि सभी स्कूलों में बच्चों से साफ-सफाई करवाई जाती है इसलिए उन्होंने भी सफाई करवा दी। हालांकि प्रधानाचार्य का ऐसा जवाब उनके गैर जिम्मेदाराना रवैये को भी दर्शाता है।

**इनका कहना है**

मैं मामले की जानकारी लेता हूं, ऐसा होगा तो कार्रवाई करेंगे।

- भंवरलाल परमार, सीबीईओ सायला

## वार्षिकोत्सव में छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रानीवाड़ा।** रानीवाड़ा के निकटवर्ती राउमावि सेवाड़िया में शनिवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। शा. शिक्षक आसुराम सैन ने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार आज राउमावि सेवाड़िया में पीईईओ आजोदर राजेन्द्रकुमार कोली के मुख्य आतिथ्य में एवं प्रधानाचार्य लखमाराम चौधरी की अध्यक्षता में और नासिर मोहम्मद वाइस प्रिंसिपल आजोदर, पारसाराम राणा व्याख्याता आजोदर के विशिष्ट आतिथय में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति की गई । कार्यक्रम में छात्रों द्वारा व्यायाम प्रस्तुति में शानदार पिरामिड पेश किया गया। मुख्य अतिथि एवं अन्य सभी मेहमानों द्वारा प्रतिभावान छात्रों को प्रशस्ति पत्र मोमेंटो एवं पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में सांस्कृतिक प्रस्तुति की प्रशंसा की एवं सेवाड़िया को भामाशाहों की नगरी कहकर संबोधन किया। सभी भामाशाहों को इस कार्यक्रम में भागीदारी के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। गणतंत्र दिवस के सभी भामाशाहों को अग्रिम बधाई और धन्यवाद दिया। अध्यक्ष संबोधन में स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य लखमाराम चौधरी द्वारा सभी मेहमानों, भामाशाहों, सभी स्टाफ साथियों को धन्यवाद देकर आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में आजोदर विद्यालय से अध्यापिका सुनिताकुमारी एवं स्थानीय विद्यालय से लिखमाराम बिसोर, नेहा चौहान, सीमा मीणा, रेखा मीणा, दलपत चौधरी, प्रागाराम पुरोहित, रमेशचंद्र पुरोहित एवं हरजीराम ने व्यवस्था में सहयोग दिया।

## सांचौर में एडीएम का पद मंजूर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** राजस्थान सरकार ने सांचौर में अतिरिक्त जिला कलेक्टर (एडीएम) के पद को बरकरार रखने की प्रशासनिक और वित्तीय मंजूरी दे दी है। सांचौर जिला रद्द किए जाने के बाद यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। एडीएम कार्यालय में कुल 10 पदों की स्वीकृति दी गई है, जिसमें एडीएम का एक पद, निजी सहायक का एक पद, सहायक प्रशासनिक अधिकारी का एक पद, वरिष्ठ सहायक का एक पद, कनिष्ठ सहायक के तीन पद और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के तीन पद शामिल हैं। इस बीच पूर्व सांसद देवजी पटेल ने मुख्यमंत्री से जिले को बहाल करने की समीक्षा और कानून व्यवस्था के लिए एडीएम की नियुक्ति की मांग की थी। हालांकि पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई के नेतृत्व में उपखंड मुख्यालय के सामने चल रहा धरना जारी है। बिश्नोई का कहना है कि सांचौर सभी मापदंडों को पूरा करता है और यह सिर्फ एडीएम का नहीं बल्कि पूर्ण जिले का हकदार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे जिला कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक सहित पूर्ण जिले की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक सरकार सांचौर जिले को पुनः बहाल नहीं करती, तब तक उनका धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा।



## पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी : शांतिलाल जीनगर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता






**भीनमाल।** जुंजाणी के पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में खेल दिवस का शुभारंभ प्राचार्य शांतिलाल जीनगर ने ध्वजारोहण के साथ किया। उप प्राचार्य राजेश कुमार ने खेल को खेल की भावना से खेलने एवं आपसी भाईचारे व सदभावना की शपथ दिलाई। प्राचार्य शांतिलाल जीनगर ने बताया कि पीएमश्री विद्यालय में खेल दिवस पर जेपीएल जुंजाणी प्रतियोगिता पर पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि व आकाश सदन के बीच अंतर सदनीय खेलों का आयोजन किया गया। विद्यालय में पीएमश्री गतिविधियों के तहत समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। खेलों से छात्रों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों के लिए रिवर रेस, जलेबी रेस, पेपर बॉल रेस, बुक दौड़, ऑक्टोपस, कंगारू दौड़ सहित विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। सीनियर वर्ग में भाला, तस्त्री, गोला फेंक, हैमर थ्रो, ट्रिपल जंप, ऊंची व लंबी कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया। ग्रामीणों व विद्यालय प्रशासन के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। निर्णायक की भूमिका रेवतसिंह, अशोक प्रजापत, पवन व्यास ने निभाई। खेलों का आयोजन शारीरिक शिक्षक रविंद्र कुमार व रायमल राम ने कराया। हाउस प्रभारी उत्तमसिंह, विमला बिश्नोई, दीपिका कुमारी, प्रियंका बिश्नोई मौजूद रहे।

## मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी योग : शास्त्री

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल।** माघ मास में आने वाली अमावस्या तिथि को मौनी अमावस्या कहा जाता है। इस बार मौनी अमावस्या बुधवार, 29 जनवरी को है। श्री दर्शन पंचांग कर्ता शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी ने बताया कि इस दिन पितर अपने वंशजों से मिलने के लिए धरती पर आते हैं। साथ ही इस बार मौनी अमावस्या पर त्रिवेणी योग सहित कई शुभ योग बनने से मौनी अमावस्या का महत्व कई गुना बढ़ गया है एवं मौनी अमावस्या पर महाकुंभ का दूसरा शाही स्नान भी किया जाएगा। त्रिवेदी ने बताया कि अमावस्या पर इस बार मकर राशि में एक साथ सूर्य, बुध और चंद्रमा विराजमान होकर त्रिवेणी योग बनाएंगे। इसी के साथ इन सभी पर गुरु की नवम दृष्टि भी रहने वाली है। इसी के साथ शुक्र का मीन राशि में होने से मालव्य राजयोग भी बना रहेगा। श्रवण नक्षत्र का संयोग भी रहने वाला है। शश राजयोग भी रहेगा। बुधादित्य राजयोग भी रहेगा। शास्त्री ने बताया कि अमावस्या तिथि पितरों को समर्पित हैं। मान्यताओं के अनुसार, इस दिन स्नान दान और पितरों के नाम से तर्पण करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। माघ मास का धार्मिक रूप से विशेष महत्व है। ऐसे में माघ मास में आने मौनी अमावस्या का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। मान्यता है कि मौनी अमावस्या पर पितर अपने वंशजों से मिलने के लिए धरती पर आते हैं। ऐसे में उनके नाम से किया गया दान पुण्य व्यक्ति को कई गुना अधिक फल देता है। इस दिन किए गए पितरों के नाम से दान पुण्य और तर्पण से पितरों का आशीर्वाद हमेशा परिवार के सदस्यों पर बना रहता है। ब्राह्मणों और गरीबों को भोजन कराने से भी पितर प्रसन्न होते हैं।




## सायला के टैक्सीचालकों का टोल शुल्क माफ करवाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** टैक्सी यूनियन सायला द्वारा शनिवार को चौराऊ टोल प्लाजा पर सायला के टैक्सीचालकों का टोल शुल्क माफ करवाने की मांग को लेकर उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि सायला के टैक्सीचालक प्रतिदिन सायला-बागोडा रोड पर आवागमन करते है। इस मार्ग पर सायला से मात्र पांच किलोमीटर के दूरी पर चौराऊ के पास टोल



प्लाजा स्थापित किया गया है। ऐसे में टैक्सी चालकों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए आसपास के गांवों में आने-जाने के दौरान टोल शुल्क देना पडता है। जिससे उनकी जेब पर आर्थिक भार बढता है। जिस पर टैक्सी चालकों का टोल शुल्क फ्री करवाने के लिए टोल प्लाजा प्रबंधक को निर्देशित करवाने की मांग करते है। इस दौरान देवाराम मेघवाल, सुलेमान खान, पारसमल, ओखाराम, जोगाराम, खीमसिंह, बदाराम, रणजीत, हरसन, मंगलाराम, ओटाराम, जयन्तिलाल, शौकत, गफार खां, करनाराम समेत टैक्सीचालक मौजूद थे।

## दुकानदारों की मनमानी से परेशान ग्रामीण

▸▸ सड़क पर सामान रखने से वाहन चालकों को समस्या
▸▸ प्रशासन नहीं दे रहा कोई ध्यान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**भीनमाल।** भीनमाल के पुराने जुंजाणी बस स्टैंड से लेकर पुरानी टंकी तक बाजार क्षेत्र में दुकानदारों की मनमानी से आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदार अपना सामान सड़क पर रखकर पैदल चलने वालों के लिए मुसीबत खड़ी कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पिछले कई महीनों से यह समस्या बनी हुई है।

दुकानदार अपनी दुकानों के सामने सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण कर रहे हैं, जिससे सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गई है। इससे न केवल पैदल चलने वालों को परेशानी हो रही है, बल्कि वाहन चालकों को भी जाम की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने कई बार नगर प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि प्रशासन की इस उदासीनता से दुकानदारों के हौसले बुलंद हैं और वे नियमों की अनदेखी करते हुए मनमानी कर रहे हैं। विशेष रूप से बाजार में भीड़ के समय यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को तो विशेष परेशानी का सामना करना पड़ता है। ईओ तेजराज भंडारी ने बताया कि दुकानदारों से समझाइश करके सामान हटाया जाएगा।

## मतदाता दिवस पर नव मतदाता सम्मानित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जसवंतपुरा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शनिवार को कस्बे के स्थानीय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय उपखण्ड अधिकारी रामलाल मीणा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। जिसमें नव मतदाता के रूप में विक्रम प्रजापत, बाबूलाल प्रजापत व साहिल तथा बुजुर्ग मतदाता के रूप में उनाराम माली, दिव्यांग मतदाता के रूप में कल्पेश माली और महिला मतदाताओं को माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों द्वारा हिंदी व अंग्रेज़ी में मतदाता दिवस के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शैल सिंह देवल, सुपरवाईजर कृष्णकांत बोहरा, भगवत सिंह राणावत, विनोद रिणवा, वगताराम प्रजापत, बीएलओ शिवनारायण मीणा, फतेह कुमार, पंकज शर्मा, पवन शर्मा, गोविंद प्रजापत, शिवचरण मीणा व विद्यालय समस्त स्टाफ उपस्थित थे।




# 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को जिला परिषद सभा भवन, जालोर में 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' की थीम पर जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। समारोह में जिला निर्वाचन अधिकारी डा. प्रदीप के. गावंडे ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य रूप से मतदान करना चाहिए। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में मतदाता सूची की महत्वता की जानकारी दी। उत्कृष्ट कार्य करने वाले 21 बीएलओ, सुपरवाईज्र व कार्मिकों को किया गया सम्मानित कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन से संबंधित उत्कृष्ट कार्य करने पर आहोर विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 19 के बीएलओ डायाराम, भाग संख्या 16 के बीएलओ ईन्द्रसिंह चौहान, भाग संख्या 158 के बीएलओ होसाराम बामणिया, भाग संख्या 62 के बीएलओ गणपतसिंह व केएपी सर्वे प्रगणक पदमाराम, जालोर विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 216 के बीएलओ रूपसिंह सिंधल, भाग संख्या 45 के बीएलओ आदम खां राजड, भाग संख्या 246 के बीएलओ शिक्षा अनुदेशक शादाब अहमद व सुपरवाईजर मनोहरसिंह, भीनमाल विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 276 के बीएलओ अर्जुन कुमार, भाग संख्या 107 के बीएलओ चेनाराम, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी भंवरसिंह सोढ़ा व सुपरवाईजर नित्यानन्द, सांचौर विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 26 के बीएलओ शकुर खान, सुपरवाईजर रामनिवास, भाग संख्या 193 के बीएलओ पुखराज व भाग संख्या 228 के बीएलओ मुकेश कुमार जुनीवाल को सम्मानित किया गया।

**मध्य रेल**

**विभिन्न कार्य**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.च. स्टॉक) मध्य रेल विद्युत लोको शेड कल्याण 421301 द्वारा, प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली ई निविदा वेबसाईट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित करते है। **क्र.1. कार्य का विवरण**: विद्युत् लोको शेड कल्याण में 128 नंबर रूफ माउंटेड केब ऐयर कन्दिशनर युनिट (64 लोको) का स्पेयर्स के बदलाव के साथ तीन वर्ष की अवधि के लिए वार्षिक अनुरक्षण ठेका। **निविदा क्र: ईएलएस केवायएनवर्क्स24-31_कैद - ऐसी। कार्य की औसत लागत**: रु.1,78,01,681.98 (जी एस टी सहित)। **ई.एम.डी. / बिडसिक्योरिटी**: रु. 2,39,000/-. **निविदा पत्र का मूल्य**: 0/-. **समापन / अनुरक्षण अवधि**: 36 माह। **बिड प्रकार**: सिंगल पैकेट। **क्र.2. कार्य का विवरण**: तीन साल की अवधि के लिए उपकरण और औजार मापन का कैलिब्रेशन **निविदा क्र: ईएलएसकेवायएनवर्क्स-2024-25-कैलिब्र।कार्य की औसत लागत**: रु. 20,26,160.40 (जी एस टी सहित)। **ई.एम.डी. / बिडसि क्योरिटी**: रु 40,500/-. **निविदा पत्र का मूल्य**: 0/-. **समापन / अनुरक्षण अवधि**: 36 माह। **बिड प्रकार**: सिंगल पैकेट। **अनुदेश: 1. उपरोक्त निविदा की बंद होने की तिथि एवं समय 13.02.2025 को 11:00 बजे और उसी दिन 11:00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा ऑफर की वैधता 60 दिन है।** 2. निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध हैं। सम्पूर्ण विवरण वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.च.स्टॉक) मध्य रेल विद्युत लोको शेंड कल्याण 421301 के कार्यालय मे भी उपलब्ध हैं। DE-722

रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस

## नौ बीएलओ, सुपरवाईजर व कार्मिक सम्मानित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीनमाल ।** वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' की थीम पर 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का का आयोजन शनिवार को स्थानीय विकास भवन में उपखंड अधिकारी नीरज कुमारी की मौजूदगी में हुआ। इस दौरान मतदाता सूची संबंधी उत्कर्ष कार्य करने वाले नौ बीएलओ व सुपरवाईजर को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी नीरजकुमारी ने मतदाता दिवस की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि नये मतदाताओं को भय मुक्त एवं लोभ-लालच से दूर रह कर मतदान करना चाहिए। एसडीएम ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उप खंड स्तरीय समारोह में विधानसभा भीनमाल 143 के भाग संख्या 177-188 सुपरवाईजर रा. उ. मा. वि. कोरा कृष्णकुमार वरिष्ठ अध्यापक, भाग संख्या 93-105 सुपरवाईजर रा. उ. मा. वि. सेवडी रामलाल विश्नोई वरिष्ठ अध्यापक व्याख्याता, भाग संख्या 117 बी. एल. ओ. रा. उ. प्रा. वि. नगा की ढाणी दांतीवास किशनाराम सारण अध्यापक बरिष्ठ प्रबोधक, भाग संख्या 33 बी. एल. ओ. रा. मा. वि. जूना राउता बलवंताराम



अध्यापक,भाग संख्या 204 बी. एल. ओ. रा. उ. मा. वि. मोदरा स्टेशन पारसाराम प्रजापत अध्यापक, भाग संख्या 256 बी. एल. ओ. रा. प्रा. वि. इन्द्रा कॉलोनी सोमता रणजीतकुमार अध्यापक, भाग संख्या 123 बी. एल. ओ. रा. उ. मा. वि. वियो का गोलिया पूनासा गणपतसिंह प्रबोधक, तहसील कार्यालय भीनमाल रमेशकुमार होमगार्ड, रा. उ. प्रा. वि. बेतारण सांवलाराम अध्यापक को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया गया है । कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी जागरूक मतदाताओं को भय मुक्त एवं लोभ-लालच से दूर रहने की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर नायब तहसीलदार मीठालाल जोशी, भावाराम, नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी, मुकेश सोलंकी सहित बड़ी संख्या में बीएलओ, सुपरवाइजर, कर्मचारी मौजूद थे।

## जैन मंदिर से चोरी सामान खरीदने वाला गिरफ्तार

▸▸ ताला तोड़कर मूर्तियों पर लगे चांदी के तीन छत्र और सामान ले गए थे बदमाश

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जालोर।** जालोर के आहोर स्थित सेदरिया बालोतान के जैन मंदिर में 42 दिन पहले चोरी हुई थी। मामले में चोरी का माल खरीदने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। चोरी करने वाले दो बदमाशों को पहले पकड़ा गया था। दोनों ने पूछताछ में चोरी का माल बेचने की बात कबूल की थी, जिसके बाद खरीददार को पकड़ा गया। आहोर थानाधिकारी रामप्रताप सिंह ने बताया- आहोर ग्राम सेदरिया गुडाबालोतान में स्थित जैन मंदिर का 12 दिसंबर की रात ताला तोड़कर चोर मूर्तियों पर लगे चांदी के तीन छत्र, तीन नारियल और एक कपाल पट्टी बांदी के गहने, तीन नंग भगवान की मूर्ति के तिलक चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने चोरी के आरोपी दिनेश कुमार व महेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया था। दोनों ने चुराए गए आभूषण आदि को बरामदगी के संबंध में पूछताछ करने पर बाइक बरामद की गई। दोनों ने चोरी का माल खरीदने और वारदात में सहयोग में देवाराम(35) पुत्र रतिया मीणा का नाम बताया था। अब पुलिस ने देवाराम को भी गिरफ्तार कर लिया।



# गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति होंगे सम्मानित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** उपखंड मुख्यालय पर रविवार को 76वां गणतंत्र दिवस समारोह खेल मैदान सायला में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। समारोह के तहत मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई द्वारा प्रातः 9:30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। तत्पश्चात विभिन्न राजकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थी मार्च-पास्ट एवं शारीरिक व्यायाम का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही देशभक्ति व राजस्थानी संस्कृति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, भामाशाहों, समाजसेवी व्यक्तियों, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों एवं खिलाडियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में दोपहर तीन बजे राउमावि सायला के प्रांगण में ग्रामीण बनाम प्रशासन के बीच वॉलीबॉल के मैत्री मैच का आयोजन होगा। इधर कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों द्वारा शनिवार को विभिन्न कार्यक्रमों का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया।

**मध्य रेल**

**सफाई और पेंटिंग का कार्य**

**खुली ई-निविदा संख्या : केवायएन-एलडी-583-पीरिव्हे-24-25-07आर1, दिनांक: 21.01.2025. कार्य का विवरण**: मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के कल्याण और लोनावाला जिले में ओएचई और पीएसआई संरचनाओं की सफाई और पेंटिंग। **अनुमानित लागत** : रु. 8807521.54. **ईएमडी**: रु. 176200/-. **निविदा पपत्र का शुल्क**: रु. 0/-. **समापन अवधी**: 12 महीने। ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं अवधि दि. 20.02.2025 को 11:00 बजे है। ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेल की अधिकारीक वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा की जानकरी वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क. वि.) मध्य रेल, कल्याण के सुचना पट पर उपलब्ध है। DE-718

रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है

**मध्य रेल**

**ई-नीलामी की सूचना**

मुंबई मंडल, मध्य रेलवे ने ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से **www.ireps.gov.in** पर नीचे दी गई संपत्तियों कि लीजिंग के लिए ई-नीलामी का आह्वान किया है। **इच्छुक बोली दाताओंको ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल में पंजीकृत होना आवश्यक है और ई-नीलामी से पहले सभी आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे।** अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि नीचे उल्लिखित ई-नीलामी के विवरण जानने के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

| क्रमांक | श्रेणी | उपश्रेणी | नीलामी प्रारंभ |
|---|---|---|---|
| 1. | Advertising | Advertising on Station Both (RDN-non digital /RDN-Digital) | 30.01.2025, 31.01.2025 |
| | | Mobile Assets Internal & External Media | 07.02.2025 |
| | Other NFR | ATMs | 06.02.2025 |
| | | Parcel Scanner | 07.02.2025 |
| 2. | Pay & Parking | Mixed | 28.01.2025, 04.02.2025 |
| 3. | Parcel | 03SLR, 07RSLR, 08R SLRLHB, 24PSLR | 27.01.2025,04.02.2025 05.02.2025, 10.02.2025 |

इसके अलावा विषय नीलामी के संबंध में, परिशिष्ट / शुद्धिपत्र, लॉट/कैटलॉग की वापसी, नीलामी की तिथि या समय में परिवर्तन, विस्तार, स्पष्टीकरण आदि, यदि कोई हो, तो केवल वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। बोलीदाताओं को स्वयं को अद्यतन रखने के लिए नियमित रूप से वेबसाइट पर जाना चाहिए। DE-726

रेल्वे फाटक को बंध स्थिति में पार करना मना है

# 'विद्यार्थी शिक्षा के साथ खेल के क्षेत्र में आगे आए'




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में यू सी ई ई ओ परिक्षेत्र स्कूलों का सामूहिक वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया समारोह के मुख्य अतिथि पैरा ओलंपियन देवेंद्र झाझडिया अध्यक्ष विधायक मनोज न्यांगली विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता वेद प्रकाश पूनिया प्रोफेसर दिलीप सिंह पूनिया महावीर सिंह पूनिया कौशल पूनिया मदन मोहन आचार्य स्वतंत्र पत्रकार पूर्व पार्षद मनीराम गहनोलिया उर्मिला पूनिया एवं कार्यक्रम के मेजबान प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया राजवीर सुड्डा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया एवं यू सी ई ई ओ परिक्षेत्र स्कूलों के स्टाफ सदस्यों ने अतिथियों का माल्यार्पण साफा और गुलदस्ता भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया विभिन्न स्कूलों से पधारे प्रतिभागी विद्यार्थीयों ने मनमोहक एवं देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में शिक्षा खेल और शैक्षिक गतिविधियों में श्रेष्ठ उपलब्धियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि पैरालंपियन देवेंद्र झाझडिया ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अनुशासन लग्न एवं पूरी निष्ठा के साथ शिक्षा प्राप्त कर खेल के क्षेत्र में भी आगे आए विद्यार्थी के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल और सह शैक्षिक गतिविधि अति आवश्यक है उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे लक्ष्य तय कर उसे दिशा में सतत प्रयास करें और सफलता की और बढ़े विधायक मनोज न्यांगली विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे शिक्षकों के मार्गदर्शन में नैतिक और आध्यात्मिक मूल्य ग्रहण कर शिक्षा प्राप्त कर देश हित के लिए आगे आए विद्यार्थी समय की महत्ता समझे और लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करें प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह पूनिया ने आभार धन्यवाद प्रस्तुत किया प्राचार्य राजवीर सुड्डा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया समस्त विद्यार्थियों को इस अवसर परअल्पाहार दिया गया इस मौके पर संदीप जडिया सुनील मील वीरेंद्र थालौड़ चक्रधर शर्मा वीरेंद्र मंजू जयसिंह झाझडिया जयवीर सिंह जोगेंद्र सिंह अब्दुल सत्तार रमेश सांगवान स्वाति हरपाल सिंह सुनील कुमार बलवान सिंह सहित यू सी ई ई ओ परिक्षेत्र स्कूलों के स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## प्राचार्य ओमप्रकाश चाहर ने पद का कार्यभार संभाला

**नोहर।** तहसील के अरड़की निवासी ओमप्रकाश चाहर ने उप प्राचार्य पद से पदोन्नत होकर शनिवार को प्राचार्य पद पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालिया में कार्यग्रहण कर किया । इस अवसर पर प्रधानाचार्य जसवंत सीला व शाला परिवार ने प्राचार्य पद पर पदोन्नत होने पर ओमप्रकाश चाहर का साफ़ा पहनाकर व माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। प्राचार्य जसवंत सीला ने पत्रकार बाल कृष्ण व्यास को बताया कि ओमप्रकाश चाहर ने पूर्व में वायुसेना में भर्ती होकर देश सेवा की है।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, आकाशवाणी तथा नेचर पार्क की विजिट की

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** पीएम श्री राजकीय मोहता बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ के कक्षा 6 से 12 के 60 छात्राओं का एक दल गुरुवार को पीएम श्री योजनान्तर्गत ट्विनिंग ऑफ़ स्कूल गतिविधि के तहत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चूरू की विजिट पर रहा । पीएम श्री प्रभारी विमलेश चन्द्र ने बताया कि प्राचार्य डॉ. सुशीला बलौदा ने भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्राचार्य डॉ. बलौदा भी विजिट के दौरान साथ रही। केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण सिंह चौहान के निर्देशन में विद्यालय स्टाफ द्वारा छात्राओं को संबंधित विद्यालय के पुस्तकालय, विभिन्न प्रयोगशालाओं, टॉय लाइब्रेरी, स्मार्ट कक्षा-कक्ष, आईसीटी लैब, खेल मैदान, किचन गार्डन तथा विभिन्न गतिविधियों का बारीकी से अवलोकन करवाया गया। छात्राओं ने विद्यालय की स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का भी अवलोकन किया। इसके अलावा छात्राओं द्वारा विद्यालय के मैन गेट व अन्य स्थानों पर लिखे गए नाम, कोटेशन व अन्य सौंदर्यकरण की सामग्री अवलोकन किया गया। सूचना प्रौद्योगिकी के अंतर्गत छात्राओं ने मीडिया साक्षरता के तहत आकाशवाणी केन्द्र चूरू के रेडियो स्टूडियो एवं रिकॉर्डिंग रूम का अवलोकन किया। आकाशवाणी से श्रवण कुमार रैगर ने समाचार, फिल्मी गाने एवं विभिन्न विषयों पर वाद विवाद एवं वार्ता प्रसारण के बारे में जानकारी दी तथा आकाशवाणी में करियर निर्माण के बारे में बताया। हरित विद्यालय गतिविधि अंतर्गत छात्राओं को नेचर पार्क का भ्रमण करवाया गया। इस अवसर पर उपप्राचार्य अरुण वशिष्ठ, उषा रानी, विमलेश चन्द्र, मंजू कुमार, पार्थ मनसोत्रा, सुनील व विमला उपस्थित थे।

## डॉ बासोतिया को पीएचडी की उपाधि

**सादुलपुर।** मोहता महाविद्यालय में अंग्रजी के प्रोफेसर डॉ दिनेश बासोतिया को राजस्थान के महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बांगड़े ने पीएचडी (अंग्रेजी) की उपाधि कोटा विश्वविद्यालय के ग्यारवें दीक्षांत समारोह में प्रदान की।

# 4 फरवरी को होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार

**सादुलपुर।** सादुलपुर में सूर्य रथ सप्तमी के अवसर पर 4 फरवरी को आयोजित होने वाले सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर क्रीड़ा भारती ने आज बैठक की। किस्तूरी मार्किट में जिला संयोजक जुगल किशोर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कार्यक्रम को व्यापक स्तर पर सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। मातृशक्ति जिला प्रमुख एडवोकेट गायत्री पुनिया ने कहा कि आज भारत की प्राचीन योग विद्या का प्रसार विश्व स्तर पर हो रहा है। उन्होंने बताया कि सूर्य सप्तमी पर सूर्य नमस्कार के माध्यम से की जाने वाली सूर्य उपासना सर्वश्रेष्ठ है। जिला संयोजक जुगल किशोर ने बताया कि जयपुर प्रांत क्रीड़ा भारती पिछले कई वर्षों से इस कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। उनका उद्देश्य है कि लोग सूर्य नमस्कार को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं, क्योंकि यह हर आयु वर्ग के लिए लाभदायक है।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या 02/2025/आर.एस./जे.एच.एस.**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (चल स्टॉक), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

**निविदा सं. झाँसी–आर.एस.–डब्ल्यू.सी.–टी27–2024-25**

**कार्य का विवरण :** कन्वेन्शनल लोको के N-32 टेप चेंजर (बी. टी. डिजाईन) का रिहैबिलिटेशन।

**निविदा मूल्य : Rs. 24158628.70, बयाना राशि : Rs. 270800.00, निविदा बंद होने की तिथि : 18.02.2025, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि :** 24 माह। निविदाकार निविदा दिनांक **18.02.2025** को **15:00** बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर देखें। **154/25 (D)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झांसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नामः** झाँसी डिवीजनः प्रोवीजन ऑफ पाथ वे एंड वाटर सप्लाई एट ट्रैक मशीन साइडिंग फॉर ट्रैक मशीन स्टाफ इन दी जूरिडिक्शन ऑफ एडीईएन/कानपुर।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झॉसी-इन्जी0- सी-2025-09

**अनुमानित लागत** : ₹ 11969960.03 | **अमानत राशि** : ₹ 209900.00

**निविदा बन्द होने की तिथिः** 21/02/2025 at 15:00 hrs.

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 09 माह

निविदा दिनांक 21.02.2025 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **158/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# मोहता पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** मोहता पब्लिक स्कूल, राजगढ में शुक्रवार को बाल मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राजगढ थानाधिकारी राजेश कुमार सिहाग तथा विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ईओ राकेश अरोडा ने फीता काटकर मेले का उदघाटन किया। इस अवसर पर मोहता संस्थाओं के सी.ई.ओ डॉ प्रताप सिंह राठौड, मोहता अस्पताल के सी.एम.ओ. डॉ अजीत सिंह, सेवा भावी वरिष्ठ पत्रकार श्याम जैन वरिष्ठ सम्पादक मदन मोहन आचार्य स्वतंत्र पत्रकार,व्यापार मंडल के अध्यक्ष पवन मोहता, हैदर अली, पवन गटटानी, राजेश कन्दोई, मुमताज, प्राचार्य मनीष शर्मा, उपप्राचार्य इन्द्रसिंह राजपूत, अदरीश मोहम्मद, युवा पत्रकार जयराम आचार्य आदि उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य मनीष शर्मा ने बताया कि इस बाल मेले में कक्षा 6 से 11 तक के विद्यार्थियों ने अपनी स्टॉल/शॉप लगा कर विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व लाजवाब व्यंजन बनाए तथा विभिन्न प्रकार के मनोरंजन खेलों के माध्यम से आगंतुकों का मन मोहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने विज्ञान के दैनिक जीवन में उपयोग से संबंधित विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाए। इस मेले में बच्चों के परिजन, स्नेहीजन, संबंधी और मित्रगण आदि ने पधारकर मेले का आनंद लिया।

# मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत पशुओं का होगा बीमा



**सादुलपुर।** राजस्थान सरकार द्वारा पशुपालकों बढ़ावा देने और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना शुरू की गई है। पशुपालन विभाग के राधा बड़ी उप स्वास्थ्य केंद्र डॉ. नीतू फोगाट व विजय सिंह जागलान ने बताया कि योजना का अंतर्गत पशुपालकों के दुधारू और भारवाहक पशुओं का निशुल्क बीमा करना है दुधारू गाय भैंस ऊंट भेड़ व बकरी जैसे पशुओं का एक वर्ष के लिए निशुल्क बीमा होगा उन्होंने बताया कि यह योजना न केवल पशुपालकों की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करेगी बल्कि पशुपालन व्यवसाय को भी प्रोत्साहन देगी उन्होंने गांव भाकरां राधा बड़ी जाटुवास के सभी पात्र पशुपालकों को समय पर आवेदन करने की अपील की है पशु चिकित्सक डॉक्टर नीतू फोगाट ने बताया कि मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के लिए अपने जन आधार कार्ड की सहायता से मोबाइल फोन में मंगला पशु बीमा योजना एप व नजदीकी ई मित्र से अपना निशुल्क पंजीयन करवा सकते हैं थार के मरुस्थल चुरू जिले में पशुओं में कई प्रकार की बीमारियों से पशुओं की अकाल मृत्यु होती है। जिससे पशुपालक पर आर्थिक संकट उत्पन्न होता है। पशुपालक को होने वाले आर्थिक हानि से बचाने एवं बीमा राशि मिलने से नए पशु खरीदने में सहायता मिलेगी बीमा के लिए पशुपालक को किसी प्रकार का प्रीमियम राशि भरने की आवश्यकता नही है।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सं0-JHSW-MNP-24-11** **दिनांक : 23.01.2025**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मुख्य कारखाना प्रबंधक वैगन रिपेयर झाँसी, उत्तर मध्य रेलवे के द्वारा वैगन रिपेयर कारखाना झाँसी में निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन (ई-टेंडर) आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नाम** : वैगन रिपेयर वर्कशॉप झाँसी के दो नवनिर्मित ट्रॉली कम व्हील शॉप के बे में 04 नग ईओटी क्रेन क्षमता 10 टन साथ में ढ़का हुआ प्रकार के डीएसएल की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग का कार्य।

**अनुमानित लागत : रू.** 1,82,16,000/-(रूपये एक करोड़ बयासी लाख सोलह हजार केवल)
**धरोहर राशि :** रु. 2,41,100/-(रुपये दो लाख इकतालीस हजार एक सो केवल)

**कार्य पूर्ण होने की अवधि :** 12 माह, **निविदा बन्द होने की तिथि : 17.02.2025** समय 15:00 बजे, **1.** निविदा दिनांक 17.02.2025 को 15:00 बजे बन्द होगी एवं भारतीय रेलवे की ई-टेंडर बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **2.** निविदा की सम्पूर्ण जानकारी के लिए भारतीय रेलवे की ई-टेंडर बेवसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। **162/25 (D)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना सं. JHS/Br/L/2024-25/19** **दिनांकः 21.01.2025**

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य इन्जी./ब्रिज/लाइन/उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये **ई-निविदा** निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **17.02.2025** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है । कार्य का विवरण निम्न प्रकार है :

**निविदा नं. : Br-JHS-2024-22** | **अनुमानित मूल्य (रू.)** :Rs. 8468288.22/-

**कार्यों का विवरण :** एएक्सईएन/बीआर/लाइन/झांसी के अंतर्गत नई लाइन के कुलपहाड़-महोबा के बीच मेजर प्लेट गर्डर पुलों पर पैदल यात्री मार्ग का प्रावधान।

**बयाने की रकम (रू.) :** Rs. 1,69,400/- | **कार्य समापन की अवधि :** 08 महीना

**निविदा बंद की तिथि :** 17.02.2025

**सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार :** कोई भी संरचनात्मक स्टील निर्माण कार्य।

**नोट. 1.** उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट पर समय **15:00** बजे तक निविदा बंद की तिथि दिनांक **17.02.2025** तक उपलब्ध है। **2.** उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी । इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I. T. Act-2000 के अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें । **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं । दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म / लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा । **4.** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये । **5.**बयाने की राशि केवल नेट बैंकिग अथवा गेट वे भुगतान या बैंक गारण्टी के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। **6.** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **7.** आनलाइन निविदा दिनांक **17.02.2025 15:00** बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **165/25(AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

# 'कालरी पंचायत में आम जनहितार्थ कोई भी कार्य रोके नहीं जाएंगे'



**सादुलपुर।** राजगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कालरी की सेवा भावी सरपंच के द्वारा आम जनहितार्थ कुंड का निर्माण कांधराण गांव में करवाया गया जिसमें लाभार्थ सभी ग्रामवासियों ने सरपंच प्रमिला देवी का स्वागत आभार अभिनंदन किया गया सरपंच प्रमिला देवी के अनुसार पंचायत में आमजन के हितार्थ कोई भी कार्य बिना किसी भेदभाव के करवाए जाएंगे उसके लिए किसी भी ग्रामवासी को चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है वह सीधे आकर मुझे मिले अगर जनहितकारी कार्य होंगे तो आवश्यक रूप जमीनी स्तर पर करवाए जाएंगे कांधरान गांव की महिलाओं ने सेवा भावी सरपंच श्रीमती प्रमिला देवी का माला अर्पण कर शाल ओढ़ा कर हार्दिक अभिनंदन किया और धन्यवाद दिया साथ में सरपंच पुत्र अभिषेक पूनिया का भी अभिवादन अभिनंदन किया गया।

# मकराना लॉयन्स क्लब के पूर्व अध्यक्ष की पुण्यतिथि : रिकॉर्ड 2767 यूनिट रक्त संग्रह



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** मकराना में लॉयन्स क्लब के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश मुरावतिया की प्रथम पुण्यतिथि पर शनिवार को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रवि मार्बल परिसर में आयोजित इस शिविर में 1200 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य प्राप्त किया गया। शिविर में शाम 6 बजे तक 2767 यूनिट रक्तदान हुआ। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, विधायक जाकिर हुसैन गैसावत सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। सभी ने स्व. प्रेमप्रकाश मुरावतिया के चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। मंत्री गहलोत ने कहा कि वे मुरावतिया परिवार के सदस्य के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। शिविर की विशेष बात यह रही कि रक्त संग्रहण के लिए आठ सरकारी और दो निजी ब्लड बैंकों की टीमें मौजूद रही। लॉयन्स क्लब के सदस्य सुरेश सोनी ने 61वीं बार रक्तदान कर एक अनूठी मिसाल पेश की। रिटायर्ड प्रिंसिपल बीरमाराम किरडोलिया ने बताया कि स्व. प्रेम प्रकाश मुरावतिया ने अपने जीवन में दस हजार से अधिक लोगों के जीवन को बचाने में योगदान दिया था। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को ऐसे कर्म करने चाहिए कि उसके जाने के बाद भी दुनिया उसकी भलाई को याद करती रहे।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या- वरि.म.बि. इजि./चलस्टाक /वि. लो. शेड/ कानपुर /2024-25/ई. टी-16**
**दिनाक 23.01.2025**

**ई-निविदा सूचना**

वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता, चल स्टाक, उत्तर मध्य रेलवे, अनवरगंज, कानपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई-निविदा में आमन्त्रित की जाती हैं, जो कि निविदा खुलने की तारीख एवं समय तक प्राप्त की जायेंगी। निविदा विवरण निम्न प्रकार हैः-

**निविदा संख्या :** ELS-CNB-2024- 25-ET-16

**कार्य का विवरणः** रिहैबिलिटेशन एण्ड ओवरहॉलिंग ऑफ FTRTIL मेक E-70 ब्रेक सिस्टम फॉर आई.ओ.एच. शेड्यूल इन थ्री फेज इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव ऑफ ई.एल.एस./सी.एन.बी.

**अनुमानित मूल्य (₹):** ₹ 3,68,51,338.00 ( ₹ तीन करोड़ अड़सठ लाख इक्यावन हजार तीन सौ अड़तीस मात्र)

**बिड सिक्यूरिटी (₹):** ₹ 3,34,300.00 ( ₹ तीन लाख चौंतीस हजार तीन सौ मात्र)

**कार्य सम्पादन की अवधिः** चौबीस महीने | **निविदा दस्तावेज की कीमत (₹):** शून्य

**निविदा खुलने की तारीख एवं समयः** 17.02.2025 & 15:30 hrs.

**नोटः-1.** उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर खुलने की तिथि और समय तक उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप से बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको **I.T. Act-2000** के अन्तर्गत **CCA** द्वारा जारी Digital हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट शेड्यूल पेज पर ही विचारणीय है। दरे तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी डाक्युमेंट/फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** संलग्न किये जाने सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। **5.** निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। **6.** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिए **IREPS** की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **166/25(DG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# पुलिस सिपाही रहे प्रदीप सुडा की द्वितीय पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर में 74 यूनिट रक्तदान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजस्थान पुलिस के सिपाही रहे प्रदीप सुडा की द्वितीय पुण्यतिथि पर शुक्रवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया। उक्त शिविर में 74 लोगों ने रक्तदान किया। सेवानिवृत पुलिस अधिकारी रामकिशन सुडा परिवार द्वारा आयोजित शिविर में प्रमुख समाजसेवी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रामावतार सोनी की अध्यक्षता में हुआ। इसमें अतिथि गण सहायक पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षु आईपीएस निश्चल प्रसाद एम, थानाधिकारी सीआई राजेश कुमार सिहाग एवं सेवानिवृत्ति एएसपी प्रताप मल केडिया थे। इस अवसर पर आईपीएस निश्चल प्रसाद ने कहा कि सुडा परिवार ने निश्चित ही एक अनुकरणीय मानव सेवा का कार्य किया है और प्रत्येक पुण्यतिथि पर करते हैं। रक्तदान किसी भी व्यक्ति के जीवन रक्षण में महती भूमिका निभा सकता है। सीआई राजेश सिहाग ने कहा कि रक्तदान ऐसा दान है जिसका कोई सानी नहीं हो सकता। यह व्यक्ति के शरीर के हिस्से से निकलकर किसी दूसरे के शरीर में पहुंचकर नए जीवन का प्रतिरूप बनता है। कार्यक्रम का संयोजन करते हुए सेवानिवृत पुलिस अधिकारी मांगेराम जांगिड़ ने आवश्यक जानकारी दी। स्वर्गीय प्रदीप की पत्नी कविता, मां खींवणी देवी और पुत्र पुत्री मयंक तथा लक्ष्या ने अश्रूपूरित आंखों से पुष्पांजलि अर्पित की तो उपस्थित लोग भी भाव विह्लल से हो गए। रक्तदान का आगाज प्रदीप रंगा, क्यूम एवं बिल्लू गहलोत युवा पत्रकार आनन्द आचार्य तथा सोनू भुकल के संयुक्त रक्तदान से हुआ। इस अवसर पर कई पुलिस कर्मियों ने भी रक्तदान किया। सेवा भावी स्वतंत्र पत्रकार श्याम जैन, वरिष्ठ सम्पादक मदन मोहन, शिक्षा विभाग के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी मंगतूराम शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता गणेश दाधीच, जयराम आचार्य, सेनि. एएसपी नियाज मोहम्मद के अलावा अन्य अधिकारी रामगोपाल पचार आदि मौजूद रहे।

## विधालय के विकास के लिए सदैव तत्पर रहूंगा : न्यागंली

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** तहसील के राजकीय उच्च प्राथमिक बालिका विद्यालय भगेला में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सादुलपुर विधायक मनोज न्यागंली ने बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित होकर टीन शेड का उद्घाटन और किया और मेधावी विधार्थीयो को पुरस्कार वितरण किया इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे विधायक न्यागंली ने कहा कि वो विधानसभा के किसी भी विधालय मे विधार्थीयो के हितो के लिए विधालय विकास के लिए संसाधन एव पैसो की कमी नही रहने दूंगा,न्यागंली ने कहा कि बच्चो को विधा अर्जन के बाद उस विधा को मानव सेवा एव अपने सपने पूरे करने के लिए जनहितार्थ उपयोग मे लानी चाहिए! कार्यक्रम मे वशिष्ठ अतिथि पचांयत समिति प्रधान विनोद पूनिया,मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा,महतं बलराम पुरी,भामाशाह कमलेश अग्रवाल और कार्यक्रम की अध्यक्षता भगेला ग्राम पंचायत सरपंच रोशनी देवी ने की।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डर न0 पी0आर0वाई0जे0-सिग-418-2024-25** **दिनांकः- 22-01-2025**

**ई-निविदा सूचना**

वरीष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता / समन्वय/ उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए **ई-निविदा** निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक **21.02.2025** को **15:00** बजे तक आमन्त्रित की जाती है।

**कार्य का विवरण :** '''एस. एंड टी कार्य का प्रावधान **(i)** दादरी स्टेशन पर इंजीनियरिंग द्वारा सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफ़ॉर्म को सुधार कर दिव्यांगजनों हेतु अनुकूल बनाने तथा अन्य संबंधित कार्य के सम्बन्ध में तथा **(ii)** प्रयागराज मंडल के दादरी स्टेशन पर ब्रिज लाइन द्वारा 06 मीटर चौड़े एफ.ओ.बी को रैंप से प्रतिस्थापित करने के सम्बन्ध में ।''

**अनुमानित मूल्य (रूपये में) :** Rs. 5873509.66/- (अट्ठावन लाख तिहत्तर हजार पांच सौ नौ रुपये और छियासठ पैसा केवल) | **निविदा प्रतिभूति/धरोहर राशि (रूपये में) :** 117500.00

**कार्य समापन की अवधि :** 06 माह | **निविदा बंद होने/खुलने की तिथि :** 21.02.2025

**निविदा प्रपत्रों की उपलब्ध :** निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे।

**बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूप :** निविदाओं में निर्धारित उपरोक्त धरोहर राशि निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इन्टरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा जमा की जाएगी। यदि निविदादाता धरोहर राशि उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जमा करते हैं तो उनका निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा । बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जाएगी।

**निविदा खुलने का समय तिथि एवं स्थान :** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को **15.30** बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मंडल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जाएगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जाएगी।

**निविदा की वैधता :** निविदा खुलने के 60 दिन तक ।

**निविदा सम्बंधित रेलवे के अधिकार :** रेलवे प्रशासन का किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। **157/25 (AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

### बाली : अस्पताल में मिली नन्ही जान को नई जिंदगी

# 28वें हफ्ते में जन्मा एक किलो का बच्चा

## 78 दिन बाद स्वस्थ होकर घर लौटा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली के चिकित्सालय में एक अद्भुत चिकित्सकीय सफलता हासिल की गई है। यहां 28वें हफ्ते में जन्में मात्र एक किलोग्राम वजन के शिशु को नया जीवनदान मिला है। चिकित्सकों और स्टाफ की 78 दिनों की कड़ी मेहनत के बाद बच्चा स्वस्थ होकर 1.62 किलो के वजन के साथ घर लौटा है। वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डा. सुरेश कुमार नैण के अनुसार, मां के उच्च रक्तचाप और प्लेसेंटा में लीक की समस्या के कारण 28वें हफ्ते में ही प्रसव कराना पड़ा। जन्म के तुरंत बाद श्वास की समस्या के कारण शिशु को एनबीएसयू वार्ड में ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया। बच्चे को नली के माध्यम से मां का दूध दिया गया और खून की कमी के कारण तीन बार रक्त चढ़ाना पड़ा। चिकित्सकों ने कंगारू केयर पद्धति का भी सहारा लिया, जिसमें मां अपने शिशु को अपनी त्वचा से सटाकर रखती है। धीरे-धीरे बच्चे का वजन बढ़ने लगा और उसे चम्मच से मां का दूध पिलाना शुरू किया गया। जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डा. भरत टेलर ने इस सफलता का श्रेय पूरी मेडिकल टीम को दिया। उन्होंने बताया कि नर्सिंग अधिकारी श्री भंवरलाल मोबारसा, चंदनबाला, धनवंती, शांता, संतोष, लीला और हेल्पर कमला सहित पूरे पैरामेडिकल स्टाफ ने अथक प्रयास किए। शिशु के परिवार ने चिकित्सकों और अस्पताल स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मेहनत की वजह से आज उनका बच्चा स्वस्थ है।



# गणतंत्र दिवस पर विशेष सम्मान की तैयारी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** फालना में आगामी गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। उत्कृष्ट एवं साहसिक कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने के लिए राष्ट्रीय त्योहार समिति खुडाला फालना की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। नगर पालिका अध्यक्ष ललिता रमेश शा की अध्यक्षता में पालिका सभा भवन में आयोजित बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिभागियों का चयन किया गया। यह बैठक 17 जनवरी को लिए गए निर्णय की अनुपालना में आयोजित की गई, जिसमें सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों और विभिन्न विद्यालयों के छात्रों के नामों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिनमें पीएम श्री महात्मा गांधी विद्यालय के प्रधानाचार्य दलपत राज चौधरी और राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय खुडाला फालना की प्रधानाचार्य कविता गहलोत शामिल थीं। इसके अलावा वरिष्ठ सहायक शक्तिसिंह, निजी शिक्षण संस्था के सदस्य श्याम सिंह जोधा, अमित मेहता, हिमांशु मेहता और पार्षद ललित मालवीय, भरत चौधरी, श्रीपाल सिंह, महेंद्र शर्मा, नीलम सोनी तथा शैलेश बोहरा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने बैठक में भाग लिया।

**▶▶ उत्कृष्ट और साहसिक कार्य करने वालों को मिलेगा सम्मान**

# श्रीयादे मंदिर में पांच दिवसीय मंगल गीतों का आयोजन

**सादड़ी।** सादड़ी स्थित श्री श्रीयादे मंदिर में वार्षिक परंपरा के अनुसार पांच दिवसीय मंगल गीतों का आयोजन किया जा रहा है। श्री श्रीयादे प्रजापति युवा संगठन सादड़ी में होने वाले इस कार्यक्रम में मातृ शक्ति द्वारा मंगल गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

संगठन के अध्यक्ष रमेश प्रजापत ने बताया कि कार्यक्रम पांच फरवरी से प्रारंभ होकर आठ फरवरी तक चलेगा और 10 फरवरी (माघ शुदी तेरस) को समापन होगा। मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों-युवा, मातृशक्ति और बुजुर्गों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम की रूपरेखा श्री श्रीयादे प्रजापति युवा संगठन की कार्यकारिणी द्वारा तैयार की गई है।

**ये रहे मौजूद** - इस दौरान छगन प्रजापत, मांगीलाल लूनिया, नारायण कपूकरा, रमेश कपुकरा, चेनाराम बोतोरिया, गोपाल लुणिया, सुरेश लुणिया, प्रमोद लुणिया, कैलाश मोरवाल, दिनेश कवाडिया, मुकेश, मनीष, लक्ष्मण, गणपत सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।



■ 5 से 10 फरवरी तक मातृशक्ति करेंगी प्रस्तुति

# पंचायत के विकास कार्यों का निरीक्षण

**नारलाई।** कस्बे में प्रशासक शेखर मीणा, रमेश चौधरी ने शनिवार को ग्राम पंचायत नारलाई में वार्ड नंबर 2 के विकास कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही नारलाई पंचायत क्षेत्र के कोई मोहल्ला सीसी सड़क से वंचित नहीं रहेगा। जल्द ही जो वार्ड बाकी हैं उन वार्ड का सेक्शन आते ही काम शुरू किया जाएगा। ठेकेदार को उचित दिशा निर्देश दिए। साथ ही मोहल्ले की महिलाओं के साथ वार्ड की समस्या को लेकर बातचीत कर हर जगह चलकर निरीक्षण किया। इस दरमियान भरत सिंह राव, रमेश चौधरी, किशोर दमानी हरिराम सरगरा, भीम सिंह सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# सीवर लाइन हौदियों का गंदा पानी सड़कों पर

## महिलाएं बोलीं-शिकायत पर सुनवाई नहीं

**पाली।** पाली में सीवरेज टैंक से गंदा पानी सड़कों और गलियों में बहने से समस्या बनी हुई है। कई मोहल्लों में इस तरह की परेशान है। लोगों का कहना है कि ऑनलाइन दो माह पहले शिकायत की थी। समस्या का समाधान नहीं हुआ। सीवरेज का गंदा पानी घरों के आगे भरा रहता है।

शनिवार को कॉलोनी की महिलाओं ने गली में आकर विरोध प्रदर्शन किया। महिलाएं बोली- इससे अच्छा तो यह रहेगा कि हमारी नालियां फिर से शुरू कर दें ताकि घरों के आगे गंदा पानी नहीं भरे। पाली शहर के इंद्रा कॉलोनी विस्तार में शनिवार को दो गलियों की महिलाएं एकत्रित हो गई।

उन्होंने सीवरेज टैंक ओवरफ्लो होने की समस्या को लेकर गुस्सा जताया। मोहल्ले की शांतिदेवी ने बताया-पिछले दो महीने से परेशान हैं। सीवरेज का गंदा पानी गली से बहकर बाथरूम में आ जाता है। बाथरूम यूज तक नहीं कर पा रहे हैं।

मोहल्ले की शोभा जोशी ने बताया- बदबू के कारण घर के बाहर तक नहीं बैठ सकते। बच्चों के बीमार होने का डर बना रहता है। रेखा चौधरी ने बताया- दो महीने हो गए ऑनलाइन शिकायत किए हुए लेकिन एक बार भी उनकी समस्या समाधान के लिए गाड़ी नहीं भेजी गई। खुशबू देवी ने बताया- सीवरेज की हौदियां ओवरफ्लो होने से काफी परेशान हैं।



पिछले दो महीने में कई बार शिकायत दर्ज करवा चुके हैं लेकिन हमारी सुनने वाला कोई नहीं। इससे अच्छा होगा कि नालियों की सफाई करवाकर नालियां फिर से शुरू करवा दी जाएं।

सीवरेज की होदी ओवरफ्लो होने से इंद्रा कॉलोनी विस्तार में एक गली में फैला पानी। आयुक्त से पूछो, जानकारी देंगे मामले में जब सीवरेज लाइन की देखभाल करने वाले कंपनी के प्रतिनिधि ईश्वरसिंह ने बात की तो उन्होंने कहा- आप नगर निगम आयुक्त से से बात करो। वे ही जानकारी देंगे। मैं इसको लेकर अधिकृत नहीं हूं।

### "लाल किला राष्ट्रीय कवि सम्मेलन"

# फालना की कवयित्री डा. कविता किरण का काव्य पाठ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज में संपन्न हुआ। हिंदी अकादमी द्वारा आयोजित व राष्ट्रीय कवि सम्मेलन जिसे "लालक़िला कवि सम्मेलन" कहा जाता है। उसमें फालना की कवयित्री कविता किरण ने छठवीं बार काव्य पाठ किया। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों के 19 कवियों की टीम ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा ने की। बाबू राजेंद्र प्रसाद, पंडित जवाहरलाल नेहरू, बाबू जगजीवन राम, पंडित अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, उमा भारती, मदनलाल खुराना, शीला दीक्षित और अरविंद केजरीवाल के मुख्य आतिथ्य की परंपरा को इस बार दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की उपस्थिति ने गौरवान्वित किया।



# संतोष अचरसा पाली जिला युवा महिला अध्यक्ष मनोनीत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** अखिल भारतीय क्षत्रिय सरगरा समाज महासभा दिल्ली के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष संजय पडियार के आदेशानुसार राजस्थान प्रदेश महिला युवा अध्यक्ष सुलोचना द्वारा नियुक्तिपत्र जारी कर देसूरी के संतोष अचरसा पत्नी मदन अचरसा को पाली जिला महिला युवा अध्यक्ष मनोनीत किया। संतोष अचरसा के जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर सरगरा समाज की नारी शक्ति ने कार्यक्रम आयोजित कर जिला अध्यक्ष का शानदार स्वागत किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरगरा समाज की नारी शक्ति को संगठित कर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही समाज में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर समाज के मांगू नाथ महाराज, साध्वी गीता देवी, छोगारामजी गहलोत, कांतिलाल, मदन अचरसा, संजय कुमार, जगदीश कुमार, अक्षय मारू, कैलाश कुमार, सविता बाई, पुष्पा बाई, नेनु बाई, तारा बाई, रेखा मारू, पिस्ता देवी, पुष्पा देवी, ममता देवी आशा देवी, नरब दा देवी, सुंदर देवी, सविता देवी, मनीषा, प्रीति, खुशी, लक्षिता, किरण, सुनीता, दीपक, हितेश, वैभव, मुकुल सरगरा समाज में संतोष अचरसा के अध्यक्ष मनोनीत होने पर खुशी का माहौल है। मांगू नाथ महाराज का आशीर्वाद लेकर श्रीमती संतोष ने अपना पदभार ग्रहण किया।



जिला की नवीन कार्यकारिणी अतिशीघ्र मनोनीत कर समाज हित में विशेष योजना के साथ जिम्मेदारी के साथ कार्य किए जाएंगे।

# पाली के तेरापंथ भवन में एग्जीबिशन का शुभारंभ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** शहर के मंडिया रोड स्थित तेरापंथ भवन में दो दिवसीय श्री उत्सव एक्जीबिशन का शुभारंभ शनिवार को किया गया। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई महिलाओं ने 70 स्टॉले लगाए। यहां काई लेडिज गारमेंट, तो किसी ने जेंट्स गारमेंट, तो किसी ने होम डेकोर की स्टॉल लगाया। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देश पर तेरापंथ महिला मंडल पाली की ओर से दो दिवसीय एक्जीबिशन का आयोजन किया जा रहा है। मंडल की उपाध्यक्ष दीपिका वैधमूथा ने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उसके स्टार्टअप को मार्केट उपलब्ध करवाने की मंशा इसका आयोजन किया गया। यहां देश भर से महिलाएं अपने उत्पाद लेकर पहुंची। करीब 70 स्टॉलें यहां विभिन्न आइटम की महिलाओं ने लगाई है। जिसमें लेडिज-जेन्ट्स कपड़े, गर्म पकड़े, कंबल, सजावटी सामान, इमिटेशन ज्वेलरी ऐसे आइटम की स्टॉलें लगी है। पहले ही दिन यहां खरीदारों की खासी भीड़ पहुंची। ऐसे में स्टॉल संचालकों के चेहरे खुशी से खिले हुए है। इस दौरान व्यवस्थाओं में यहां मारवाड़ प्रभारी विनिता बैंगानी, अध्यक्ष सुषमा डागा, मंत्री सीमा मरलेचा आदि जुटी नजर आई।

**▶▶ महिलाओं के स्टार्टअप को मार्केट देने किया आयोजन**

# विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की बैठक आयोजित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नारलाई।** कस्बे में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की बैठक शनिवार दो बजे श्री ठाकुर जी मंदिर नारलाई में राजेश पटेल संगठन मंत्री जोधपुर प्रांत, नरेंद्र बोहरा प्रसार प्रमुख जोधपुर प्रांत, प्रेम सिंह राठौड़ जोधपुर, जिला उपाध्यक्ष लखमाराम परमार, बाली विश्व हिंदू परिषद, बाली जिला सहमंत्री रतनपुरी गोस्वामी, देसूरी प्रखंड संयोजक बजरंग दल गजेंद्र कुमार वैष्णव, लालाराम सीरवी नगर मंत्री, भीमाराम नगर सह मंत्री, मांगीलाल चौधरी नगर संमरस्था प्रमुख राहुल बंजारा, गजेंद्र बंजारा, जतिन बंजारा, तरुण बंजारा के सानिध्य में नारलाई के सनातनी भाई बंधु उपस्थित में बैठक आयोजित हुई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की कार्यकारणी बनाई एवं (दायित्व) सौंपा गया। कार्यकारिणी में विश्व हिंदू परिषद वर्धाराम चौधरी सत्संग प्रमुख, मदनलाल बावरी गौरक्षक प्रमुख, दिनेश कुमार बावरी, हिना कुमावत, दुर्गा वाहिनी नगर संयोजक को नया दायित्व दिया गया। सभी नए दायित्ववान सनातनी भाई-बहनों को सभी मौजूद सनातनी भाई-बहनों ने बधाई दी। जय श्री राम की जय घोष किया। इस अवसर पर सेवानिवृत प्राचार्य मंगलदास वैष्णव, ओमपाल सिंह राव, संपत खत्री, विशाल दवे, सोहनलाल सोनी लालाराम चौधरी, मुकेश कुमार माली, सहित सनातनी भाई मौजूद रहे।



# मां आशापुरा माताजी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नारलाई।** निकटवर्ती कोठार गांव में मां आशापुरा माताजी मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को प्रथम वर्ष एक दिवसीय कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न किया। 25 जनवरी को प्रातः बालेचा चौहान राजपूत परिवार द्वारा ठाकुर श्री ओबसिंह, अध्यक्ष बाली चौहान महासभा प्रतापसिंह चौहान, भामाशाह जगतसिंह चौहान के सानिध्य में आयोजन में श्री रतनसिंह, चंद्रसिंह, करणसिंह, दौलतसिंह, महेंद्रसिंह, सुरपालसिंह उपस्थित रहे।

जिसमें कुमटिया, बेड़ा, सेदला, दुदनी आदि गांवों से समाज बंधु शामिल हुए।



# नौवीं की छात्राओं में नि :शुल्क साइकिलें वितरित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सांडेराव में कक्षा नौवीं में नव प्रवेशित छात्राओं को निःशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। प्रधानाचार्य मोतीसिंह राजपुरोहित ने राज्य सरकार द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही ट्रांसपोर्ट वाउचर योजना अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने बालिकाओं को पूर्ण मनोयोग से पढ़ाई करने शिक्षा में उच्च स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

समारोह के दौरान कुल 36 छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। साइकिल वितरण प्रभारी महेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि राज्यसरकार की बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए निःशुल्क साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कक्षा नौवीं अध्ययनरत बालिकाओं को साइकिल वितरित की गई। समारोह में प्रधानाचार्य कपूरचंद, महावीर मेवाड़ा, भूराराम मालवीय, रतन सिंह राठौड़, अनाराम मीणा की मौजूदगी में निःशुल्क साइकिलें वितरित की गई। समारोह की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य कपूरचंद परिहार ने कहा कि सरकार की मनसा यह है कि एक भी बालक-बालिका विद्यालय से वंचित ना रहे।

भूराराम मालवीय ने राज्य सरकार की बालिकाओं प्रोत्साहन योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे दूर-दराज क्षेत्र से ढाणियों से विद्यालय आने वाली बालिकाओं के लिए विद्यालय तक पहुंचने के लिए सुविधा होगी। इस दौरान बाबूलाल माली, महेंद्र सिंह मीणा, दिनेश कुमार, मन्नाराम, संजय यादव, कविता कुमारी, प्रफुल्ल राणावत, नीतू चारण, अंजू त्याग, सावित्री कुमारी, शांति छाबा सहित बालिकाएं मौजूद थी।





# पूज्य श्री की 101वीं जयंती मनाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** 25 जनवरी को वीर दुर्गादास शाखा राजपूत छात्रावास पाली में छात्रों द्वारा क्षत्रिय युवक संघ के संस्थापक श्री पूज्य तन सिंह की 101वीं जन्म जयंती समारोह का आयोजन किया गया जिसमें छात्रावास वास अधीक्षक जवान सिंह और छात्रों द्वारा तन सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला व संघ से शाखा व शिविर के द्वारा जुड़ने व उनके बताए मार्ग पर चलने की बात कही। साथ ही धींगाणा शाखा में रायपुर शाखा सहित अनेक शाखाओं में पाली प्रांत में जयंती मनाने के समाचार है। उधर पाली से ही मनोहर सिंह निंबली उड़ा ने बताया की आज ही मुख्य कार्यक्रम पूज्य श्री तनसिंह की आदमकद मूर्ति स्मारक बाड़मेर स्थित भारतीय ग्राम्य आलोकायन आश्रम में अनावरण हुआ, जिसमें देशभर से संघ के हजारों स्वयं सेवक जुटे पाली शहर से एक बस रानी फालना सोजत मंडल से भी सैकड़ों स्वयं सेवक इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# मजबूत लोकतंत्र को हर एक वोट जरूरी : मेवाड़ा

## मतदान की शपथ दिलाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** स्थानीय नगर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर संविधान का लोकतंत्र में चौथा स्तंभ मीडिया प्रभारी महावीर मेवाड़ा सांडेराव की अध्यक्षता में मनाया गया। इस दौरान मेवाड़ा ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए हर एक वोट जरूरी है, राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है, जो भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। यह दिन चुनाव आयोग की स्थापना की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है, जो 25 जनवरी, 1950 को स्थापित किया गया था। इस दिन का उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना और उन्हें मतदान प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हर एक वोट महत्वपूर्ण है और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में इसकी भूमिका महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य मतदान के महत्व को बढ़ावा देना और लोगों को मतदान प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। इस दिन को मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनमें मतदाता जागरूकता अभियान, मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी देना और मतदान के महत्व को बढ़ावा देना शामिल है। युवाओं को वोट के लिए प्रेरित करने के लिए भी इस दिन को मनाया जाता है। इस दौरान मतदान की शपथ दिलाई गई। इस दौरान प्रधानाचार्य कपूरचंद्र परिहार, मोतीसिंह राजपुरोहित, घनश्याम लोहार, बीएलओ प्रभारी सेताराम, मोहनलाल, अशोक कुमार मीणा, मुकेश कुमार, नितेश बोराणा, महेंद्र सिंह मीणा, दिनेश कुमार मौजूद थे।



## उपखंड अधिकारी ने दिलाई मतदान की शपथ

**बाली।** बाली उपखंड मुख्यालय पर 25 जनवरी को 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। पंचायत समिति सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी श्री दिनेश विश्नोई ने की। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'Nothing Like Voting, Vote for Sure' (वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम) रहा। समारोह में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। विधानसभा स्तर पर एसएसआर-2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुपरवाइजर और बूथ लेवल अधिकारियों को उपखंड अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किए। अपने संबोधन में श्री विश्नोई ने मतदाता जागरूकता और मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विकास अधिकारी भोपाल सिंह जोधा, प्रशासनिक अधिकारी ताराचंद, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी लालसिंह, संदर्भ व्यक्ति अशोक कुमार शर्मा, सूचना सहायक नितिश कुमार सहित तलाराम, बाबूलाल मीणा, राकेश कुमार, सोहन लाल और अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राजकीय स्कूल में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** रामासनी बाला स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में बेंगलुरु निवासी भामाशाह गुमानराम देवासी ने स्कूल में प्रार्थना स्थल के टीनशेड विस्तार के लिए छह लाख रुपए देने की घोषणा की। स्कूल संस्था प्रधान श्यामसिंह लखावत ने बताया कि यह घोषणा स्कूल के शिक्षक-कवि नवनीत राय 'रुचिर' की प्रेरणा से हुई है। इससे पहले भी गुमानराम देवासी स्कूल में 10 लाख रुपए की लागत से प्रार्थना स्थल का टीनशेड निर्माण करवा चुके हैं। समारोह में स्कूल के विकास में योगदान देने वाली भामाशाह भंवरीदेवी मेहराम देवासी, समुदेवी हिंदूराम देवासी और इंद्रादेवी मनोज सोनी को शॉल, माल्यार्पण, दुपट्टा और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले स्कूल के श्रेष्ठ खिलाड़ी हिमांशु सोनी को भी विशेष सम्मान मिला। विद्यालय की छात्राओं ने सुंदर वेशभूषा में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। भामाशाह लाभुराम धन्नाराम मुलेवा द्वारा दिए गए मिष्ठान का वितरण समाजसेवी मांगीलाल मुलेवा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ललित ओझा, सुरजा मीना, भरत देवासी, कृष्णपाल सिंह लखावत, संगीता बागड़ी, सारिका व्यास, अंजना कुमारी, मनीषा मीना और शारीरिक शिक्षक मोहनलाल सीरवी सहित सभी विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## महिला ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025

# मैडिसन कीज चैंपियन



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियन ओपन के खिताबी मुकाबले में 19वीं वरियता प्राप्त मैडिसन कीज ने विश्व नंबर एक आर्यना सबालेंका को हरकार खिताब अपने नाम कर लिया। रोमांचक मुकाबले में कीज ने सबालेंका को 6-3, 2-6, 7-5 से मात दी। मैडिसन ने इस जीत के साथ सबालेंका के लगातार तीसरे खिताब की ओर बढ़ते अभियान को समाप्त कर दिया। सबालेंका अगर यह खिताब जीतती तो ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब की हैट्रिक पूरी करने वाली छठी महिला बन जातीं। उनके पास 1997-1999 के बाद से मेलबर्न पार्क में तीन बार खिताब जीतने वाली मार्टिना हिंगिस के बाद पहली महिला खिलाड़ी बनने का मौका था। हालांकि, सेमीफाइनल में विश्व की नंबर दो इगा स्वियातेक को हराने वाली कीज ने सबालेंका को हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीत लिया।

**आर्यना सबालेंका बनाम मैडिसन कीज**

| टूर्नामेंट | वर्ष | चरण | विजेता | स्कोर |
|---|---|---|---|---|
| सिनसिनाटी मास्टर्स | 2018 | क्वार्टरफाइनल | आर्यना सबालेंका | 6-3, 6-4 |
| बर्लिन ओपन | 2021 | राउंड ऑफ 16 | मैडिसन कीज | 6-4, 1-6, 7-5 |
| विंबलडन | 2023 | क्वार्टरफाइनल | आर्यना सबालेंका | 6-2, 6-4 |
| यूएस ओपन | 2023 | सेमीफाइनल | आर्यना सबालेंका | 0-6, 7-6 (1), 7-6 (5) |
| बीजिंग ओपन | 2024 | राउंड ऑफ 16 | आर्यना सबालेंका | 6-4, 6-3 |
| ऑस्ट्रेलियन ओपन | 2025 | फाइनल | मैडिसन कीज | 6-3, 2-6, 7-5 |

## फाइनल में यानिक सिनर के सामने ज्वेरेव की चुनौती



वर्ल्ड रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज यानिक सिनर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में रविवार को यहां जब जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ कोर्ट में उतरेंगे तो उनके सामने खिताब के बचाव करने की चुनौती होगी। पुरुष एकल में ऐसा बहुत कम बार हुआ है कि किसी खिलाड़ी ने करियर के अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब का सफलता से बचाव किया है। पिछली बार राफेल नडाल ने 2005 और 2006 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीतकर ऐसा कारनामा किया था। सिनर के सामने कई तरह की चुनौतियां है जिसमें डोपिंग का मामला भी शामिल है। यह मामला अब भी विचाराधीन है। पिछले साल मार्च में उनके नमूने में दो बार एनाबॉलिक स्टेरॉयड की थोड़ी मात्रा की पुष्टि हुई थी। यह बात को हालांकि अमेरिकी ओपन शुरू होते समय सार्वजनिक की गई थी। उन्होंने तब अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी की अपील पर हालांकि इस मामले की अप्रैल में सुनवाई होनी है। ऑस्ट्रेलिया ओपन के दौरान पिछले दो सप्ताहों के दौरान, सिनर को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से भी जूझना पड़ा है। चौथे दौर में वर्ल्ड रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज होल्गर रूण के खिलाफ मैच के दौरान उन्हें चक्कर आ गया था। सेमीफाइनल में विश्व रैंकिंग में 21वें स्थान पर काबिज बेन शेलटन के खिलाफ उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। जिसके बाद उन्हें चिकित्सा मदद की जरूरत पड़ी। सिनर के सामने जिम कुरियर (1992 और 1993) के बाद सबसे कम उम्र में लगातार दो बार इस खिताब को जीतने की चुनौती होगी। वर्ल्ड रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज 27 साल के ज्वेरेव इससे पहले दो बार ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचे है और उन्हें दोनों बार निराशा हाथ लगी है। वह सिनर को हराकर अपना पहला खिताब जीतने के लिए पूरा जोर लगाएंगे।

## रणजी ट्रॉफी

# 13 साल बाद रणजी खेलेंगे विराट



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के कई स्टार खिलाड़ी इस समय रणजी ट्रॉफी में खेल रहे हैं। रोहित शर्मा, शुभमन गिल, ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल और रवींद्र जडेजा ने 23 जनवरी से शुरू हुए मैच में हिस्सा लिया, केएल राहुल और विराट कोहली फिट न होने की वजह से नहीं खेले। अब खबर है कि विराट 30 जनवरी से शुरू होने वाले मुकाबले में खेलेंगे। डीडीसीए ने स्पेशल तैयारी की है। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली 30 जनवरी से रेलवे के खिलाफ मैच में खेलेंगे। मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। विराट अपनी घरेलू टीम दिल्ली के लिए खेलेंगे। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जाने वाले इस मैच को लेकर दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने खास तैयारी की है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो डीडीसीए ने इस मैच में करीब 10 हजार दर्शकों को फ्री एंट्री देने का प्लान तैयार किया है। दर्शकों के लिए नॉर्थ एंड और ओल्ड क्लब हाउस खोला जाएगा। सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। सभी दर्शक फ्री में इस मैच का लुत्फ उठा सकेंगे। बीसीसीआई के नए दिशा-निर्देशों में कहा गया था कि भारत के सीनियर खिलाड़ियों को भी घरेलू क्रिकेट खेलना होगा। कई स्टार खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी में खेलते दिखे। विराट आखिरी बार 2012 में रणजी मैच खेले थे। विराट ने डीडीसीए को बताया था कि 23 जनवरी से खेले जाने वाले मैच में वह नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि उनकी गर्दन में दर्द है, लेकिन उन्होंने बताया था कि वह 30 जनवरी से शुरू होने वाले मैच के लिए उपलब्ध हैं।

## शुभमन लौटे फॉर्म में, ठोका शतक

▶▶ टीम को मिली पारी की हार



**बेंगलुरु।** पंजाब के कप्तान और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (102) शानदार शतक के बावजूद शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के तीसरे दिन अपनी टीम को कर्नाटक के खिलाफ पारी की हार से बचाने में नाकाम रहे। गिल ने अपने दूसरे दिन के सात रन के स्कोर में 95 रन जोड़कर 171 गेंदों में 102 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 14 चौके और तीन छक्के लगाए। उन्होंने अपना पहला अर्धशतक 119 गेंदों पर बनाया और अगले 50 रन सिर्फ 40 गेंदों में बनाए। पहली पारी में 420 रन से पिछड़ने वाली पांजब की टीम के लिए वह आउट होने वाले आठवें बल्लेबाज रहे। पहली पारी में पंजाब के 55 रन के जवाब में कर्नाटक ने आर. स्मरण (203) के दोहरे शतक की मदद से 475 रन बनाए थे। दिन की शुरुआत दूसरी पारी में दो विकेट पर 24 रन करने वाले पंजाब की दूसरी पारी 63.4 आवर में 213 रन पर सिमट गयी। कर्नाटक के लिए तेज गेंदबाज यशोवर्धन परंतप और लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल ने तीन-तीन विकेट लेकर टीम के लिए बोनस सहित सात अंक सुनिश्चित किए। गिल हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके थे। इस 25 वर्षीय दाएं हाथ का खिलाड़ी ने तीन टेस्ट मैचों की पांच पारियों में 18.60 की औसत से 31 के उच्चतम स्कोर के साथ सिर्फ 93 रन बनाए थे। शुभमन भले ही इंग्लैंड के खिलाफ टी20 टीम का हिस्सा नहीं हैं लेकिन वह वनडे टीम के लिए वापसी करेंगे। यही टीम आगे चैंपियंस ट्रॉफी में खेलेगी।

## टाटा स्टील शतरंज

# गुकेश ने अब्दुसात्तोरोव को बराबरी पर रोका, प्रज्ञानंद शीर्ष पर मौजूद



**नीदरलैंड।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने यहां टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के छठी बाजी में संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के साथ ड्रॉ खेला, जबकि आर प्रज्ञानंद ने गत चैंपियन चीन के वेई यी के साथ अंक साझा किए। अब्दुसात्तोरोव और प्रज्ञानंद संभावित छह में से 4.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज है जबकि गुकेश चार अंकों के साथ उनके बाद है। साल के पहले बड़े टूर्नामेंट में अभी सात बाजियों के मुकाबले बाकी हैं। पी हरिकृष्णा, सर्बिया के एलेक्सी सरना और स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसीव साढे तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। गुकेश ने अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ चुनौतीपूर्ण मुकाबले में पकड़ ढीली पड़ने के बाद अच्छी वापसी की और 64 चालों के बाद इसे ड्रॉ करने पर सहमत हो गए। इस मुकाबले की शुरुआत इटालियन ओपनिंग (सफेद मोहरों से प्यादा और वजीर के चाल के जवाब में काले मोहरों से प्यादा और घोड़े (नाइट) की चाल) से हुई। शुरुआती चालों के बाद अब्दुसत्तोरोव ने मैच पर अपनी पकड़ मजबूत करनी शुरू की। आखिरी कुछ चालों गुकेश को अपना एक मोहरा गंवाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# अर्शदीप ने रचा इतिहास

▶▶ बाबर को हराकर जीता सबसे बड़ा अवॉर्ड



**नई दिल्ली।** आईसीसी ने मेंस टी20आई क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2024 के नाम का ऐलान कर दिया है। इस अवॉर्ड के लिए चार खिलाड़ियों के बीच टक्कर थी। इसमें भारत के अर्शदीप सिंह, पाकिस्तान के बाबर आजम, ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और जिम्बाब्वे के सिंकदर रजा शामिल थे। अर्शदीप सिंह ने इन सभी स्टार खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए ये बड़ा अवॉर्ड अपने नाम कर लिया है। अर्शदीप सिंह ने पिछले साथ टी20 फॉर्मेट में कमाल का प्रदर्शन किया था और भारत को टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतने में भी अहम भूमिका निभाई थी। इस यागदार प्रदर्शन का इनाम अब उन्हें आईसीसी अवॉर्ड के साथ मिल गया है।

**आईसीसी मेंस टी20आई क्रिकेटर ऑफ द ईयर**

पिछले कुछ सालों में युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह टी20 फॉर्मेट में टीम इंडिया के सबसे अहम गेंदबाज बने हुए हैं। साल 2024 में भी उनकी ओर से काफी अच्छा खेल देखने को मिला। उन्होंने पिछले साल टीम इंडिया के लिए 18 टी20 मैच खेले और कुल 36 विकेट अपने नाम किए।

# रोहित आईसीसी पुरुष टी20 टीम के कप्तान



**दुबई।** पिछले साल जून में भारतीय टीम को दूसरा आईसीसी टी20 विश्व कप खिताब दिलाने वाले कप्तान रोहित शर्मा को 'आईसीसी पुरुष टी20 टीम ऑफ द ईयर 2024' का कप्तान चुना गया। भारतीयों के दबदबे वाली इस टीम में स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के साथ ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी शामिल हैं। कप्तान और बल्लेबाज दोनों के तौर पर 2024 रोहित के लिए अविस्मरणीय रहा। इस अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने 11 मैचों में 42 के शानदार औसत और 160 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 378 रन बनाए। रोहित ने तीन अर्धशतक जड़कर भारत के टी20 विश्व कप अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिसमें सुपर आठ चरण में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 92 रन की शानदार पारी भी शामिल है। रोहित के कुशल नेतृत्व ने दबाव भरी स्थितियों में युवा भारतीय टीम का मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भारत के सबसे महान टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तानों में से एक के तौर पर अपनी विरासत को मजबूत किया। पंड्या ने विश्व के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में से एक के रूप में अपना कद मजबूत किया और भारत के सफल अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**2024 की पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम**

- रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह (सभी भारतीय), ट्रेविस हेड (ऑस्ट्रेलिया), फिल सॉल्ट (इंग्लैंड), बाबर आजम (पाकिस्तान), निकोलस पूरन (विकेटकीपर, वेस्टइंडीज), सिकंदर रजा (जिम्बाब्वे), राशिद खान (अफगानिस्तान) और वानिंदु हसारंगा (श्रीलंका)।

# म नो रं ज न

# 'पंचायत 4' में नहीं अमिताभ बच्चन



क्या 'पंचयात सीजन 4' में अमिताभ बच्चन भी नजर आएंगे? सोशल मीडिया पर फुलेरा गांव से सामने आई तस्वीरों के बाद यह सवाल हर कोई पूछ रहा है। बुधवार को 'पंचायत' के क्रिएटर्स टीवीएफ ने कई तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें बिग बी फुलेरा गांव में सहायक विकास, प्रल्हाद चाचा और विधायक के साथ नजर आए। कयास और चर्चाओं का दौर शुरू हो गया कि अमिताभ बच्चन 'पंचायत' की दुनिया में एंट्री कर रहे हैं। हालांकि, अब इस खलखली पर विराम लगाने का मौका आ गया है, क्योंकि यह मामला 'पंयाचत' अंदाज में एक जागरूकता अभयिान से जुड़ा है। अमिताभ बच्चन ने खुद ट्विटर पर चंदन रॉय के साथ एक वीडियो पोस्ट किया है, जो 'प्राइम वीडियो' की सुपरहिट सीरीज में फुलेरा के सहायक विकास शुक्ला की भूमिका निभाते हैं। वीडियो में, विकास को एक फोन कॉल आता है, जहां उन्हें एक जॉब ऑफर मिलता है। असल में यह एक धोखाधड़ी वाला फोन कॉल था। अमिताभ आगे वीडियो में विकास को साइबर क्राइम का शिकार होने से बचाते हैं। इन दिनों हम सभी हर दिन कई तरह के स्कैम वाले फोन कॉल का सामना कर रहे हैं। यह विज्ञापन लोगों में ऐसे ही अपराधों से सचेत करने के लिए बनाया गया है। गृह मंत्रालय की ओर से तैयार किए गए इस विज्ञापन में अमिताभ कहते हैं कि फर्जी नौकरी का लालच देकर, फर्जी पैसों का लालच देकर लोगों ये अपराधी विदेश ले जाते हैं और बंधुआ मजदूर बना देते हैं। इसलिए ऐसे साइबर अपराध से बचने के लिए नौकरी के दस्तावेजों को अच्छे से जांच-परख लें और विदेश मंत्रायल के अधकृित एजेंट के माध्यम से ही आप विदेश जाएं। वीडियो के आखरी में बिग बी ने आगे कहा है, 'आपकी लापरवाही और लालच को बनाकर हथयिार, साइबर अपराधी करते हैं आप पर वार। शकिार होने पर तुरंत 1930 नंबर पर कॉल करें या फिर वेबसाइट www.cybercrime.com पर शकिायत दर्ज करें।' ऐसा ही एक और विज्ञापन विधायक जी यानी मनोज झा के किरदार के साथ शूट हुआ है। इसमें विधायक जी को एक फोन कॉल आता है, जो पैसा बढ़ाओं इन्वेस्टमेंट बैंक से आता है। वह उन्हें उनके बैंक में रखे पैसों को 10 गुना बढ़ाने का लालच देता है। यहां भी अमिताभ की एंट्री होती है और वह विधायक जी को इस साइबर स्कैम से बचा लेते हैं। अब साफ है कि टीवीएफ ने जो फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं, वह इसी विज्ञापन के शूट की बीटीएस तस्वीरें हैं। फोटोज शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है, 'देखो, देखो, कौन आया है फुलेरा में! छोटी सी मुलाकात, लेकिन बड़े काम की है बात!' खैर, जहां तक बात 'पंचायत' के अगले चौथे सीजन की है, तो इसका निर्माण अक्टूबर 2024 में शुरू हो गया है।

## स्काई फोर्स बॉक्स ऑफिस : कोविड के बाद अक्षय की पांचवीं बेस्ट ओपनिंग




अक्षय कुमार की फिल्म 'स्काई फोर्स' शुक्रवार यानी 24 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने अच्छी शुरुआत की है। अक्षय कुमार की इस फिल्म में उनके साथ वीर पहाड़िया भी नजर आए हैं। वीर पहाड़िया ने इस फिल्म से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की है। बता दें, काफी सालों बाद अक्षय कुमार की कोई फिल्म गणतंत्र दिवस वाले हफ्ते में रिलीज हो रही है। इससे पहले साल 2016 में अक्षय कुमार की फिल्म 'एयरलिफ्ट' 26 जनवरी वाले हफ्ते में रिलीज हुई थी। अक्षय कुमार की फिल्म ने पहले दिन लगभग 11.25 करोड़ की कमाई की है। हालांकि, ये कमाई अक्षय कुमार की 'एयरलिफ्ट' की कमाई (गणतंत्र दिवस पर रिलीज हुई अक्षय की फिल्म) से कम है। अक्षय कुमार की 'एयरलिफ्ट' ने पहले दिन करीब 12. 35 करोड़ की कमाई की थी। रिपोर्ट्स की मानें तो 'स्काई फोर्स' कोविड के बाद अक्षय कुमार के लिए पांचवीं सबसे अच्छी ओपनिंग वाली फिल्म साबित हुई है। कोविड के बाद रिलीज हुई अक्षय कुमार की फिल्म 'सूर्यवंशी' ने पहले दिन 26.29 करोड़ कमाए थे। 'बड़े मियां छोटे मियां' ने पहले दिन 16.07 करोड़ कमाए थे। 'रामसेतु' ने पहले दिन 15.25 करोड़ कमाए थे। 'बच्चन पांडे' ने पहले दिन 13.25 करोड़ कमाए थे। अब पांचवा नंबर स्काई फोर्स ने ले लिया है। अक्षय कुमार की इस फिल्म में सारा अली खान और निमृत कौर भी नजर आई हैं। इस फिल्म को अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने डायरेक्ट किया है।

## वरुण की 'बेबी जॉन' इस प्लेटफॉर्म पर होने जा रही स्ट्रीम



बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन, वामिका गब्बू और कीर्ति सुरेश स्टारर फिल्म 'बेबी जॉन' क्रिसमस, 2024 के मौके पर रिलीज हुई थी। एटली की डायरेक्टेड 'थेरी' का ये हिंदी रीमेक थी। इसने भारत में 39.5 करोड़ नेट कलेक्शन किया था। वहीं, दुनियाभर में इसने कुल 61 करोड़ रुपए कमाए थे। जिस तरह से इसका बज क्रिएट किया गया था, उसके आगे ये एकदम फुस्स निकली और फ्लॉप हो गई। अब इसके ओटीटी पर आने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि 160 करोड़ के बजट में बनीं 'बेबी जॉन' फरवरी, में ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाली है। लेकिन इसमें एक ट्विस्ट होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये वहां पर रेंट पर उपलब्ध होगी। यानी इसे देखने के लिए आपको थोड़ा और खर्चा करना होगा। हालांकि दो हफ्तों के बाद ये 28 फरवरी तक इसे आप नॉर्मल सब्सक्रिप्शन के साथ देख सकेंगे। एक्शन थ्रिलर 'बेबी जॉन' में , एक जाबाड पुलिस ऑफिसर अपनी बेटी को खतरनाक अंडरवर्ल्ड से बचाने के लिए डबल लाइफ जीता है। यह कहानी एक डीसीपी पर आधारित है, जो अपने परिवार की रक्षा के लिए खुद की पहचान बदल लेता है और एक नए सफर पर अकेले निकल पड़ता है। इस फिल्म को क्रिटिक्स की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। बॉक्स ऑफिस पर इसका प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। 'बेबी जॉन' में वरुण धवन थे और 'थेरी' में थलापति विजय।

## शाहिद कपूर के पास नहीं थे कपड़े खरीदने तक के पैसे



**किराए के घर में बीता बचपन, आज करोड़ों के मालिक**

शाहिद कपूर अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने हाल ही में बॉलीवुड में अपने संघर्षों के बारे में बात की और बताया कि कैसे उनके आसपास के लोग उन्हें पीड़ित महसूस कराते थे। अनुभवी एक्टर पंकज कपूर और नीलिमा अज़ीम के बेटे होने के बावजूद, शाहिद ने खुलासा किया कि उन्हें इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। एक बातचीत में, शाहिद ने अपनी जर्नी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि कैसे वह किराए के घरों में रहते थे और मौकों की तलाश में अनगिनत ऑडिशन दिए। उन्होंने कहा, 'मेरे पिता एक कैरेक्टर एक्टर हैं और मेरी मां 15 साल की उम्र से कथक डांसर रही हैं। मैं किराए के मकान में रहता हूं। मैंने कई ऑडिशन दिए हैं, इसलिए मुझमें हक जमाने की भावना नहीं है।' बॉलीवुड में संघर्ष के अलग-अलग कारणों पर चर्चा करते हुए शाहिद ने कहा, 'कुछ लोग बीएमडब्ल्यू में संघर्ष करते हैं, वे देश के टॉप दो-तीन डायरेक्टर्स के साथ काम करके अपना करियर शुरू करते हैं। मैं आया था 250 ऑडिशन देने के बाद।' शाहिद को अक्सर उनके बेदाग फैशन सेंस के लिए सराहा जाता है। उन्होंने उस समय के बारे में भी बात की जब उनके पास कपड़े खरीदने के पैसे नहीं थे। उन्होंने कहा, 'आज लोग कहते हैं कि शाहिद का फैशन सेंस बहुत अच्छा है और कभी-कभी, मैं इस तरह की चीजों पर हंसता हूं क्योंकि मुझे याद है कि एक समय मेरे पास लोखंडवाला बाजार में कपड़े खरीदने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं थे।' शाहिद ने अपनी इमोशनल लड़ाई के बारे में भी खुलकर बात की और कहा कि वह लंबे बुरे दौर से गुजरे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं अपनी परिस्थितियों से पीड़ित महसूस करने के एक बहुत लंबे दौर से गुजरा हूं।' वर्कफ्रंट पर बता दें कि शाहिद की फिल्म 'देवा' 31 जनवरी को रिलीज होने के लिए तैयार है। इस एक्शन थ्रिलर में शाहिद देव अम्ब्रे नाम के एक पुलिसवाले का रोल कर रहे हैं।

## विक्की कौशल की 'छावा' पर बवाल





विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'छावा' 14 फरवरी को रिलीज हो रही है और इससे पहले ही विवादों में फंस गई है। हाल ही इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया, जिसमें छत्रपति संभाजी बने विक्की कौशल नाचते नजर आए। इसी पर बवाल मच गया है। ट्रेलर में एक सीक्वेंस दिखाया गया है, जहां विक्की और रश्मिका म्यूजिकल इंस्ट्रुमेंट बजाते दिख रहे हैं और साथ में नाच भी रहे हैं। लेजिम महाराष्ट्र की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा एक पारंपरिक म्यूजिकल इंस्ट्रुमेंट है। इसी के पिक्चराइजेशन को लेकर मराठा समूह नाराज हैं और मांग कर रहे हैं कि किसी तरह की गलती न हो। 'छावा' के इस सीन पर पूर्व राज्यसभा सांसद संभाजी राजे छत्रपति ने नाराजगी जताई और कहा कि लेजिम बजाते दिखाना ठीक है, पर छत्रपति संभाजी महाराज को नाचते दिखाया जाना गलत है। फिल्म बनाने के नाम पर कितनी सिनेमाई स्वतंत्रता ली जानी चाहिए, इसकी सीमाएं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, संभाजी राजे ने बताया कि उन्होंने 'छावा' के डायरेक्टर लक्ष्मण उटेकर से बात की थी। उन्होंने उनसे कहा था कि फिल्म को किसी ऐसे को दिखाएं, जो इतिहास का जानकार हो। चूंकि लक्ष्मण मराठा हैं और इसलिए चाहते हैं कि फिल्म में कोई गलती न हो। इस विवाद ने तब तूल पकड़ा, जब कुछ मराठा संगठन 'छावा' के ट्रेलर में दिखाए गए छत्रपति शिवाजी महाराज के डांस पर आपत्ति जताते हुए पुणे के ऐतिहासिक लाल महल पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। उनका तर्क था कि इस तरह के चित्रण से छत्रपति संभाजी महाराज की गरिमा कम होती है, खासकर जब यह सीन उनके राज्याभिषेक के बाद का है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि मेकर्स को यह फिल्म इतिहासकारों को दिखानी चाहिए और उनसे सलाह-मशवरा करके फिल्म में सुधार करें। अगर ऐसा नहीं किया गया तो 'छावा' को महाराष्ट्र में रिलीज नहीं होने दिया जाएगा।

यूनेस्को सम्मेलन में भारत की सफलता

# दुनिया के 31 वेटलैंड सिटी में उदयपुर शामिल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुर।** भारत ने वैश्विक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साबित करते हुए पहली बार वेटलैंड सिटी के रूप में दो शहरों को मान्यता दिलाई है। राजस्थान के उदयपुर और मध्य प्रदेश के इंदौर को यूनेस्को के रामसर सम्मेलन द्वारा वेटलैंड सिटी की सूची में शामिल किया गया है। यूनेस्को के रामसर ने झीलों के शहर उदयपुर को दुनिया की वेटलैंड सिटी में शामिल कर लिया है। दुनिया भर में अपनी झीलों की खूबसूरती के लिए विख्यात राजस्थान का उदयपुर अब दुनिया के 31 वेटलैंड मान्यता प्राप्त शहरों की सूची में शामिल हो गया है। इसके साथ ही मध्य प्रदेश के इंदौर शहर को भी इस सूची में स्थान मिला है। उदयपुर और इंदौर के शामिल होने के बाद, अब दुनिया में 31 वेटलैंड सिटी हो गए हैं। यह उपलब्धि भारत के लिए गर्व का विषय है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया पर इस ऐतिहासिक उपलब्धि की घोषणा करते हुए कहा, "मुझे यह बताते हुए खुशी है कि भारत में पहली बार मध्य प्रदेश के इंदौर और राजस्थान के उदयपुर दुनिया के 31 वेटलैंड मान्यता प्राप्त शहरों की सूची में शामिल हो गए हैं। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी को एक साथ जोड़ने के दृष्टिकोण का प्रमाण है।" भूपेंद्र यादव ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी को संतुलित करने की दृष्टि का परिणाम बताया। उन्होंने कहा, "यह उपलब्धि शहरी और ग्रामीण दोनों केंद्रों में पारिस्थितिकी संरक्षण से समझौता किए बिना हमारे शहरी क्षेत्रों के समग्र विकास पर भारत की ओर से दिए गए जोर को दर्शाती है।"

### वेटलैंड सिटी का महत्व

वेटलैंड सिटी का दर्जा उन शहरों को दिया जाता है, जो अपने जल संसाधनों, झीलों और वेटलैंड्स के संरक्षण और समग्र प्रबंधन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। यह मान्यता शहरी और ग्रामीण विकास के बीच पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### उदयपुर की वैश्विक पहचान

उदयपुर, जिसे पहले से ही "झीलों की नगरी" के रूप में जाना जाता है, ने इस मान्यता के जरिए अपनी अंतरराष्ट्रीय पहचान को और मजबूत किया है। शहर की पिछोला, फतेहसागर, और स्वरूपसागर जैसी झीलें इस उपलब्धि का आधार बनीं। उदयपुर के स्थानीय प्रशासन और समुदाय ने झीलों के संरक्षण के लिए सतत प्रयास किए हैं, जिससे यह वेटलैंड सिटी के मानकों पर खरा उतरा।

15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह

# लोकतांत्रिक राष्ट्र में मतदान बड़ी ताकत : राज्यपाल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है। उन्होंने कहा कि मतदान में इतनी ताकत है कि इससे छोटे को बड़ा किया जा सकता है और बहुत बड़े को भी छोटा किया जा सकता है। उन्होंने बगैर लालच के निर्भीक होकर मतदान में सभी को भाग लेने का आह्वान किया। बागडे शनिवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर सभी को निर्भीक और निष्पक्ष होकर मतदान करते हुए लोकतंत्र को सुदृढ़ करने की शपथ भी दिलाई। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय मूल की संस्कृति, आचार पद्धति विश्व भर में प्रेरणा देने वाली रही है। इस संस्कृति के कारण ही लोकशाही हमारे यहां आज भी जीवंत है। उन्होंने कहा कि आजादी मिलने पर चर्चिल ने कहा था कि भारत अज्ञानी देश है, यहां लोकतंत्र पनप नहीं सकेगा। पर यह हमारी मानवीय मूल्यों पर आधारित संस्कृति ही है, जिससे भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र बना। उन्होंने नए युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने और मतदान में भागीदार बनने के लिए भी प्रेरित किया।



### उत्सव के रूप में मनाने का आह्वान

- राज्य निर्वाचन आयुक्त मधुकर गुप्ता ने मतदान दिवस को उत्सव के रूप में मनाने का आह्वान किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने मतदान के महत्व की चर्चा करते हुए राजस्थान में मतदान के किए किए गए नवाचारों और मतदान दिवस के इतिहास और महत्व के बारे में विस्तार से अवगत कराया। राज्यपाल के सचिव डा. पृथ्वीराज भी इस अवसर पर मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर डा. जितेंद्र सोनी ने सभी का आभार जताया। समारोह में आदिवासी कलाकारों द्वारा "वोट तुम डारो रसिया, लोकतंत्र की सुनो पुकार मत खोना अपना अधिकार" पर नृत्य और संगीत प्रस्तुति दी।

## आईआईटी बॉम्बे को पूर्व छात्र दंपती ने दिए 95 करोड़ रुपए

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** आईआईटी बॉम्बे के पूर्व विद्यार्थी रहे एक पति-पत्नी की जोड़ी ने संस्थान को करीब 1.1 करोड़ डॉलर (94,81,17,500 रुपए) की भारी-भरकम राशि दान की है। इस मदद से संस्थान में सेमीकंडक्टर तकनीक, छात्रावासों की मरम्मत समेत बेटियों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ाने पर काम किया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 1994 बैच के बीटेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की छात्र रहे जितेंद्र मोहन और 1995 बैच की बीटेक, सिविल इंजीनियरिंग की छात्रा स्वप्ना सामंत ने अपने पूर्व संस्थान को 1.1 करोड़ डॉलर दिए हैं। उनके योगदान का प्रमुख फोकस महिलाओं और उनके काम को आगे बढ़ाने पर है। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में चेयर प्रोफेसरशिप विद्या शर्मा उनके इस काम में मदद कर रहीं हैं। यह पहल महिला वैज्ञानिक और शोधकर्ता को आगे बढ़ाने में काफी सहायक साबित होगी। इसके अलावा छात्रावास का नवीनीकरण भी किया जाएगा।




## ईडी ने पूर्व विधायक के दस ठिकाने खंगाले

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** सरकारी स्कूल के छात्रों के लिए क्रिकेट किट में किए घोटाले को लेकर बहरोड़ से निर्दलीय विधायक रह चुके बलजीत यादव पर शुक्रवार को शुरू हुई प्रवर्तन निदेशाल की कार्रवाई शनिवार को खत्म हो गई। यादव पर सरकारी स्कूलों में क्रिकेट किट खरीद के नाम पर करीब तीन करोड़ रुपये का घोटाले का आरोप है। इस संबंध में राजस्थान में भी उन पर मुकदमा दर्ज हुआ था। यादव ने एक फर्म से सांठगांठ कर 20 से 30 गुना ऊंची दरों पर क्रिकेट के सामान खरीदे। इन क्रिकेट किट को बहरोड़ के सरकारी स्कूलों में सप्लाई किया गया। गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय ने बलजीत यादव के ठिकानों पर छापे मारे। इसमें 30 लाख रुपए की नकदी जब्त हुई है। शनिवार को कार्रवाई समाप्त होने के बाद सुबह तक ईडी की टीमें लौट गईं।



सहारा लैंड स्कैम का खुलासा

## 48 करोड़ में बेची गई 110 एकड़ जमीन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुर।** उदयपुर आर्थिक अपराध अनुसंधान शाखा ने सहारा समूह से जुड़े करोड़ों रुपए के जमीन घोटाले का पर्दाफाश किया है। जांच में पाया गया कि भोपाल, कटनी और जबलपुर में सहारा समूह की 310 एकड़ जमीनों को अवैध तरीके से औने-पौने दामों पर बेचा गया। इसमें सबसे बड़ा मामला भोपाल का है, जहां 600 करोड़ रुपए मूल्य की 110 एकड़ जमीन मात्र 48 करोड़ रुपए में बेची गई। इस खुलासे के बाद उदयपुर के पीड़ित जमाकर्ताओं में आक्रोश है। इन चिटफंड कंपनियों ने लाखों लोगों की कमाई लूट ली। कई परिवार अपने सपने गंवाने के साथ-साथ आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। उदयपुर के एडवोकेट भरत कुमावत, जो लंबे समय से ठगी के शिकार लोगों के लिए काम कर रहे हैं, उन्होंने सरकार की भूमिका पर सवाल उठाए हैं।




### सख्त कार्रवाई की मांग

एडवोकेट कुमावत का कहना है कि सरकार को इन चिटफंड कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि इन कंपनियों की जब्त संपत्तियों को बाजार मूल्य पर बेचा जाए ताकि जमाकर्ताओं को उनका पैसा वापस मिल सके। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों ने कई लोगों को आत्महत्या करने पर मजबूर कर दिया।

### सरकार पर उठ रहे सवाल

पीड़ितों का आरोप है कि सरकार ऐसी कंपनियों के खिलाफ पर्याप्त कार्रवाई नहीं कर रही है। उनका कहना है कि देशभर में कई चिटफंड कंपनियां अब भी सक्रिय हैं, जो लोगों की गाढ़ी कमाई को ठग रही हैं। पीड़ितों ने सरकार से अपील की है कि जब्त संपत्तियों को उचित मूल्य पर बेचकर उनका पैसा लौटाया जाए।

टोरेस ज्वैलरी मामला

## बैंकों में जमा 21 करोड़ रुपए जब्त




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुंबई स्थित टोरेस ज्वैलरी समूह के प्रवर्तकों के ठिकानों पर छापा मारकर 21 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की बैंक जमा राशि जब्त की है। इसके अलावा ईडी ने कुछ डिजिटल उपकरण व दस्तावेज भी जब्त किए। समूह पर निवेश धोखाधड़ी के जरिये कई निवेशकों को ठगने का आरोप है। ईडी ने इस हफ्ते की शुरुआत में प्लेटिनम हर्न प्राइवेट लि. के खिलाफ मामले में मुंबई और जयपुर में 13 परिसरों पर छापा मारा था।

डबल मर्डर से दहला जयपुर

## घर में घुसकर दंपति को मारी गोली

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर में एक दंपति को घर में घुसकर गोली मार दी गई। इस वारदात में दंपति की मौत हो गई। डबल मर्डर की खबर पूरी राजधानी में आग की तरफ फैल गई। दंपति की हत्या का आरोप उसके ही पड़ोसी पर लगा है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस की टीमें उसकी तलाश में दौड़ रही हैं। लेकिन उसका अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। मामला प्रेम प्रसंग और आपसी विवाद से जुड़े होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। जानकारी के अनुसार दंपति के हत्या की यह वारदात सांगानेर सदर इलाके में शुक्रवार देर शाम को हुई। हत्या के शिकार हुए दंपति राजू राम मीणा और और आशा मीणा की उनके घर में घुसकर हत्या कर दी गई। ये लोग मूलतया कोटखावदा के रहने वाले थे। वर्तमान में सांगानेर सदर इलाक में शांति विहार में रह रहे थे।



### दंपति और आरोपी एक ही जगह करते थे काम

स्थानीय थाना पुलिस के साथ ही डीसीपी साउथ दिगंत आनंद भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर वहां सबूत एकत्र करवाए हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि राजू उसकी पत्नी आशा और आरोपी मोनू एक ही जगह काम करते थे। गोली दंपति के सिर में मारी गई है। इससे आशा की मौके पर ही मौत हो गई और राजू ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस को हत्या के आरोपी मोनू के दो-तीन मोबाइल नंबर मिले हैं। उनके आधार पर उसकी तलाश की जा रही है। मोनू मूलतया उत्तर प्रदेश के आगरा का रहने वाला है। लिहाजा उसकी तलाश में पुलिस की एक टीम आगरा भी भेजी गई है। राजूराम और आशा पहले दोनों शिकारपुर रोड स्थित कुर्ती बनाने की एक फैक्ट्री में काम करते थे। बाद में राजूराम ने वहां से काम छोड़ दिया था।

## शव यात्रा में मधुमक्खियों का तांडव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बारां।** मधुमक्खी काटती तो इंसान दर्द से बिलबिला उठता है। मधुमक्खी के काटने के बाद इंसान कुछ नहीं कर पाता है। अगर मधुमक्खियां सामूहिक रूप से किसी पर हमला कर दे तो हालात का अंदाजा लगाया जा सकता है। मधुमक्खियों के सामूहिक हमले के कई मामले सामने आ चुके हैं। शुक्रवार को बारां जिले में मधुमक्खियों के सामूहिक हमले का खौफनाक मामला सामने आया है। यहां मधुमक्खियों ने एक शव यात्रा पर धावा बोल दिया।

- अर्थी छोड़ जान बचाकर भागे लोग

# एसएफ के जांबाज 56 पदकों से सम्मानित

## 5 वीरता पदक, 5 विशिष्ट सेवा पदक

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा की प्रथम पंक्ति के रूप में भारत-पाक और भारत-बांग्लादेश सीमाओं की सुरक्षा का दायित्व संभालने वाले विश्व के सबसे बड़े सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ के कर्तव्य परायण एवं निष्ठावान सदस्यों को विभिन्न पदकों से नवाजा गया है। जवानों और अधिकारियों के विभिन्न कर्तव्यों के दौरान उनके द्वारा प्रदर्शित अनुपम साहस और शौर्य के साथ ही उनकी विशिष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के सम्मान में भारत के राष्ट्रपति द्वारा 'गणतंत्र दिवस-2025' के अवसर पर सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों व कार्मिकों को 56 पदकों द्वारा सम्मानित किया गया है। इन पदकों में 5 वीरता पदक, 5 विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और 46 सराहनीय सेवा के लिए पदक शामिल हैं।

### वीरता के लिए पदक (मरणोपरांत)

19 अगस्त 2022 को मुख्य आरक्षक गिरजेश कुमार उद्दे, त्रिपुरा के अति संवेदनशील इलाके में स्थित सीमा चौकी 'सीमना II' के इलाके के निगरानी के लिए निकली गश्त पार्टी के स्काउट का कार्य कर रहे थे। जब उनकी पार्टी सीमा चौकी सीमना II से अगले स्टैंडिंग पेट्रोल बेस की तरफ बढ़ रही थी, तभी उनकी पार्टी उग्रवादियों की भयंकर गोली-बारी की चपेट में आ गई। कई गोलियां गिरजेश को लगीं और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बावजूद उन्होंने सामरिक कौशल अपनाया और उग्रवादियों को लक्ष्य कर जवाबी कार्रवाई जारी रखी। उनकी इस जवाबी कार्रवाई से उग्रवादियों को विशेष क्षति पहुंची। इससे उन्होंने गिरजेश को एक बार फिर लक्षित किया और उनपर भयंकर फायर खोला। इस हमले से गिरजेश की न सिर्फ राइफल क्षतिग्रस्त हुई, बल्कि उनकी दाहिनी बांह और जांघ में घुसी गोलियों ने उनको मरणासन्न कर दिया। अंततोगत्वा बहादुरी से लड़ते हुए यह बहादुर सीमा प्रहरी वीरगति को प्राप्त हुआ। मुख्य आरक्षक गिरजेश की इस स्तुत्य वीरता और उच्च कोटि के रणकौशल ने न सिर्फ उग्रवादियों के इरादों पर पानी फेरा, बल्कि अपने साथियों की जीवन-रक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस बलिदानी सीमा प्रहरी की वीरता और साहस से अभिभूत राष्ट्र ने इस बहादुर सीमा प्रहरी को मरणोपरांत 'वीरता के लिए पदक' से सम्मानित किया है।



### 'वीरता के लिए पदक' (सेवा के दौरान)

निरीक्षक (जीडी) जीतू देवरी, 61 बटालियन, आरक्षक (जीडी) रतन कुमार योगी, 75 बटालियन, आरक्षक (जीडी) अवधेश कुमार यादव, 123 बटालियन, संयुक्त राष्ट्र मिशन, कांगो (आईएनडीएफपीयू-2), 61 बटालियन बीएसएफ के इंस्पेक्टर जीतू देवरी, 75 बटालियन बीएसएफ के कांस्टेबल रतन कुमार योगी और 123 बटालियन बीएसएफ के कांस्टेबल अवधेश कुमार यादव डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) के सीओबी बुटेम्बो में तैनात इंडियन फोर्मेड पुलिस यूनिट-II (IND-FPU-2) MONUSCO के अधीन 15वें रोटेशन का हिस्सा थे। INDFPU-2 की उनकी प्लाटून को संयुक्त राष्ट्र प्रतिष्ठानों और कर्मियों की सुरक्षा संभालने के लिए बुटेम्बो भेजा गया था। 26 जुलाई 2022 को, 500 से अधिक प्रदर्शनकारियों की एक हिंसक भीड़ ने सीओबी बुटेम्बो को घेर लिया और पत्थरों और मोलोटोव कॉकटेल (पेट्रोल बम) से सीओबी बुटेम्बो पर हमला कर दिया। INDFPU के सदस्यों के जीवन पर खतरे को भांपते हुए इंस्पेक्टर जीतू देवरी ने परिसर में घुसपैठ करने वाले विद्रोहियों की गोलीबारी का समाना करते हुए एक पॉइंट से दूसरे सुरक्षा पॉइंट पर जाकर अपने सैनिकों को तैनात किया। बाद में उन्हें 38 निहत्थे संयुक्त राष्ट्र कर्मियों को सीओबी से बुटेम्बो हवाई अड्डे तक निकालने का काम सौंपा गया जिन्हें आगे बेनी तक एयरलिफ्ट करना था। इंस्पेक्टर जीतू देवरी ने निहत्थे संयुक्त राष्ट्र कर्मियों को निकालने के लिए तीन बख्तरबंद वाहनों में दो टीम (क्यूआरटी) बनाई। 8 किमी लंबी यात्रा के दौरान कई सड़क अवरोधों को पार करते हुए और छोटे हथियारों की भारी गोलीबारी के साथ-साथ टीम पर मोलोटोव कॉकटेल का सामना करते हुए, इंस्पेक्टर जीतू देवरी की पार्टी ने संयुक्त राष्ट्र कर्मियों को सफलतापूर्वक निकाला। 75 बटालियन बीएसएफ के कांस्टेबल रतन कुमार योगी और 123 बटालियन बीएसएफ के कांस्टेबल अवधेश कुमार यादव निकासी टीम में अग्रणी थे। इन दोनों ने संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों की जान बचाने और बुटेम्बो हवाई अड्डे तक उनको पहुंचाने में अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना अनुकरणीय साहस और कर्तव्य के प्रति समर्पित प्रदर्शन किया। विद्रोहियों की गोलीबारी का मुकाबला करने, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों की जान बचाने और उनकी निकासी को सुविधाजनक बनाने में बल कार्मिकों की कार्रवाई, दृढ़ संकल्प, साहस और बहादुरी के लिए, इन तीनों कर्मियों को वीरता पदक (जीएम) से सम्मानित किया गया है।

## आईटीबीपी के 16 अधिकारी और जवानों को सम्मान

**नई दिल्ली।** 76वें गणतंत्र दिवस पर आईटीबीपी के 16 पदाधिकारियों को पदकों से अलंकृत किया जाएगा। तीन को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक एवं 13 पदाधिकारियों को सराहनीय सेवा के लिए पदकों से अलंकृत किया गया है। सीआरपीएफ को वीरता के लिए 19 पदक (जीएम) प्रदान किए गए। इन 19 वीरता पदकों में 11 जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशन के लिए, 7 वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में माओवादी विरोधी अभियानों में बहादुरी के कृत्यों के लिए और एक पूर्वोत्तर में एक ऑपरेशन के दौरान दिखाए गए साहस के लिए शामिल है। आईटीबीपी में विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक से विभूषित किए गए तीन पदाधिकारियों में क्ले खोंगसाई, महानिरीक्षक, संजय कुमार कोठारी, उप महानिरीक्षक (जीडी) और सुदेश कुमार राना शामिल हैं।

- सीआरपीएफ को वीरता के लिए 19 पदक

### सीआरपीएफ को 19 पदक

सीआरपीएफ को वीरता के लिए 19 पदक (जीएम) प्रदान किए गए हैं। इन 19 वीरता पदकों में 11 जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशन के लिए, 7 वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में माओवादी विरोधी अभियानों में बहादुरी के कृत्यों के लिए और एक पूर्वोत्तर में ऑपरेशन के दौरान दिखाए गए साहस के लिए शामिल है। वीरता पदक (जीएम) पुरस्कार विजेताओं में नरेंद्र यादव, सेकेंड इन कमांड, और दो अन्य अधिकारी जिन्हें जीएम के लिए प्रथम बार (वीरता पदक दूसरी बार प्रदान किया गया) से सम्मानित किया गया है। कांस्टेबल सुनील कुमार पांडे को वीरता पदक (मरणोपरांत) से सम्मानित किया गया है।

